वर्ष- 12 अंक - 290
लखनऊ, गुरुवार 12 जून, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से खड़ी है : केशव मौर्य 03

शिक्षकों की पुरानी पेंशन के लिए सीएम से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ 04


### मुख्यमंत्री योगी ने शुकतीर्थ मुजफ्फरनगर में विशाल संत समागम और सत्संग कार्यक्रम को किया संबोधित

# संतों ने समाज को दिखाई एकता की राह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। साथ ही सम-विषम परिस्थितियों में लड़ने की प्रेरणा देती है। स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज दिव्य संत थे। उन्होंने शुकतीर्थ में सतगुरु रविदास महाराज की प्रेरणा को आगे बढ़ाने का कार्य किया।




### कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि व सतगुरु समनदास महाराज की पुण्य स्मृति में किया गया आयोजित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शुकतीर्थ मुजफ्फरनगर में विशाल संत समागम और सत्संग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था, विदेशी आक्रांता भारत की धर्म और संस्कृति को रौंद रहे थे। उस समय ज्योति के पुंज के रूप में काशी के सीरगोवर्धन में सतगुरु रविदास महाराज का अविर्भाव होता है। उन्होंने कर्मसाधना के माध्यम से जो प्रेरणा दी, वह आज भी देश व हर श्रद्धालु के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। पवित्रता व निर्मलता का प्रतीक है रविदास महाराज का कथनसतगुरु रविदास महाराज ने सामाजिक आडंबर व कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक किया। कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। आध्यात्मिक चेतना का जागरण किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा.. सतगुरु रविदास का कथन जीवन में आंतरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की नई प्रेरणा दी। संत रविदास महाराज के गुरु संत रामानंद महाराज ने कहा था कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई...। प्रधानमंत्री ने संत रविदास की बातों को अक्षरशः लागू कियामुख्यमंत्री ने संत रविदास के कथन की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी वाणी अत्यंत दिव्य थी। रविदास ने कहा था, मैं तब प्रसन्न रहूंगा, जब बिना भेदभाव सबको समान अधिकार व अन्न मिलेगा। संत रविदास की इन बातों को प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के माध्यम से इसे अक्षरशः लागू किया।

### अच्छा करने के लिए सोच भी होनी चाहिए अच्छी : योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुकतीर्थ पौराणिक तीर्थ है। यह भागवतभूमि है। पांच हजार वर्ष पहले शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत की पहली कथा इस धाम पर सुनाकर भक्ति, ज्ञान, मुक्ति के महत्व की प्रेरणा बताई थी। मां गंगा भारत के सनातन धर्म परंपरा की अविरल धारा है, जो सम–विषम परिस्थितियों में उद्धार का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया का कोई मत, मजहब और संप्रदाय बताए कि पांच हजार वर्ष का इतिहास कितने लोगों का है। यह दावा केवल आप कर सकते हैं। जिसके उत्तराधिकारी आप और वाहक संतजन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगली बार समनदास आश्रम के सामने सतगुरु रविदास व संत समनदास महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, पार्किंग, सुंदरीकरण और सत्संग सभागार की स्थापना करेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान भिक्षुक दास व समनदास महाराज ने सतगुरु रविदास के मिशन को आगे बढ़ाया है। सरकार के गरीब कल्याण के कार्यों को गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन का कारण बनी सुविधाएं सतगुरु रविदास की प्रेरणा से संभव हो पाईं।

## भारत के बुनियादी ढांचे का विकास जीवन को बना रहा आसान : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पिछले 11 वर्षों में किए गए बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए बुधवार को कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन को आसान' बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी सरकार के 10 जून को अपने तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष, यानी कुल 11 वर्ष पूरे करने के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे में भारत की उत्कृष्ट प्रगति पर जोर दिया - रेलवे, राजमार्गों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक - जिससे बेहतर कनेक्टिविटी, आर्थिक विस्तार और नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने और समृद्धि में वृद्धि हुई है। श्री मोदी ने लिखा, ये बुनियादी ढांचागत विकास के 11 वर्ष रहे हैं, जिसमें उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे को खड़ा किया गया है जिसने भारत के विकास प्रक्षेपवक्र को बढ़ाया है। रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा इंफ्रा नेटवर्क 'जीवन को आसान बनाने' और समृद्धि को बढ़ाने में मदद कर रहा है।



### पीएम से मिलने वाले मंत्रियों को कराना होगा आरटी-पीसीआर

नई दिल्ली। देश में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए आरटी–पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। देशभर में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 7121 पहुंच गई है। 24 घंटे में 300 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 केस हैं।

## संक्षिप्त समाचार

**जवानों को गंदगी भरा ट्रेन सेट देने में चार अफसर निलंबित**

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों के लिए पुराना एवं गंदगी भरा ट्रेन सेट उपलब्ध कराने पर कड़ी कार्रवाई की है और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। श्री वैष्णव ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई की गई है। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिये गये हैं।

**मो. आरिफ एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के डिप्टी सीईओ नियुक्त**

**मुंबई।** साधारण बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने श्री मोहम्मद आरिफ खान को डिप्टी मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि श्री खान एक अनुभवी बैंकिंग पेशेवर हैं, जिन्होंने भारतीय स्टेट बैंक में 25 वर्षों से अधिक समय तक विशिष्ट सेवा की है। वे बैंकिंग अव वित्तीय सेवाओं में रणनीतिक और परिचालन डोमेन की एक विस्तृत श्रृंखला में विशेषज्ञता और अनुभव है।

**लक्ष्मण सिंह छह वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश से पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर ने बताया कि श्री सिंह को पार्टी विरोधी गतविधियों के कारण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सेतत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। श्री सिंह गांधी परिवार के खिलाफ विवादित बयान देने के कारण पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं।

**मुंबई में 52 करोड़ की ड्रग बरामद, छह तस्कर गिरफ्तार**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के एंटी–नारकोटिक्स सेल ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 52 करोड़ रुपये की ड्रग सहित 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक ब्रिटिश नागरिक भी शामिल है, जो इस गिरोह का सरगना है।

## आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन पर एक और मुकदमा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** निलंबित आईएएस अफ्सर अभिषेक प्रकाश के करीबी और जेल में बंद कारोबारी निकांत जैन की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। अब उनके खिलाफ लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में एक और मुकदमा दर्ज हो गया है।

मामला इंडियन बैंक से 4 करोड़ रुपये के लोन घोटाले से जुड़ा है। निकांत जैन पर गोमतीनगर और वजीरगंज थाने में पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं। मेरठ और एटा में रिपोर्ट दर्ज है। इंडियन बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक आशीष जिंदल की तहरीर पर निकांत जैन, उनके भाई सुकांत जैन और वैशाली जैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 409, 420, 465 के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। एफआईआर में आरोप है कि 2017 में इन लोगों ने एसएसजे एग्रोटेक फर्म के नाम पर लोन के लिए आवेदन किया था। लोन लेने के लिए सरोजनीनगर और बाराबंकी की जमीनों को गिरवी रखा था और इसके आधार पर 4 करोड़ रुपये का लोन ले लिया था। इसके बाद 2018 में उन्नाव स्थित जमीन गिरवी रखने के लिए आवेदन किया था।

**▸ इंडियन बैंक से चार करोड़ के लोन घोटाले से जुड़ा है मामला**

## आने वाले दिनों में प्रचंड गर्मी होने के आसार : अध्ययन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के सभी प्रमुख शहर इन दिनों भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और आगामी दिनों में प्रचंड गर्मी होने के आसार हैं।

आईपीई ग्लोबल और एसरी इंडिया के एक अध्ययन के अनुसार, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, सूरत, ठाणे, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरी क्षेत्रों में 2030 तक गर्मी के दिनों की अवधि में दोगुनी वृद्धि होने का अनुमान है। नयी दिल्ली में ग्लोबल-साउथ क्लाइमेट रिस्क सिम्पोजियम में पेश रिपोर्ट 'वेदरिंग द स्टॉर्म मैनेजिंग मॉनसून इन ए वार्मिंग क्लाइमेट' आने वाले वर्षों के लिये एक गंभीर तस्वीर पेश करती है, क्योंकि भारत अब तेजी से परिवर्तनशील जलवायु के चरम से जूझ रहा है। भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि देखी गयी, जबकि पिछले दशक में इसमें 19 गुना वृद्धि हो चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक चलने वाली ये गर्मी अब अनियमित और तीव्र वर्षा की ओर ले जा रही है, जिससे 2030 तक देश के 80 प्रतिशत जिलों में बारिश होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल में जलवायु प्रमुख अविनाश मोहंती ने चेतावनी देते हुये कहा, परिवर्तन की गति और पैमाने अभूतपूर्व हैं। हम देख रहे हैं कि मानसून लंबी गर्मियों जैसी स्थितियों में बदल रहा है, जिससे बारिश अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है। इस स्थिति को संभालना मुश्किल है और इससे उबरना और भी मुश्किल है। वर्ष 2030 तक टियर-। और टियर-2 के 72 प्रतिशत शहरों में बार-बार गर्मी, भयंकर बारिश, बिजली के तूफान और यहां तक कि ओलावृष्टि भी होने का अनुमान है। विशेषतौर पर तटीय जिले गंभीर खतरे में हैं। यहां लगभग 70 प्रतिशत लोगों को मानसून के दौरान भी गर्मी जैसी स्थितियों का ही सामना करना पड़ सकता है। यह प्रतिशत वर्ष 2040 तक 79 प्रतिशत तक हो सकता है।

## कोडरमा-बरकाकाना, बल्लारी-चिकजाजुर रेलमार्गों के दोहरीकरण को मिली मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने झारखंड में कोडरमा-बरकाकाना और कर्नाटक में बेल्लारी-चिकजाजुर की करीब 318 किलोमीटर की रेलवे लाइनों के दोहरीकरण को आज मंजूरी दे दी जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये आएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के निर्णय को मंजूरी दी गयी। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये रेल परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पहली परियोजना 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण की है जो झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसके अलावा, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक व्यावहारिक रेल संपर्क है। उन्होंने कहा कि दूसरी परियोजना 185 किलोमीटर बेल्लारी-चिकजाजुर रेल लाइन के दोहरीकरण की है।

## यूपीएससी 2025 प्रीलिम्स रिजल्ट हुआ जारी

**लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रीलिम्स परीक्षा 2025 का परिणाम जारी हो गया है। आयोग ने 11 जून 2025 (बुधवार) को शाम 7 बजे के करीब रिजल्ट की घोषणा कर दी। 25 मई 2025 को आयोजित इस परीक्षा में जो भी कैंडिडेट उपस्थित हुए थे वह रिजल्ट के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर विजिट करें। यूपीएससी की सिविल सेवा प्रीलिम्स परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास कर गए हैं वह मेन्स के लिए क्वालीफाई हुए हैं। कुल 14161 उम्मीदवार मेन्स परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट हुए हैं। यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के प्रश्नपत्र में दो वस्तुनिष्ठ प्रकार के पेपर शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक दो घंटे की अवधि का था।




चार चोरियों का खुलासा

# पांच गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




निघासन कोतवाली पुलिस ने चार अलग-अलग चोरियों का पर्दाफाश कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पांच चोरों को गिरफ्तार करते हुए लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और नगदी बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक किशोर सहित चार बालिग शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी महक शर्मा व प्रभारी निरीक्षक महेश चन्द्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार तिवारी, राजेश कुमार सिंह, अर्जुन कुमार, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार मिश्रा, कांस्टेबल अंकित कुमार, जाबिर हुसैन, सलमान खान व अतुल कुमार की टीम ने ग्राम खैरहनी से दौलतापुर मार्ग के पास स्थित एक बगीचे में दबिश देकर सभी आरोपियों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अरुण कुमार पुत्र अखिलेश कुमार, दिलेराम पुत्र मुन्नालाल, ओमवीर पुत्र मुनेश, अक्षय पुत्र मेलाराम और एक नाबालिग शामिल है। सभी आरोपी ग्राम खैरहनी, थाना निघासन के निवासी हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से करीब रु.49,500 नकद और सफेद-पीली धातु की कर्धनी, पायल, चेन, मटर माला, टप्स, झुमका, नथ, अंगूठी, मंगलसूत्र सहित लाखों रुपये कीमत के आभूषण बरामद किए हैं। इन सभी चोरियों की घटनाएं ग्राम खैरहनी और हरिपुरवा क्षेत्र में हुई थीं।

> क्षेत्राधिकारी महक शर्मा ने बताया कि सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। वहीं पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान सतत जारी रहेगा।

जांच में सामने आया कि जुलाई 2024 में हरद्वारी लाल पाण्डेय, मई 2025 में अंजनी कुमार, शारदा प्रसाद और दिलीप कुमार के घरों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। प्रारंभ में सभी मामले अज्ञात के विरुद्ध दर्ज थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता और तफ्तीश के चलते चोरों की पहचान संभव हो सकी।

# प्राथमिक विद्यालय से एलईडी व साउंड सिस्टम चोरी, प्रधानाचार्य ने कोतवाली में दी तहरीर

**मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली मितौली क्षेत्र के ग्राम खंजन नगर स्थित अंगने पुरवा के प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एलईडी टीवी एवं साउंड सिस्टम चोरी कर लिया। चोरी की इस घटना से विद्यालय प्रबंधन सहित ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा कोतवाली मितौली में प्रार्थना पत्र देकर दी गई। प्रधानाचार्य के अनुसार, विद्यालय की रसोइया एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सबसे पहले चोरी की जानकारी दी। सूचना मिलने पर प्रधानाचार्य मौके पर पहुंचे तो देखा कि विद्यालय से एलईडी टीवी और साउंड सिस्टम गायब था। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दी, जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।प्रधानाचार्य ने कोतवाली मितौली प्रभारी को तहरीर देकर घटना के शीघ्र अनावरण की मांग की है। प्रधानाचार्य का कहना है कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए उपयोग होने वाला यह सामान काफी महत्वपूर्ण था और इसकी चोरी से शैक्षिक गतिविधियों पर असर पड़ेगा। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मितौली ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि घटना की जांच की जा रही है और शीघ्र ही चोरी का अनावरण कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### आज से गोला, फरधान रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निर्माण कार्य को 30 जून की मध्यरात्रि तक आवागमन बंद

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** वर्तमान में एनएच-730 पर स्थित गोला एवं फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, कार्य को कराये जाने हेतु वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से 12 जून 2025 को प्रात: 08:00 बजे से 30 जून 2025 की मध्य रात्रि तक बंद किया जा रहा है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय खंड शुभ नारायण ने दी। इस दौरान वाहनों के रूट डायवर्जन का विवरण इस प्रकार से है। समस्त वाहन, जो बहराइच - नानपारा से पीलीभीत-बरेली की ओर आने-जाने वालेवाहनों को जिला लखीमपुर-खीरी के एन एच पर स्थित मनिकापुर तिराहे से होते हुये एम डी आर-86 लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग से सिकंदराबाद चौराहे से होते हुये एम डी आर-76 सिकंदराबाद-गोला मार्ग की ओर मोड़ा जायेगा, जहाँ से वाहन एन एच-730 गोला पर निकलेंगे।

### मोहम्मदी के किसानों ने सीखी गन्ने की उन्नत खेती की तकनीक



**अमीरनगर खीरी।** भ्रमण कार्यक्रम के तहत बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड यूनिट- कुम्भी में बुधवार को क्षेत्र मोहम्मदी के 50 किसानों ने भ्रमण किया । यह भ्रमण कुम्भी चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम धौरहरा,दुगणहा तथा ऐंठापुर में सम्पन्न हुआ जहां किसानों ने एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक भ्रमण करते हुए उन्नत तकनीकों से की जा रही। गन्ने की खेती को प्रत्यक्ष रुप से देखा। इस दौरान आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) शचन्द्रहास विकल ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जगपाल सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक तथा गन्ना प्रबंधक मनीष सिंह बघेल एवं उप प्रबंधक रामसागर मौर्य वरिष्ठ अधिकारी राजीव शर्मा , भानु प्रताप शर्मा ,सुनील कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। किसानों ने अन्य प्रगतिशील किसानों के खेतों में गन्ना प्रजाति को. 15023, को.लख.-14201, को.- 0118, को.सा.- 13235, एवं को.लख.- 16202 किस्मो की पैदावार के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष ने किया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से 12 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गोला देहात की ग्राम पंचायत स्थित अमृत सरोवर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने किया। कार्यक्रम के दौरान आम, पीपल, बरगद, गूलर सहित कई छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने कहा, बाग-बगीचों और वनों के अंधाधुंध कटान के कारण हरियाली तेजी से समाप्त हो रही है, जिससे वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, खेत या सार्वजनिक स्थलों पर कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और छाया मिल सके। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उनके साथ जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, नगर मंत्री विकास कनौजिया, नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, विक्रम सिंह, शिवम सिंह, पवन कुमार, हिमांशु कुमार, शैंकी कुमार, रोहित सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लालपुर में बाढ़ नियंत्रण के तहत नाले की कराई गई सफाई, ग्रामीणों ने जताया आभार



**निघासन (खीरी)।** ग्राम पंचायत लालपुर में बाढ़ की आशंका को देखते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के प्रयासों से नाले की सफाई कराई गई। मानसून पूर्व की यह पहल जहां आने वाली बारिश में जलभराव से राहत दिलाएगी, वहीं गांव की सड़कों और खेतों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने खुद मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया और श्रमिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से नाले की पूरी गाद निकालकर पानी के सुचारु बहाव की व्यवस्था की गई। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से यह नाला गंदगी और अतिक्रमण की चपेट में था, जिससे बारिश के दौरान पानी का बहाव रुक जाता था और खेतों में जलभराव की स्थिति बन जाती थी। इस कार्य से प्रसन्न होकर स्थानीय ग्रामीणों ने प्रधान प्रतिनिधि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम समय रहते उठाया गया है, जिससे संभावित बाढ़ से बचाव संभव हो सकेगा। ग्रामवासियों ने प्रशासन से भी अनुरोध किया कि इस प्रकार की सफाई कार्य समय-समय पर कराए जाएं, जिससे गांव बाढ़ जैसी आपदा से सुरक्षित रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि गांव की सुरक्षा और विकास उनकी पहली प्राथमिकता है, और आगे भी ऐसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे।

### बिजली संकट से बेहाल ग्रामवासी, जिम्मेदार बने मूकदर्शक



**बेलराया खीरी।** जून की तपिश और उमस भरी रातों में जहां लोगों को राहत देने के लिए बिजली सबसे जरूरी है, वहीं तिकुनिया पावर हाउस की चरमराई व्यवस्था ने क्षेत्र की जनता को बेहाल कर रखा है। रात 9 बजे के बाद बिजली आंख-मिचौली खेलना शुरू कर देती है। अघोषित बिजली कटौती ने ग्रामीणों की परेशानियों को चरम पर पहुंचा दिया है। क्षेत्र के ग्रामीणों को रोजाना 6 से 10 घंटे तक बिजली गुल रहने की समस्या झेलनी पड़ रही है। इसकी कोई पूर्व सूचना भी नहीं दी जाती। इससे न सिर्फ आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि किसानों की फसलों की सिंचाई भी बाधित हो रही है। छात्र गर्मी और अंधेरे में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, वहीं घरेलू कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद पावर हाउस के अधिकारी और बिजली विभाग के कर्मचारी समस्या के समाधान में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अधिकारियों पर आरोप है कि वे ग्रामीणों की शिकायतों का मजाक उड़ाते हैं और टालमटोल करते हैं। तार और ट्रांसफार्मर खराब होने पर मरम्मत में कई-कई दिन लग जाते हैं, जिससे नाराजगी और बढ़ रही है। बिजली संकट से बेलरायां, लालापुर, लाला पुरवा, भूलनपुर, भेड़ोरी, गंगानगर, दीपनगर, कड़िया, बेलापरशुवा सहित दर्जनों गांव प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर समस्या पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे उनकी नाराजगी बढ़ती जा रही है। हालांकि, बेलरायां क्षेत्र में जब कभी लाइन या ट्रांसफार्मर खराब होता है, तो संदीप पांडे के नेतृत्व में मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूरा कर दिया जाता है, जिससे वहां के लोगों को कुछ राहत मिलती है। ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था में सुधार, नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने पर विवश होंगे।

# 168 लोगों ने किया रक्तदान




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** स्वर्गीय सरदार सुरेंद्र सिंह भाटिया जी की स्मृति में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा गोला में भाटिया परिवार एवं शहीद भगत सिंह निस्वार्थ सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक कुलजीत सिंह भाटिया ने बताया कि पिछले वर्ष 92 लोगों ने रक्तदान किया था, जबकि इस वर्ष 168 लोगों ने रक्तदान कर एक नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने बताया कि इस बार युवाओं और सामाजिक संगठनों की बढ़-चढ़कर सहभागिता रही। इस अवसर पर गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरि, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, कुलजीत सिंह भाटिया, जसपाल सिंह पाली, अनिल जलोटा, मनदीप सिंह, प्रियंकल जलोटा, प्रिंस, सिमर सिंह, आयुष भारती, साहिल, इमरान ख़ान समेत नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने रक्तदान कर आयोजन को सफल बनाया।

# दैवी आपदा में टूटा घर, योजना स्वीकृत, फिर भी नहीं मिला आवास

> सचिव पर रु. 20,000 रिश्वत न देने पर फाइल अटकाने का आरोप

**ईसानगर (लखीमपुर-खीरी), समृद्धि न्यूज़।**




दैवी आपदा के बाद मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्र घोषित किए गए एक गरीब परिवार को अब तक घर नहीं मिल सका है। आरोप है कि ग्राम सचिव ने रु. 20,000 की रिश्वत मांगी और पैसे न देने पर फाइल रोक दी गई। पीड़ित ने अब शपथ पत्र सहित जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है।

मामला विकास खंड ईसानगर के ग्राम पंचायत सुर्जनपुर मजरा ग्राम मिदनियां, परगना फिरोजाबाद, तहसील धौरहरा, थाना खमरिया का है। यहां निवासी अखिलेश कुमार पुत्र पैकरमा का मकान वर्ष 2023-24 में प्राकृतिक आपदा में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद राजस्व विभाग की रिपोर्ट पर इन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र घोषित किया गया, और परियोजना निदेशक के हस्ताक्षर सहित स्वीकृति पत्र भी जारी कर दिया गया। लेकिन आज तक न तो आवास का निर्माण शुरू हुआ और न ही कोई धनराशि जारी की गई। प्रार्थी अखिलेश का आरोप है कि ग्राम सचिव सुरेंद्र कुमार ने ?20,000 की मांग की, यह कहकर कि बिना ऊपर तक कमीशन पहुंचाए काम नहीं होगा। पैसे न देने पर उन्हें बार-बार ब्लॉक व जिला मुख्यालय भेजा गया।

> मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार सिंह ने आवासीय योजना से जुड़ी शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए तत्काल संज्ञान लिया। जैसे ही मामला सीडीओ के संज्ञान में आया, उन्होंने परियोजना निदेशक को तत्काल कार्यालय में बुलाया और शिकायत के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीडीओ ने शिकायतकर्ता को भी अगले दिन परियोजना निदेशक से मिलने के निर्देश दिए हैं, ताकि दोनों पक्षों की बात सुनकर समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# जमीनी विवाद में किसान गंभीर रूप से घायल, चार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

> तीन आरोपी भेजे गए जेल, किसान यूनियन के नेताओं ने पुलिस पर पक्षपात का लगाया आरोप

जमीनी विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया, जब खेत जोतने को लेकर उपजे विवाद में एक युवक पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया। घटना में कुलविंदर सिंह नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में साहब सिंह समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। खैरटिया गांव निवासी पलविंदर सिंह अपने छोटे भाई कुलविंदर सिंह के साथ 9 जून सुबह करीब 8 बजे खेत पर कार्य कर रहा था। तभी खमरिया कोईलार निवासी लवजीत सिंह अपने स्वराज ट्रैक्टर के साथ खेत जोतने पहुंच गया। जब कुलविंदर सिंह ने इसका विरोध किया और पंचायत के निर्णय तक इंतजार करने को कहा, तो लवजीत ने फोन कर अपने चाचा गुर साहब सिंह को मौके पर बुला लिया। थोड़ी ही देर में गुर साहब सिंह अपने साथियों सतपाल सिंह व जगदीप सिंह के साथ एक स्विफ्ट कार व एक अन्य ट्रैक्टर से मौके पर पहुंचे। आरोप है कि सभी लोगों ने गाली-गलौज करते हुए कुलविंदर सिंह पर हमला कर दिया और उसे ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की। ट्रैक्टर के नीचे आने से युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना के दौरान पलविंदर सिंह चीखता रहा और ग्रामीणों से मदद की गुहार लगाई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिससे हमलावर भाग निकले। घायल अवस्था में कुलविंदर सिंह को जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी लेजाया गया, बताया जा रहा है उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मंगलवार को रात बड़ी संख्या में तिकुनिया कोतवाली पहुंच गए और थाने का घेराव कर दिया। यूनियन के नेताओं का आरोप है कि पुलिस ने राजनीतिक दबाव में आकर उनके पदाधिकारी साहब सिंह को भी नामजद कर जेल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि यह मामला आपसी सहमति और बातचीत से सुलझाया जा सकता था, लेकिन पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की है। तिकुनिया कोतवाल अमित सिंह ने बताया कि प्रकरण में पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर, तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बेजुबानों के लिए सराहनीय पहल: एसडीएम ने पक्षियों के लिए की दाना-पानी की व्यवस्था

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल के अवसर पर जहां एक ओर क्षेत्रभर में भंडारे और धार्मिक आयोजन हो रहे थे, वहीं भीषण गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। इस चिलचिलाती धूप और तेज तापमान को देखते हुए उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने एक मानवीय और पर्यावरणीय पहल करते हुए मंगलवार को तहसील परिसर में पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था कर मिसाल पेश की। एसडीएम राजीव निगम ने कहा, ÷पक्षियों समेत सभी बेजुबानों को भी गर्मी में तकलीफ होती है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि अपने घरों की छतों और आस-पास के स्थानों पर उनके लिए पानी व दाने की व्यवस्था करें। यह न केवल एक सामाजिक कर्तव्य है, बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिए भी आवश्यक है। इस अवसर पर तहसील परिसर में अधिवक्ता व तहसील स्टाफ भी मौजूद रहे और सभी ने एसडीएम की इस पहल की सराहना की। उन्होंने इसे प्रेरणादायक कदम बताते हुए इसे जनजागरूकता का माध्यम माना। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हर व्यक्ति इसी तरह अपने स्तर से छोटे-छोटे प्रयास करे, तो पक्षियों और अन्य जीवों के लिए गर्मी का यह कठिन दौर थोड़ा आसान हो सकता है। इस नेक कार्य से न सिर्फ पर्यावरण को संबल मिलेगा बल्कि इंसानियत का चेहरा भी और निखर कर सामने आएगा।

## प्राचीन पीपल का पेड़ काटा गया



**उचौलिया (खीरी)।** बनकागांव में अराजक तत्वों ने एक प्राचीन और विशाल पीपल के पेड़ को जड़ से उखाड़ दिया, जिससे गांव में आक्रोश और तनाव का माहौल बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह पीपल का पेड़ न सिर्फ विशाल था, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत पूजनीय माना जाता था। वर्षों से गांव के लोग इस पेड़ की पूजा करते आ रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पेड़ गांव की पहचान था और इसकी छांव तले धार्मिक आयोजन भी होते रहते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में एक परिवार में शादी समारोह का आयोजन होना है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी आयोजन के लिए जगह बनाने की नियत से कुछ लोगों ने साजिश रचकर रात के अंधेरे में इस पेड़ को गिरा दिया। अराजक तत्वों ने पहले पेड़ के चारों ओर से मिट्टी हटाई और फिर ट्रैक्टर की मदद से रस्सियों से बांधकर पीपल के पेड़ को जड़ से उखाड़ फेंका। घटना के बाद से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि इस प्राचीन वृक्ष को गिराकर धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है। सूचना मिलने पर वन विभाग हरकत में आया। वन दरोगा राजेश कुमार ने बताया कि विभागीय टीम मौके पर पहुंच चुकी है और प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह काम कुछ अराजक तत्वों द्वारा जानबूझकर किया गया है। फिलहाल विभागीय कार्रवाई जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# अंगूठा लगवाने के बावजूद दो महीने से नहीं मिला राशन, ग्रामीणों में आक्रोश

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

खीरी ज़िले के उचौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर ग्रन्ट में कोटेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान हैं। आरोप है कि कोटेदार ग्रामीणों से अंगूठा लगवाने के बावजूद पिछले दो महीनों से राशन वितरण नहीं कर रहा है। इस अनियमितता के खिलाफ अब गांव के लोग आवाज़ उठाने लगे हैं। सरकार भले ही राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार रोकने के लिए तमाम योजनाएं चला रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अभी भी जस की तस बनी हुई है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते गल्ले की दुकानों पर संचालकों द्वारा राशन वितरण में धांधली आम बात हो गई है। कोटेदार कार्डधारकों से अंगूठा लगवाकर उन्हें टरकाते रहते हैं, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोग बार-बार चक्कर काटने को मजबूर हैं। विश्व हिंदू परिषद जिला गौ रक्षा प्रमुख नितिन राय ने बताया कि मई महीने में गांव में आयोजित होने वाले धार्मिक कीर्तन और भंडारे के लिए कई ग्रामीणों ने कोटे से मिलने वाले राशन को दान स्वरूप देने की बात कही थी। इन लोगों ने कोटेदार के पास जाकर अंगूठा लगवाया और कहा कि जब भंडारे की कमेटी के सदस्य आएं, तो उन्हें राशन दे दिया जाए। लेकिन कोटेदार ने न तो उस समय राशन दिया और न ही बाद में कोई संतोषजनक जवाब दिया। नितिन राय के अनुसार, यही स्थिति जून महीने में भी रही। कोटेदार ने कई कार्ड धारकों से अंगूठा तो लगवा लिया, लेकिन राशन देने में लगातार टालमटोल करता रहा। इससे ग्रामीणों में गहरा रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधे तौर पर गरीबों के हक पर डाका डालने जैसा है। कोटेदार की मनमानी से परेशान होकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि शासन-प्रशासन इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करेगा और दोषी कोटेदार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**विधायक ने दिया सख्त निर्देश**

वहीं, जब मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह क्षेत्रीय भ्रमण पर पहुंचे तो गांव के लोगों ने मौके पर ही उनसे कोटेदार की शिकायत की। शिकायत सुनने के बाद विधायक ने तुरंत मौके से ही फोन कर कोटेदार को सख्त हिदायत दी कि राशन का वितरण सही ढंग से और पारदर्शिता के साथ किया जाए। विधायक ने आश्वासन दिया कि यदि इसके बाद भी शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।

# आईटीएम कॉलेज में हमारा परिवार गोरखपुर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

**सहजनवां, गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**



इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम), गोरखपुर एवं हमारा परिवार गोरखपुर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्रातः 10:00 बजे संस्थान के सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, हमारा परिवार के संस्थापक डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ पी के मिश्रा एवं संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई। शिविर का संयोजन डॉ. पवन कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से हमारा परिवार के संस्थापक डॉ. सुरेन्द्र कुमार, सचिव श्री श्याम बिहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव श्री अनुज अग्रवाल, अध्यक्ष श्री नीरज मातनहेलिया तथा कोषाध्यक्ष श्री निकुंज मातनहेलिया सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। सचिव श्री श्याम बिहारी अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ब्लड बैंक टीम का आभार प्रकट करते हुए इस आयोजन के लिए बधाई दिया। इस अवसर पर सीआईडीसी के वरिष्ठ निदेशक डॉ. पी. के. मिश्रा ने कहा, रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है। युवाओं की भागीदारी इस सामाजिक जिम्मेदारी को एक नई दिशा देती है। आईटीएम निदेशक डॉ. एन. के. सिंह ने कहा, आईटीएम केवल शिक्षा के क्षेत्र में नहीं, अपितु सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सेवा और मानवीय मूल्यों से जोड़ते हैं। संस्थापक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने कहा, हमारा परिवार समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करना चाहता है और यह रक्तदान शिविर उसी दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य ब्लड बैंक टीम द्वारा सुरक्षित एवं वैज्ञानिक प्रक्रिया के तहत संपन्न किया गया। शिविर मे 75 यूनिट से ज्यादा रक्त संग्रहण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. अर्चना त्रिपाठी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अंकिता गुप्ता, किरण पांडेय, अंकित कुमार गुप्ता, धीरज कुमार, अर्शद अयूब, सूर्य प्रताप गोंड, देवांशी जायसवाल, सोनी जायसवाल सहित सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

# पीड़िता की बेटी नकदी और जेवरात लेकर फरार, सीओ से शिकायत



**सहजनवां गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के बरईपार निवासी एक वृद्ध महिला का सगी बेटी ने घर में रखा नकदी और जेवरात लेकर हड़प गई है। नकदी और जेवरात मांगने पर बेटी वृद्ध महिला की गला दबा कर हत्या करने की कोशिश कर रही है। पीड़िता ने सीओ गीडा से शिकायत कर कारवाई कराने की मांग किया है। मिली जानकारी से से थाना क्षेत्र के बरईपार निवासी कुला देवी पत्नी रामबुझारत की बेटी सीट टिकर थाना बखिरा जिला संतकबीरनगर निवासी है। वह हमेशा घर पर आती जाती रहती थी। इसी बीच मौका पाकर बेटी घर में रखा 50 हजार रुपया नकद तथा जो जेवरात थे लेकर फरार हो गई है। नकदी और जेवरात मांगने पर गला दबा कर हत्या करने की कोशिश कर रही है। पीड़िता ने सीओ गीडा से शिकायत कर कारवाई कराने की मांग किया है। सीओ गीडा से बात करने की कोशिश किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि वृद्ध महिला के बारे जानकारी है। वह कुछ मानसिक रोगी लग रही है।

# दिव्यांगजनों के शैक्षिक पुनर्वास को नई दिशा दे रही योगी सरकार

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के शैक्षिक पुनर्वास को एक नई दिशा दे रही है। योगी सरकार विशेष विद्यालयों के संचालन की योजना के तहत राज्य में 16 विशेष विद्यालय संचालित कर रही है, जिनकी कुल छात्र क्षमता 2040 है। इन विद्यालयों में वर्तमान में 1680 दिव्यांग बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, जो शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

योगी सरकार की यह पहल न केवल दिव्यांग बच्चों को सशक्त बना रही है, बल्कि समाज में समावेशिता को भी बढ़ावा दे रही है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार दृष्टिबाधित बच्चों के लिए 'स्पर्श विद्यालय' लखनऊ और गोरखपुर में बालक-बालिकाओं के लिए, एक-एक, मेरठ और बांदा में बालकों के लिए और सहारनपुर में बालिकाओं के लिए संचालित हैं। इनकी कुल छात्र क्षमता 1050 है।

इन सभी विद्यालयों में विशेष शिक्षकों और संसाधनों के जरिए बच्चों को उनकी जरूरत के अनुरूप शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें और समाज में अपनी जगह बना सकें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प के साथ लगातार काम कर रहे हैं। सीएम योगी का मानना है कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और उनके सशक्तीकरण के जरिए एक समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं। यही वजह है कि इन विशेष विद्यालयों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के न केवल शिक्षा बल्कि समग्र विकास पर जोर दिया जा रहा है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले 1680 बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण, सहायक उपकरण और अनुकूल माहौल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### श्रेणी के अनुसार खास विद्यालय का संचालन

योजना के तहत दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों के अनुरूप अलग-अलग विद्यालय स्थापित किए गए हैं। 'प्रयास विद्यालय' चलन-बाधित दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रतापगढ़ और लखनऊ में हाई स्कूल स्तर तक संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल छात्र क्षमता 100 है। वहीं मानसिक मंदता से प्रभावित बच्चों के लिए 'ममता विद्यालय' प्रयागराज में बालकों और लखनऊ में बालिकाओं के लिए जूनियर हाई स्कूल स्तर तक चल रहे हैं। इनकी क्षमता भी 100 है। मूक-बधिर बच्चों के लिए योगी सरकार 'संकेत विद्यालय' का संचालन कर रही है। इस प्रकार के विद्यालय आगरा, लखनऊ, बरेली, फर्रुखाबाद और गोरखपुर में संचालित हैं। इनमें से आगरा में हाई स्कूल और बाकी जगह जूनियर हाई स्कूल स्तर की पढ़ाई होती है। इनकी कुल क्षमता 790 है।

# यूपी वन निगम ने काष्ठ आधारित उत्पादों के निर्यात से अर्जित की विदेशी मुद्रा

समृद्धि न्यूज

**सरकार के सफल प्रयासों से यूपी वन निगम बना लाभदायक निकाय**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश वन निगम ने योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी निकाय के रूप में अपनी पहचान बनाई है, बल्कि सामाजिक उत्थान और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

वर्ष 2024-25 में यूपी वन निगम ने 243.31 करोड़ रुपये की आय अर्जित की, जो इसकी वित्तीय सुदृढ़ता और प्रबंधकीय दक्षता का प्रमाण है। साथ ही यूपी वन निगम ने काष्ठ आधारित उत्पादों के निर्यात में वृद्धि से विदेशी मुद्रा अर्जित की है। उत्तर प्रदेश वन निगम प्रदेश में स्थाई वानिकी, पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वन प्रबंधन का कार्य करती है। इसके अतिरिक्त वन निगम वनोपज के संग्रह, विक्रय के साथ ही वन पर आश्रित जनजातीय समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से लाभकारी तरीकों को प्रोत्साहित करता है। सीएम योगी के कार्यकाल में उनके विजन के अनुरूप कार्य करते हुए यूपी वन निगम ने कई उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं। वन मंत्री डा. अरूण सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष लगभग 04 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का उत्पादन किया गया। जिससे बीड़ी उद्योग से जुड़े छोटे-बड़े ठेकेदारों और श्रमिकों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। यह पहल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है, बल्कि जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## खबरें एक नजर में

### तैराकी में सी.एम.एस. छात्र ने जीते पांच सिल्वर मेडल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र कृष्ण दुबे ने सीनियर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग चैम्पियनशिप में पाँच सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कृष्ण दुबे ने अपनी अभूतपूर्व तैराकी प्रतिभा का परचम लहराते हुए 1500मी फ्री-स्टाइल, 800मी फ्री-स्टाइल, 200मी बटरफ्लाई, 100मी बटरफ्लाई एवं 400मी इण्डिवजुअल मिडले स्पर्धाओं में पाँच सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। इस तैराकी चैम्पियनशिप में विभिन्न विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी तैराकी प्रतिभा का परचम लहराया है, साथ ही आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर देश का गौरव बढ़ाने के संकेत दिये हैं।

### देवेश श्रीवास्तव के निधन पर मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर के महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव का बुधवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया। सीएम ने अपने सोशल मीडियाा अकाउंट एक्स पर लिखा कि गोरखपुर के भाजपा महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन अत्यंत दु:खद है, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ जी से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति एवं उनके शोक संतप्त परिवार को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले ही देवेश श्रीवास्तव गोरखपुर भाजपा के महानगर अध्यक्ष नियुक्त हुए थे। इसके पहले भी उन्होंने पार्टी में कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया था। देवेश श्रीवास्तव के पिता उमेश श्रीवास्तव भी भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष रह चुके हैं।

### शिक्षामित्रों का 16वें दिन पोस्टकार्ड प्रदर्शन, 43 डिग्री में धरना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ इको गार्डन में शिक्षामित्रों का 16 दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी है। 16वें दिन शिक्षा मित्रों ने पोस्टकार्ड प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी शिक्षामित्रों ने अपनी समस्याओं पोस्टकार्ड के माध्यम से सीएम योगी को भेजा। प्रदेशभर से इकट्ठा हुए शिक्षामित्रों ने जमकर नारेबाजी की। 'भीख नहीं सम्मान चाहिए-पूरा वेतन मान चाहिए लगा रहे थे नारा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ये बेहद अफसोसजनक है कि 16 दिनों लगातार आंदोलन कर रहे हैं। यूपी के 75 जनपदों से टीईटी/सीटीईटी पास शिक्षामित्र अपनी स्थायी नौकरी की मांग को लेकर 40 डिग्री से अधिक तापमान में प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं। भीषण गर्मी में मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। यहां हम लोग इको गार्डन के तपते पत्थर पर बैठे हैं। यूपी में करीब 50,000 शिक्षामित्र हैं जो टीईटी/सीटीईटी पास हैं और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के मानकों के अनुसार पूरी तरह योग्य हैं।

### 12 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार, सैमसंग इंडिया का कैंपस ड्राइव आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, लखनऊ में एमआरएफ टायर्स द्वारा कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कम्पनी के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि अधिकाधिक प्रशिक्षार्थियों को रोजगार प्रदान किया जाए। ट्रेनिंग काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खाँ ने बताया कि रोजगार मेले में 22 प्रशिक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से साक्षात्कार के उपरांत 12 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को एमआरएफ टायर्स द्वारा 18,000 रूपए प्रतिमाह स्टाइपेण्ड तथा अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।जो अभ्यर्थी इस बार चयनित नहीं हो सके अथवा अन्य इच्छुक अभ्यर्थी हैं, वे 12 जून को आईटीआई अलीगंज में सैमसंग इंडिया, नोएडा के कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### विद्युत विभाग में छह माह के लिए हड़ताल निषिद्ध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने लोकहित के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम-1966 के अधीन विद्युत विभाग में 06 माह के लिए हड़ताल करना निषिद्ध कर दिया है। शासन ने अधिसूचना जारी कर दी है।जारी अधिसूचना के अंतर्गत विद्युत विभाग के अंतर्गत यूपी पावर कारपोरेशन लि., राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि., पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि. कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कम्पनी केस्को, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि., पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि., दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि.यूपी रिन्यूएवल एण्ड ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. के अधीन सेवाओं में 06 माह के लिए हड़ताल निषिद्ध कर दी गयी है।

### सिपाही ने लड़की को छत से नीचे फेंका, रीढ़ की हड्डी टूटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र में डायल-112 के सिपाही मुकेश यादव ने 16 साल लड़की को दूसरी मंजिल की छत से नीचे फेंक दिया। लड़की की रीढ़ की हड्डी टूट गई। गंभीर स्थिति में उसका डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार चल रहा है। लड़की की मां का आरोप है कि सिपाही बेटी के साथ छेड़खानी करता था। उन्होंने इसका विरोध किया तो उसने गालियां देते हुए पति को जान से मारने की धमकी दी। अपनी पत्नी कुमकुम और साले अंकित यादव के साथ मिलकर पति और बेटी के साथ मारपीट की। उन्होंने बीच-बचाव किया तो उन्हें भी पीटा। उन्होंने घटना की बीबीडी थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू की है।

**डिप्टी सीएम ने नवाबगंज में पक्का तालाब पर आयोजित मंदिर जीर्णोद्धार व नगर में कराए गए विकास कार्यों का किया लोकार्पण**

# सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से खड़ी है : केशव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/उन्नाव।** जनपद की नगर पंचायत नवाबगंज में पक्का तालाब पर आयोजित मंदिर जीर्णोद्धार, तालाब सौंदर्यीकरण व नगर में कराए गए विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, सांसद, विधायक गण, ब्लॉक प्रमुख व अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार सुबह करीब 10 बजे कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा



कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से खड़ी है। आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि पहले आतंकियों को सही जवाब नहीं मिलता था लेकिन यह नया भारत है। यह आतंकवाद का मुंह तोड़ जवाब देता है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक इस देश में जो बीते 50 सालों में नहीं हुआ, वह मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने करीब 6 करोड़ 76 लाख रुपये से नगर पंचायत में कराए गए 71 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने भाजपा के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सांसद साक्षी जी महाराज, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, गिरजा शंकर गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्योति रावत, विमल द्विवेदी, बालेंद्र सिंह आदि अतिथियों का स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, राजेंद्र द्विवेदी, प्रधान पवन शर्मा, मनोज पाण्डेय, सुरेंद्र, शिवा दीक्षित, गुड्डू, अभिषेक गुप्ता समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश टीबी संघ की राज्यपाल से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्षय रोग (टीबी) नियंत्रण कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने आज राजभवन में महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से सौजन्य भेंट की। यह मुलाकात न केवल प्रदेश में टीबी मरीजों को मिल रही पोषण सहायता को और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई, बल्कि कर्मचारियों के कल्याण से जुड़ी उम्मीदों को भी नया संबल मिला।भेंट के दौरान महामहिम ने टीबी मरीजों के लिए चलाई जा रही पोषण पोटली वितरण मुहिम की सराहना करते हुए विशेष निर्देश दिए कि जो मरीज गोद लिए गए हैं, उन्हें इलाज के दौरान ही नहीं, बल्कि पूर्ण उपचार के बाद भी 2 से 3 माह तक नियमित रूप से पोषण सहायता मिलती रहनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि टीबी जैसी बीमारी के खिलाफलड़ाई में दवा के साथ-साथ पोषण भी अत्यंत आवश्यक है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश टीबी कर्मचारी संघ द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 11 पोषण पोटलियाँ महामहिम को भेंट की गईं, जो प्रदेशभर में चल रही इस मानवीय मुहिम की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहीं।

### पानी आपूर्ति में लापरवाही जलकल विभाग ने अधिकारी का काटा वेतन

**लखनऊ ।** गर्मी के मौसम में स्वच्छ और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान जोन-3, जोन-6 और जोन-7 में शिकायतों के समय पर निस्तारण न होने की खामियां पाई गई। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिशासी अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगा और चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जोन-7 के अवर अभियंता विक्रम सिंह द्वारा निरीक्षण न करने पर उनका एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया।

# हिन्दू मुस्लिम एकता भाईचारे के प्रतीक भव्य भंडारे का आयोजन



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/बाराबंकी।** निंदूरा ग्राम पंचायत के दीनपनाह में ज्येष्ठ माह के आखरी बड़े मंगल के अवसर पर दिव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ सोहीपुर के सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी मुहम्मद सुफियान ने कराया। भंडारे में छोला चावल और शरबत का इंतजाम कराया गया।

आयोजक ने बताया कि इस भंडारे का मुख्य उद्देश्य भक्तों को सेवा प्रदान करना व समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में भक्ति और सेवा भावना को प्रोत्साहन मिलता है। क्षेत्रीय लोगों ने इस भव्य आयोजन का स्वागत किया और आयोजकों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद सुफियान, अनुज पाल, मु0 नफीस, पत्रकार विजय पाल, बंटी, एडवोकेट दिलीप, गोलू आदि उपस्थित रहे।

### 25 दिनों से परेशान आलमबाग के व्यापारियों ने घेरा श्रृंगार नगर बिजली घर

**लखनऊ ।** आलमबाग, कानपुर रोड के कुछ प्रतिष्ठानों में लगभग 25 दिनों से बिजुली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। व्यापारियों ने कई बार इस समस्या के निस्तारण के लिए श्रिंगार नगर बिजली घर में सम्पर्क किया और इस समस्या के सापेक्ष एसडीओ व मुख्य अभियंता से अनुरोध भी किया परन्तु अभी तक उनके प्रतिष्ठानों पर विद्युत की आपूर्ति नहीं हो सकी है। बुधवार को व्यापारियों ने बड़ी संख्या में आलमबाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय सनमुख, वरिष्ठ महामंत्री मो हसीन बब्लू के नेतृत्व में श्रिंगार नगर बिजली घर का घेराव किया। जेठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार को पीड़ित व्यापारियों ने आलमबाग व्यापार मंडल से लिखित रूप में शिकायत की थी।

# विकास व निवेश की तरह जांच-इलाज भी कागजी

**सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने एक एक्स-रे का वीडियो जारी कर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के विकास और निवेश की तरह इनकी जांच और इलाज भी कागजी ही है।

अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के कुशासन का एक्स-रे है।



भाजपा के विकास और निवेश की तरह इनकी जांच और इलाज भी कागजी ही है। यह गंभीर जांच का विषय है कि कहीं ये असंभव कागजी एक्स-रे किसी और के मूल एक्स-रे की फोटोकॉपी तो नहीं, इसे किसी और का बताकर केवल कागजी खानापूर्ति की जा रही हो और गलत चिकित्सा-उपचार भी किया जा रहा हो। तुरंत जांच पर जांच बैठाई जाए, और सच्ची रिपोर्ट बाहर लाई जाए।

वीडियो के नीचे कैप्शन में लिखा है कि योगी जी के शासन में कमाल की एक्स-रे रिपोर्ट कागज में दी जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को हिदायत देते हुए कहा कि इधर-उधर की राजनीति छोड़कर अपने मंत्रालय पर ध्यान दें। कागज में एक्स-रे की रिपोर्ट सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज की बताई जा रही है, जो कि सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। सपा मुखिया ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि भाजपा में जो लोग अपने समाज को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किए जाने के बाद उपेक्षित किए जाने के साक्षी हैं, वे जब सच्चे मन से बोलते हैं तो सच ही बोलते हैं। उनके बयान और भाषण भाजपा को अंतिम चुनौती नहीं हैं बल्कि भविष्य का उद्घोष हैं क्योंकि वे भी जानते हैं कि पीडीए ही उनका स्वाभाविक और स्थायी पड़ाव है, जहां हर पीडीए से सच्चा लगाव है।

### हुसैनाबाद में चला अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया है। जोन 3,6,5, 6,7 में दिन भर हुई कार्रवाई में अवैध ठेले, गुमटियां और सड़क पर हुए अवैध कब्जा हटाने के लिए कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी मनोज यादव ने बताया कि हुसैनाबाद और कन्हैया माधवपुर प्रथम वार्ड में मीट की दुकानों, सुमैला मार्केट और बुद्धेश्वर चौराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड सहित 10 ठेले और 6 अस्थायी दुकानें हटाई गईं। अतिक्रमणकारियों को दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी गई और थानाध्यक्ष को निगरानी के लिए पत्र लिखा गया। जोन-3 में अभियानरू जोनल अधिकारी अमरजीत यादव ने पुरनिया तिराहा और मोहिबुल्लापुर स्टेशन के पास से 6 ठेले, 1 पान की गुमटी, 1 लोहे का काउंटर, 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटा और 10 कैरेट जब्त किए। कार्रवाई का दस्तावेजीकरण भी किया गया।

# सनातन की रक्षा के लिए हिंदुओं की एकजुटता जरूरी

**सनातन एकता महासम्मेलन में उठी सनातन बोर्ड की मांग**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महा सभा के तत्वावधान में आज यहां कबीर आश्रम, दसौली, कुर्सी रोड पर श्री सद्गुरू कबीर साहेब जयंती के अवसर पर आयोजित सनातन एकता महा सम्मेलन में सनातन बोर्ड की मांग करते हुए साधू-संतों ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हिन्दुओं की एकजुटता जरूरी है।

इससे पहले सम्मेलन का उद्घाटन अनित कौशिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना जागरूकता अभियान ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा




के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, महन्त संतोष दास खाकी, बनगढ आश्रम, नैमिषारण्य, संजय श्रीवास्तव राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, सिद्धार्थ दुबे राष्ट्रीय महामंत्री, जन बल पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह यादव, अंजनी पांडे संयुक्त व्यापार उद्योग मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष, पंकज तिवारी अध्यक्ष जन विकास महासभा, राम तिवारी अध्यक्ष मंगल फाउंडेशन, विजेंद्र निगम विधिक प्रकोष्ठ, बाबा महादेव राष्ट्रीय प्रवक्ता, कमल जी ब्राह्मण परिवार लखनऊ, कार्यक्रम संरक्षक श्रीश्री 108 महंत योगेंद्र दास साहेब, प्रबंधक श्री सद्गुरु कबीर साहेब वेद वेदांग गुरुकुलम आचार्य शिवपूजन दीक्षित, गौरव वर्मा, अध्यक्ष योगी सेना श्रवण कुमार मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महिला मंडल अध्यक्ष अनीता तिवारी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। सम्मेलन की शुरूआत गणेश स्तुति व दीप प्रज्जवलन के साथ हुयी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश में सनातन संस्कृति की रक्षा के लिये हिन्दुओं की एकजुटता के साथ सनातन बोर्ड बनाये जाने की जरूरत है, इस सम्मेलन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग की गयी देश के बहुसंख्यक सनातन समाज के लिये सनातन बोर्ड बनाये, ताकि उनके हितों की रक्षा की जा सके।

# सुविधा : जनेश्वर मिश्र पार्क में बनेगा एडवेंचर का नया अड्डा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ वालों को रोमांच का मजा लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। जनेश्वर मिश्र पार्क में जल्द ही बनेगा शहर का सबसे बड़ा एडवेंचर जोन बनेगा। जिसमे 15 मीटर ऊंचे मल्टी एक्टिविटी टावर से स्काई साइक्लिंग, जिप लाइन और बंजी जंपिंग जैसे गेम हो पाएंगे। ये बात लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पार्क के निरीक्षण के दौरान कही। सभी काम तीन महीने में पूरा करने के निर्देश दिए।

पार्क के गेट नंबर-4 के पास लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्रफल में तैयार हो रहे इस एडवेंचर जोन में रोलर कोस्टर, स्काई रोलर, जाइंट स्विंग, रॉकेट इंजेक्शन, बुल राइड, वॉल एंड नेट क्लाइम्बिंग जैसे हाई-थ्रिल एक्टिविटी होंगी। वहीं राइफल शूटिंग और आर्चरी भी रोमांच के शौकीनों को आकर्षित करेंगी। इस पूरे जोन को पाथ-वे से जोड़ा जाएगा ताकि विजिटर्स को किसी तरह की असुविधा न हो। एडवेंचर जोन में आने वालों के लिए दो कैंटीन भी चलाई जाएंगी, जहां विजिटर्स रिफ्रेशमेंट का आनंद ले सकेंगे। उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि तय समय सीमा के भीतर सभी सुविधाएं पूरी की जाएं। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने देखा कि रोज गार्डन से राष्ट्रध्वज तक पहुंचने के लिए लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। इसे देखते हुए उन्होंने वॉटर बॉडी पर आकर्षक डिजाइन वाला पेडेस्ट्रियन ब्रिज बनाने के निर्देश दिए हैं। मरीन ड्राइव स्थित एडीसीपी कार्यालय के पास गोमती रिवर फ्रंट पर फूड कोर्ट भी तैयार किया जा रहा है।

# नेवल एन.सी.सी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** 3 यूपी नेवल यूनिट एन.सी.सी लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC-213) का समापन 10 जून 2025 को एलनहाउस पब्लिक स्कूल, लखनऊ में उत्साहपूर्वक हुआ।

यह शिविर 1 जून से 10 जून 2025 तक आयोजित हुआ, जिसमें लखनऊ, प्रयागराज एवं वाराणसी ग्रुप के कुल 421 एन.सी.सी कैडेट्स (286 लड़के और 135 लड़कियाँ) ने सक्रिय भागीदारी की। समापन समारोह के अवसर पर 9 जून को एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और




एकता, अनुशासन व टीमवर्क की भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैंप कमाण्डेंट कमाण्डर गौरव शुक्ला ने समारोह को संबोधित करते हुए कैडेट्स एवं समस्त स्टाफ को शिविर की सफल और सुव्यवस्थित संचालन के लिए बधाई दी।

इस बार शिविर में एक अनूठी पहल के तहत कैडेट्स को वातानुकूलित कमरों में ठहराया गया, जो एन.सी.सी शिविरों के लिए एक नई उच्च गुणवत्ता और सुविधा का मानक स्थापित करता है। शिविर में स्वच्छता, चैबिस घंटे बिजली एवं जल आपूर्ति की व्यवस्था तथा विशेष रूप से बालिका कैडेट्स की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। शिविर के दौरान कैडेट्स को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। कैंप कमाण्डेंट कमांडेंट ने एलनहाउस पब्लिक स्कूल के प्रबंधन का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके सहयोग ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, सभी स्टाफ सदस्यों के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया। शिविर के औपचारिक समापन की घोषणा के साथ ही कैडेट्स की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए भविष्य में और ऊँचाइयों को छूने का उल्लेख भी किया गया।

**कार्यक्रम** — **सीएम योगी आज लोकभवन में विद्यार्थियों को करेंगे सम्मानित, तैयारी पूरी**

# सम्मान समारोह में विभिन्न बोर्डों के 166 मेधावी होंगे सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र ने बताया कि वर्ष 2025 में विभिन्न बोर्डों से हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को 12 जून को पूर्वाह्न 11 बजे लोकभवन सभागार लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस हेतु राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

डॉ. महेन्द्र ने बताया कि राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के प्रथम 10 स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली तथा काउन्सिल फॉर दि इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन, नई दिल्ली के प्रथम 10-10 स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों सहित कुल 166 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

मेधावी विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक को भी आमंत्रित किया गया है। राज्य स्तरीय सम्मान के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को एक लाख रुपये की राशि, एक टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के 85 विद्यार्थी, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के 20 विद्यार्थी, काउन्सिल फॉर दि इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन नई दिल्ली के 32 विद्यार्थी, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के 29 विद्यार्थी सम्मानित किये जायेंगे।डॉ. महेन्द्र ने बताया कि जनपद स्तरीय कार्यक्रम भी इसी दिन 12 जून को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उपरान्त सभी जनपदों में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से जनपद स्तर पर प्रथम 10 स्थान प्राप्त1508 विद्यार्थी 758 हाईस्कूल एवं 750 इंटरमीडिएट को जनपदों में प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि अथवा जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जनपद स्तरीय सम्मान के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को 21 हजार रुपये की राशि, एक टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल प्रदान किया जाएगा।

निदेशक माध्यमिक ने बताया कि केंद्र व राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त मेधावियों के सम्मान समारोह एवं टैबलेट वितरण के साथ ही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2024-25 में प्रदेश के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ एवं माध्यमिक संस्कृत शिक्षा निदेशालय के नवीन भवन का शिलान्यास भी करेंगे। कार्यक्रम में काशीराज राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, चकिया, चन्दौरी एवं काशीराज राजकीय संस्कृत महाविद्यालय ज्ञानपुर, भदोही के नवीन भवन 100 बेडेड छात्रावास सहित का शिलान्यास, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जगत नारायण रोड एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मलिहाबाद, लखनऊ के नवीन भवन का शिलान्यास भी होगा। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कौशल विकास के लिए ड्रीम लैब स्थापना के लिए एमओयू किया जाएगा।

# प्रसव के दौरान जटिलता में सी-सेक्शन बना जीवन रक्षक

## जनपद में 2814 माताओं ने सिजेरियन प्रसव से दिया स्वस्थ शिशुओं को जन्म, महिला विंग में सर्वाधिक 2366 ऑपरेशन

▸ एफआरयू केंद्रों ने भी निभाई अहम भूमिका

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** प्रसव के दौरान जटिलताओं की स्थिति में 'सी-सेक्शन' यानी सिजेरियन डिलीवरी एक जीवन रक्षक उपाय साबित हो रही है। चिकित्सा आवश्यकता के आधार पर किया जाने वाला यह हस्तक्षेप न केवल माँ और शिशु की जान बचाता है, बल्कि सुरक्षित मातृत्व का मार्ग भी प्रशस्त करता है। बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में 2,814 महिलाओं का सिजेरियन प्रसव कर सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित की गई।

डीपीएम सरजू खान ने बताया कि इनमें से 2366 ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज के महिला विंग में और 448 प्रसव जनपद की पाँच एफआरयू (प्राथमिक रेफरल इकाई) - नानपारा (154), कैसरगंज (118), महसी (76), पयागपुर (54) और मोतीपुर (46) - में प्रशिक्षित सर्जनों की देखरेख में सफलतापूर्वक किए गए। इन्हीं में से एक, रिसिया ब्लॉक की रीना देवी कहती हैं, अगर ऑपरेशन न होता तो मेरा बच्चा नहीं बचता। अचानक उत्पन्न जटिलता में उन्हें मेडिकल कालेज के महिला विंग में लाया गया, जहाँ विशेषज्ञों ने समय रहते ऑपरेशन कर माँ और नवजात दोनों की जान बचाई। आज दोनों स्वस्थ हैं।

**सुमन कार्यक्रम ने दी आपातकालीन प्रसव सेवाओं को मजबूती**

सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि 'सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन)' कार्यक्रम के तहत एफआरयू और जिला मेडिकल कॉलेज में सिजेरियन सहित आपातकालीन प्रसव सेवाएं 24×7 उपलब्ध हैं। इन केंद्रों पर प्रशिक्षित स्त्री रोग विशेषज्ञ, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड स्टोरेज यूनिट, नवजात देखभाल इकाई, समय पर रेफरल और एम्बुलेंस जैसी सुविधाएँ मौजूद हैं।

इसका उद्देश्य है कि हर उच्च जोखिम वाली गर्भवती को बिना आर्थिक बोझ के सुरक्षित और सम्मानजनक प्रसव सेवा मिल सके।

### भ्रांतियों से बचें, विशेषज्ञों पर करें भरोसा

महाराजा सुहेलदेव राज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ संजय खत्री ने बताया कि सी-सेक्शन को लेकर समाज में कई भ्रांतियाँ हैं— जैसे यह कमज़ोर महिलाओं के लिए होता है या इससे बच्चे और माँ को नुकसान होता है। कुछ लोग इसे डॉक्टरों की कमाई से भी जोड़ते हैं, जबकि हकीकत यह है कि सिजेरियन केवल चिकित्सकीय ज़रूरत पर किया जाता है, यह कोई विकल्प नहीं, जीवन रक्षक उपाय है। उन्होंने अपील की कि लोग भ्रम में न पड़ें और विशेषज्ञों की सलाह पर भरोसा करें। यह जागरूकता मातृ व नवजात मृत्यु दर को घटाने में मददगार है।

### विशेषज्ञों की राय

मेडिकल कॉलेज बहराइच के स्त्री रोग विभाग की प्रमुख डॉ. ऋचा यादव बताती हैं, फ़हम हमेशा सामान्य प्रसव को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन जब बच्चा उल्टी या आड़ी स्थिति में हो, प्रीक्लेम्पसिया (गंभीर रक्तचाप विकार) हो, प्रसव में अत्यधिक देरी हो या पूर्व में सिजेरियन हो चुका हो — तब सिजेरियन ही सुरक्षित उपाय होता है। ऐसा न करने पर माँ को अत्यधिक रक्तस्राव, संक्रमण या अंग क्षति का खतरा हो सकता है। वहीं शिशु को जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी, मस्तिष्क पर असर या गर्भ में मृत्यु जैसी गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान : गन्ने के साथ सहफसली खेती से किसान होंगे मालामाल

समृद्धि न्यूज



**मनकापुर/ गोंडा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत दिनांक 11 जून 2025 को विकासखंड मनकापुर के ग्रामों रामापुर, झिलाही तथा पंडितपुर जनपद गोंडा में कृषकों को खेती एवं पशुपालन के साथ ही कृषि एवं कृषि से सम्बंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. टी.के. श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने गन्ना की वैज्ञानिक खेती, गन्ना की उन्नतशील प्रजातियां, गन्ना के साथ सह फसली खेती आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गन्ना के साथ सहफसली खेती से किसान मालामाल हो सकते है ।कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर के वैज्ञानिकों डॉ. रामलखन सिंह ने धान, तिल, अरहर उर्द एवं मूंग की वैज्ञानिक खेती, मोटे अनाजों की खेती, खरीफ फसलों में नैनो उर्वरकों का पर्णीय छिड़काव, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती,हरी खाद की खेती आदि की जानकारी दी । डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने फलदार वृक्षों व सब्जियों की वैज्ञानिक खेती,आम के पुराने बागों का जीर्णोद्धार,सब्जियों में कीट एवं रोग प्रबंधन व एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, राम सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कुसुम योजना आदि की जानकारी दी। सुनील कुमार वर्मा एडीओ एजी ने कृषि निवेशों की उपलब्धता, स्मार्ट एग्रीकल्चर, कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में अनुराग सिंह, किरन देवी ग्राम प्रधानों सहित प्रगतिशील कृषकों कृष्ण कुमार सिंह, आशुतोष पान्डे, उषा देवी, कमला देवी, शकुंतला आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में कृषक प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर कृषकों की समस्याओं का समाधान किया गया।

## खबरें एक नजर में

### पदाधिकारियों ने डीएम और डीएलए को सौंपा ज्ञापन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के पदाधिकारीयों ने एक बैठक आई समस्या को जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्र ने फार्मासिस्टों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कार्यकाल पहुंचकर डीएम और औषधि अनुज्ञापन अधिकारी को एक ज्ञापन पत्र सौंपा जिसमें 5 सूत्रीय मांग में 1- जनपद के समस्त मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट की अनिवार्यता सुनिश्चित करायी जाये। 2- जनपद के समस्त होलसेल दुकानों की क्रय-विक्रय रजिस्टर की जांच करायी जाय। 3- फार्मासिस्ट का लाइसेन्स एक सप्ताह के अन्दर बिना किसी देर व रूकावट के जारी किया जाय। 4- वर्तमान में कार्यरत औषधि निरीक्षक के द्वारा जारी किये गये अभी तक के लाइसेन्स की जांच करायी जाय। 5- औषधि निरीक्षक द्वारा पूरे जनपद में लाइसेन्स के नाम पर अवैध रूप से वसूली पर तत्काल रोक लगाया जाय। जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्र ने बताया कि जनपद में पांच सदस्सीय टीम बनाकर संघन रूप से जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की। मांग न पूरा होने पर संगठन आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर फार्मासिस्ट फेडरेशन के महामंत्री रोहित मिश्र, सहमीडिया शमशाद खा, सत्यम, आलोक कुमार, अंशुमान मिश्र, अंकित लोग उपस्थित रहे।

### गाड़ी संख्या 14010 में लावारिस शराब बरामद



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मैं प्रभारी निरीक्षक अनिरूद्ध राय साथ स्टॉफ को लेकर प्लेटफार्म नंबर 02 पर आपराधिक निगरानी मैं मसगुल थे, कि समय करीब 11/40 बजे गाड़ी संख्या 14010 आई, जिसे चेक कर रहे थे कि जनरल कोच संख्या NR 163502/C के लैट्रीन के बगल में नीले रंग के झोले में कुल 09 अदद JOHNNIE WALKER RED LABEL BLENDED SCOTCH WHISKY बरामद हुआ। उक्त के संबंध में कोच में बैठे यात्रियों से पूछताछ किया गया परन्तु किसी ने अपना होना नही बताया, जिसके पश्चात लावारिस हालत में प्लेटफार्म नम्बर 02 पर ही उतार कर समय 11.55 बजे फर्द जप्ती तैयार कर जप्त किया गया। प्रति बोतल 750 रू कुल 6750 रूलावारिस हालत में बरामद हुआ। बरामद शराब की कीमत लगभग 21000 है। बाद करने मौके की कार्यवाही उक्त शराब बल पोस्ट पर सुरक्षित रखा हुआ है।

### शादी में जेवर को लेकर बवाल, मारपीट, वापस लौटी बारात



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के टिकोरा गांव में एक शादी समारोह दुखद घटना में बदल गया। नन्हे चौहान की पुत्री की शादी नानपारा कोतवाली निवासी छोटेलाल के बेटे करण के साथ तय हुई थी। मंगलवार की रात बारात के आने पर विवाद शुरू हो गया लड़की पक्ष ने लड़के पक्ष पर काम जेवर लाने का आरोप लगाया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जो देखते ही देखते लाठी डंडों की मारपीट में बदल गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कुल पांच लोग घायल हो गए। लड़की पक्ष का एक अन्य आरोप द्वार पूजा के समय फोटो खींचने को लेकर भी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। विवाद के बाद दोनों पक्षों ने शादी से इनकार कर दिया। टिकोरा मोड़ चौकी इंचार्ज के अनुसार दोनों पक्षों से शिकायत मिली है और मामले की जांच की जा रही है पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया है।

### पार्टी से निष्कासित किए गए भाजपा जिला अध्यक्ष



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के द्वारा एक पत्र जारी किया गया जिसका पत्रांक संख्या 06/ बीजेपी प /2025 है जिसमें लिखा गया है कि अमर किशोर कश्यप जिला अध्यक्ष गोंडा भारतीय जनता पार्टी आपको कारण बताओं नोटिस पत्रांक संख्या 05/ बीजेपी उप/ 2025 दिनांक 25/ 6/.2025 को जारी किया गया था कि आप अपना स्पष्टीकरण भाजपा प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध करायँ किंतु आप द्वारा भेजा गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है आपका यह कृत्य घोर अनुशासनहीनता की परिधि में आता है अतः सम्यक विचारोंपरान्त प्रदेश अध्यक्ष जी के निर्देशानुसार आपको तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है गोविंद नारायण शुक्ला विधायक/प्रदेश महामंत्री/ मुख्यालय प्रभारी भाजपा उत्तर प्रदेश।

# डीएम नेहा शर्मा का आज जिले में 2 वर्ष का कार्यकाल हुआ पूरा

▸ डीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है मॉडल बेंडिंग जोन व ग्राम चौपाल 3.0

नरेंद्र लाल गुप्ता




**गोंडा।** यहां हम आपको बता दें कि शासन के द्वारा विगत 10 जून 2023 को जिलाधिकारी नेहा शर्मा को गोंडा का जिला अधिकारी बनाए जाने का आदेश हुआ किंतु 12 जून 2023 को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोंडा जिले का कार्यभार संभाला आज बृहस्पतिवार 12 जून 2025 को जिले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा का 2 वर्ष का स्वर्णिम कार्यकाल पूरा हुआ।

अब हम आपको यह भी बता दें जिला अधिकारी नेहा शर्मा के द्वारा जिले का चार्ज संभालने के बाद निरंतर जिले में जिले को और सुंदर बनाने के लिए प्रयास करती रही और उसका नतीजा यह हुआ आज जिले में सरकार आपके द्वारा यानी ग्राम चौपाल 3.0 को दोबारा प्रारंभ किया गया इससे यहां की ग्रामीण अंचल की जनता जो दबे कुचले हैं उनको उनके घर बैठे जिला



### ग्राम चौपाल 3.0: प्रशासन खुद पहुंचा गांव की चौखट पर – शिकायतें सुनीं, समाधान वहीं दिया गया

अधिकारी ने न्याय दिलाया बात यही नहीं रुक रही है जिलाधिकारी ने देखा कि जिले में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कोई जगह मुहैया नहीं है ऐसे में उन्होंने जिले में मॉडल वेंडिंग जोन की स्थापना की और जिले के सभी स्ट्रीट वेंडर्स को एक जगह काम करने के लिए मौका दिया अभी कुछ दिनों पहले जिले में एक रेलवे के तालाब का सुंदरीकरण कराया गया और उसका नाम दिया गया देवी बक्श सिंह तालाब उसके आसपास जो वंडर्स थे उनके लिए भी एक जगह बनाई गई और आज वहां के जो वेंडर्स हैं खुश हैं और जिला अधिकारी को दुहाई देते नहीं थकते हम बात कर रहे हैं ऐसे सरल सुलझी हुई जिलाधिकारी नेहा शर्मा की जिन्होंने 12 जून 2023 से लेकर आज 12 जून 2025 हो गया प्रयास करके जिले को सुंदर गोंडा और स्वच्छ गोंडा बना दिया इसमें कोई शक नहीं है की जिलाधिकारी ने गोंडा में आने के बाद एक नहीं अनेकों ऐसे काम किए हैं जिसमें उनकी छवि को निखारा ही है और देखा जाए तो गरीबों को जिला अधिकारी ने बहुत से लोगों को न्याय दिया इसी कामना के साथ ऐसे जिलाधिकारी की तैनाती सभी जिलों में हो जो जिले को ही अपना घर समझने लगे 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है तीसरे वर्ष में आज से उनके कार्यकाल का पदार्पण हुआ है ईश्वर करें कि जब तक यहां रहे तब तक लोगों को न्याय दिलाती रहे ।

# निर्विघ्न संपन्न हुई अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जीएनएम (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 11 जून 2025 को गोंडा जनपद मुख्यालय पर प्रथम बार आयोजित परीक्षा सकुशल , सुचितापूर्ण व निर्विघ्न संपन्न हुई। देवीपाटन मंडल मुख्यालय हेतु आवंटित 929 परीक्षार्थियों में से 879 ने परीक्षा दी। 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा के प्रो जितेन्द्र सिंह , विभागाध्यक्ष भौतिकी, असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी डॉ वंदना भारतीय, असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिकी डॉ संतोष श्रीवास्तव, पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय लखनऊ के डॉ अमितेंद्र सिंह को गोंडा का सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है । प्रो सिंह ने बताया कि उ प्र चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी राजकीय/जीएनएम नर्सिंग विद्यालयों में प्रवेश हेतु गोंडा में श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज रेलवे हॉस्पिटल बलरामपुर रोड व स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज उतरौला रोड गोंडा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा दो-दो विवि प्रतिनिधि नियुक्त किए गए है। सिटी कोऑर्डिनेटर प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के पश्चात सी सी टी वी निगरानी में सिटी समन्वयकों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों, केंद्र व्यवस्थापकों, एच डी एफ़ सी बैंक के प्रतिनिधियों व परीक्षार्थियों के सहयोग से परीक्षा संपन्न हुई। अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय द्वारा गांधी विद्यालय रेलवे हॉस्पिटल में आवंटित परीक्षार्थीयों 460 में से 432 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस केंद्र पर 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विवेकानंद विद्यालय में 469 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा हेतु आवंटित किए गए है। जिनमे से 447 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस केंद्र पर 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# खैरीघाट थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का काला खेल धड़ल्ले से जारी

▸ लेखपाल के पहुंचते ही कारोबारी ट्रैक्टर ट्राली व मशीन लेकर हुए फरार

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में उपजाऊ भूमि से मिट्टी खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। थाना क्षेत्र के रायगंज में बुधवार दोपहर मडलोलर मशीन से बेखौफ होकर खनन कारोबारी मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। इस कार्य में पांच ट्रैक्टर ट्राली संलिप्त थे। स्थानीय लोगों ने राजस्व विभाग को दूरभाष पर सूचना दी।

क्षेत्रीय लेखपाल अरुण कुमार मौके पर पहुंचे लेकिन इससे पहले ही खनन कारोबारी अपने वाहनों के साथ वहां से फरार हो गए। लेखपाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिस खेत से मिट्टी निकाली गई है, उस किसान से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद कारोबारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है, कि थाना क्षेत्र के डल्लापुरवा और रामपुर धोबियाहार समेत कई स्थानों पर रात के अंधेरे में धड़ल्ले से अवैध खनन का कारोबार चलता है। स्थानीय प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। स्थानीय पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है।सूत्रों की माने तो मेडलोडर चालकों से प्रति रात दो हजार रुपया लिया जाता है।

### गल्ला व्यापारी से लूट करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** मटेरा कस्बा निवासी गल्ला व्यापारी संदीप अग्रवाल के साथ हुई लूटपाट के तीन आरोपियों को मंगलवार को पुलिस ने दबोच लिया। तीनों के पास से लूटे गए 50,500 रुपये व बाइक बरामद हुई है।लूट का खुलासा करते हुए एएसपी ग्रामीण डीपी तिवारी ने बताया कि मटेरा कस्बा निवासी व्यापारी संदीप अग्रवाल के साथ बाइक सवार बदमाशों ने बीते दो जून को लूटपाट की थी। असवा पेट्रोल पंप के पास व्यापारी को रोक कर उनका रुपयों से भरा बैग छीन ले गए थे। इसके बाद मटेरा पुलिस व एसओजी टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इस दौरान मंगलवार को घटना में शामिल आरोपियों के क्षेत्र में देखे जाने की गुप्त सूचना मिली। पुलिस टीम ने दबिश देकर मोहरनिया मोड़ से लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर क्षेत्र के पचासा गांव निवासी रंगीलाल, खैरीघाट क्षेत्र के अरनहवा निवासी राजेश व मटेरा के असवा मोहम्मदपुर निवासी आज्ञाराम को गिरफ्तार किया गया। तीनों से कड़ाई से पूछताछ में उन्होंने व्यापारी से लूट की घटना को स्वीकार की।

# केन्द्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

▸ सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष व पदाधिकारीयों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के अंतर्गत केंद्र सरकार के 11 वर्षों के उपलब्धियां पर आधारित प्रदर्शनी का इंदिरा स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य जनमानस के बीच में गरीब कल्याण की योजना का प्रचार प्रसार हो सके और लोग इससे लाभान्वित हो सके। प्रदर्शनी का शुभारम्भ सांसद बहराइच डॉ आनंद गौड ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे एवं पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकडीवाल उपस्थित रहे। जिला अभियान संयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदर्शनी के महत्व पर प्रकाश डाला, शुभारम्भ के बाद उपस्थित जन समुदाय के साथ मुख्य अतिथि सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, पदाधिकारीयों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह, राहुल राय, जिला महामंत्री डॉ जितेंद्र त्रिपाठी ,नन्हेंलाल लोधी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, धीरेंद्र मोहन आर्य, जिला मंत्री डॉ डिंपल जैन, हेमा निगम, देवेंन्द्र कुमार मिश्र, मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा, सतीश सिंह अजय सिंह, मानवेंद्र सिंह, कल्याण सिंह, विकसित भारत कार्यक्रम के सह संयोजक रामनिवास जायसवाल, अनिल सिंह, सौरभ मिश्रा, संतोष त्रिपाठी,अमित वर्मा उपस्थित रहे। इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में थोक कपड़ा कमेटी में एक प्रेस वार्ता का आयोजन प्रोफेशनल मीट का किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वक्ताओं में सांसद बहराइच डॉ आनंद गोंड,सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पूर्व सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा रहे। इस सम्मेलन में जिले के बौद्धिक वर्ग के लोग उपस्थित रहे। जिसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, डॉक्टर, समाजसेवी, अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की पुरानी पेंशन के लिए मुख्यमंत्री योगी से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

समृद्धि न्यूज



▸ विशिष्ट बीटीसी 2004 विज्ञापन से चयनित 46189 शिक्षकों को विज्ञापन के आधार पर ओपीएस देने हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मुख्यमंत्री से किया अनुरोध

**बहराइच।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री महेंद्र कुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर प्राथमिक संवर्ग के शिक्षक जो 2005 के पूर्व चयनित हुए थे, उनको पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी को अनुरोध पत्र दिया।

महेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपने 2005 के पूर्व चयनित प्रदेश के समस्त अध्यापकों व कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करने का स्पष्ट दिशा निर्देश दिया था, परंतु प्राथमिक संवर्ग के शिक्षकों के संदर्भ में अभी तक पुरानी पेंशन योजना से जोड़ने के संबंध में स्पष्ट आदेश नहीं आया है। जिसके कारण लगभग 40 हज़ार से अधिक शिक्षकों में निराशा का भाव उत्पन्न हो रहा है । मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकरण उनके संज्ञान में है और उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही प्राथमिक संवर्ग के शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। जनपद में संगठन के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने शिक्षकों को पुरानी पेंशन के लिये संघ के प्रयास की सराहना की।मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल में उच्च शिक्षा, उत्तर मध्य क्षेत्र के प्रमुख प्रो उदयन, व तकनीकी संवर्ग के स्वदेश सिंह शामिल रहे । इन लोगों ने भी अपने संवर्ग से जुड़ी समस्याओं का पत्रक मुख्यमंत्री को सौंपा।

**गोष्ठी** | रामगांव में सांसद बहराइच की उपस्थिति में कृषक गोष्ठी का आयोजन

# कृषि विविधिकरण व प्राकृतिक खेती अपनाकर आय में वृद्धि करें किसान

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** प्रदेश में खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्धतियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर 29 मई 2025 से 12 जून 2025 के मध्य संचालित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के 14वें दिन विकास खण्ड तेजवापुर की ग्राम पंचायत रामगांव में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड की उपस्थिति में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कृषक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद डॉ. गोंड ने मौजूद कृषकों व आमजन को गांव, गरीब व कृषकों को समर्पित भारत सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। डॉ. गोंड ने कृषकों का आहवान किया बाढ़ आपदा से बचाव हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

उन्होंने कहा कि कृषकों की आय को दोगुना करने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा जिले के 613190 किसानों के बैंक खातों में 1738.69 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम में भेती गई है। डॉ. गोंड ने भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गये महत्वपूर्ण निर्णयों की सराहना करते हुए कृषकों का आहवान किया कि वैज्ञानिक विधि के अनुसार विविधिकरण को अपनाकर प्राकृतिक खेती करें इससे पर्यावरण एवं उर्वरा शक्ति के क्षीण होने जैसी समस्या के समाधान के साथ-साथ उनकी आय में भी गुणत्मक वृद्धि होगी। उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने किसानो को आईपीएम विधि से खेती करने की सलाह देते हुए मृदा परीक्षण के अनुसार संतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरक करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे खेतो में जीवांश कार्बन की मात्रा बढ़ने से भूमि की उर्वरा शक्ति में भी बढ़ोत्तरी होगी। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने किसानो को फसल सुरक्षा हेतु हेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप आदि उपायों का उपयोग कर स्वस्थ खाद्यान पैदा करने तथा खेती के साथ-साथ पशुपालन को अपनाकर आय में वृद्धि करने की जानकारी प्रदान की। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा ने कृषक उत्पादक संगठन बनाकर आय में वृद्धि करने के तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. सौरभ वर्मा ने किसानो को भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी प्रदान की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा ग्लू ट्रैप का डेमो कर फसल सुरक्षा के सम्बन्ध में व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानो से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए पंकज कुमार व वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी आर.पी. सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में समर कैंप का हुआ समापन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जनपद के विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन किया गया, इसी क्रम में विकास खण्ड अमावां मे पूर्व माध्यमिक विद्यालयों व कंपोजिट विद्यालयों मे समर कैम्प का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी अमावा ऋचा सिंह ने बताया कि समर कैम्प के आयोजन का समापन विकास खण्ड के विद्यालयों में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। उक्त कार्यक्रमो के आयोजन मे शिक्षकों ने बच्चो के रचनात्मक व बौद्धिक विकास को खेल खेल मे ज्ञानर्जन कराया। बच्चो ने भी गर्मी की इस मस्ती पाठशाला मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे मंचितपुर, पहरावा, पिंडारी कला, मुजफ्फरपुर, कोडरस बुजुर्ग, पडरई, परिगवा आदि विद्यालयों मे समर कैम्प का आयोजन 21 मई से 10 जून तक संचालित किया गया। इन कैम्पो मे बच्चो ने मेंहदी, रंगोली, बेसिक क्राफ़्ट, संस्कृतिक गतिविधियों योगा के हुनर सीखे, विभिन्न स्कूलों मे गीत संगीत, संस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चो ने आयोजन को सफल बनाया।

## मारपीट का वीडियो वायरल पुलिस जांच में जुटी

**डलमऊ रायबरेली।** चौकी से चन्द कदमों की दूरी पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। डलमऊ क्षेत्र में मुराई बाग पुलिस चौकी से महज कुछ कदम की दूरी पर बीती रात दो पक्षों के बीच जबरदस्त मारपीट हुई। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, किसी पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू हुआ जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**रायबरेली एवं अमेठी जिले के बारहवीं में 60 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित**



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

एफडीडीआई फुरसतगंज मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह रायबरेली एवं अमेठी जिले के बारहवीं मे 60 प्रतिशत या अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियो के सम्मान मे आयोजित किया गया।विद्यार्थियो को मेडल, एवं गिफ्ट देकर उनकी मेधा तथा परिश्रम को सम्मानित किया गया।

इस समारोह की अध्यक्षता कर रहे कार्यकारी निदेशक सुनील द्विवेदी ने अपने सम्बोधन मे सभी विद्यार्थियो को बधाई एवं शुभकामनाए दी।उन्होने आगे कहा की विद्यार्थियो की देश और समाज के प्रति बढ़ी ज़िम्मेदारी है। आगे आने वाला समय उनके लिए यह निर्धारित करेगा की वे किस प्रकार से अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। इसलिए इस समय लिए गए निर्णय बहुत महत्वपूर्ण होने वाले है। आने वाला समय स्किल शिक्षा और वोकेशनल शिक्षा का है। विद्यार्थियो को पारंपरिक डिग्री के इतर इस दिशा मे सोचना चाहिए। इस दौरान उन्होने विद्यार्थियो को यह भी बताया कि छात्रो को रोजगारपरक कोर्सेज मे ही प्रवेश लेना चाहिए। क्योंकि ऐसे कोर्स के बाद छात्रो को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ता।इसी अनुक्रम मे उन्होने यह भी बताया कि वर्ष 2024-25 मे एफ़डीडीआई फुरसतगंज का प्लेसमेंट 100 फीसद रहा जो यह दर्शाता कि यहा पढ़ने वाले छात्रो का भविष्य कितना सुरक्षित हैं।

## खबरें एक नजर में

### 12 से 17 जून के मध्य श्रम निषेध सप्ताह का होगा आयोजन

**रायबरेली।** सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार ने बताया है कि श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश कानपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 2025 पर जनपद में 12 जून से 17 जून 2025 के मध्य बाल श्रम निषेध सप्ताह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें बाल श्रम विषय पर जागरूकता हेतु वर्कशाप, रैली, सिग्नेचर कैम्पेन, सोशल मीडिया पम्पलेट वितरण एवं अन्य माध्यमों से जागरूकता हेतु 12 जून 2025 को मेसर्स विसाका इंडस्ट्रीज बछरावां रायबरेली में बाल श्रम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 13 जून को मेसर्स बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड अमावां रोड रायबरेली में, 16 जून को हाथी पार्क चौराहा रायबरेली एवं 17 जून 2025 को कार्यालय सहायक श्रमायुक्त रायबरेली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसके लिये प्रभारी श्रम प्रवर्तन अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया है कि आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम में कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में प्रभारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी आख्या भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

### काष्ठ कला ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत जनपद में वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://diupmsme.gov.in पर आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक वुडवर्क के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयन उपरांत लाभार्थी को 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्रता हेतु आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा केन्द्र तथा राज्य सरकार की किसी योजनान्तर्गत उत्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ विगत 02 वर्षों में न प्राप्त किया हो। आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य को योजनान्तर्गत केवल एक बार ही लाभान्वित किया जायेगा। परिवार का आशय पति एवं पत्नी से है। आवेदक द्वारा पात्रता की शर्तों को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में घोषणा–पत्र प्रस्तुत करना होगा। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सिविल लाइन्स, रायबरेली से सम्पर्क किया जा सकता है।

### गाय मारने वाला गिरफ्तार, सुसंगत धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा



**चन्दापुर, रायबरेली।** एक सप्ताह पहले गाय को मारना पड़ गया भारी गाय की हुई मौत और मारने वाले पर दर्ज हुआ मुकदमा। चन्दापुर थाना क्षेत्र के भुकवा गांव मंज़रे टीसाखानापुर निवासी रामप्रकाश पुत्र दर्शन ने चन्दापुर थाने में लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि जगजीवन पुत्र शिवनारायण मौर्य निवासी ग्राम भुकवा गांव मंज़रे टीसाखानापुर थाना चन्दापुर के द्वारा दिनांक 2, 6 ,2025, को मेरी गाय को लाठी से मारा पीटा जिससे गाय की हालत खराब हो गई और दिनांक 10, 6 ,2025 को इलाज के दौरान गाय की मृत्यु हो गई । चन्दापुर थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने बताया वादी की तहरीर पर गाय को मारने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है गाय के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है तथा सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

### गुरुकुल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा भंडारे का हुआ आयोजन



**महराजगंज, रायबरेली।** हलोर ग्राम सभा में स्थित प्राचीन तपोस्थली बाबा ब्रह्मचारी महाराज के मंदिर प्रांगण पर गुरुकुल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए उन्होंने हनुमान जी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन गुरुकुल के प्रबंधक R.D. मिश्रा एवं उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा द्वारा विगत कई वर्षों से किया जाता है( भंडारे में ग्राम वासियों के साथ विद्यालय के स्टाफ से महाविद्यालय की प्राचार्य प्राजंलि शुक्ला, बेबी सिंह ,अमित पांडे पूजा, सुरेंद्र कुमार, बीके मिश्रा, गोविंद सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी में खुद ही प्यासा नजर आ रहा वाटर कूलर

**कस्बे में लगाएं गये वाटर कूलर बने शो पीस, वाटर कूलर खराब, पानी के लिए राहगीर परेशान**

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।




**पानी के लिए भटक रहे राहगीर** वाटर कूलर ध्वस्त होने और सार्वजनिक स्थानों पर लगे ज्यादातर हैंडपंपों के खराब होने के कारण, क्षेत्र से नगर आने वाले राहगीरों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। ज्यादातर लोग बोतलबंद पानी खरीद कर प्यास बुझाने को विवश है।

तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है तेज गर्मी और धूप के कारण थोड़ी देर में ही लोग प्यास से व्याकुल हो जा रहे हैं। विडम्बना यह है कि लोगों को शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत द्वारा नगरीय पेय जल योजना के तहत कस्बे में लगाए गए वाटर कूलर पिछले कई महीनों से खराब पड़े हैं लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण लाखों की लागत से लगे वाटर कूलर धूल फांक रहे हैं नगर पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही और अनदेखी के चलते ये प्याऊ खुद ही प्यासे नजर आ रहे मई-जून की भीषण गर्मी शुरू होने से पूर्व ही नगर की पेयजल व्यवस्था ध्वस्त होने के बाद भी जिम्मेदार आल इज वेल का ढिंढोरा पीट रहे हैं। लालगंज कस्बे के गांधी चौराहे के पास लगा वाटर कूलर धूल खा रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे व्यापारियों को भी काफी दिक्कतें हो रही है वाटर कूलर के पास मौजूद दुकानदारों ने बताया कि वाटर कूलर काफी दिनों से खराब पड़े रहने के कारण हम लोगों को पानी की व्यवस्था बाहर से करनी पड़ती है अगर यह वाटर कूलर बनकर चालू हो जाए तो कहीं न कहीं हम लोगों को भी राहगीरों के साथ साथ राहत मिल सकती है।

# होंडा शोरूम का उद्घाटन, बांटा गया प्रसाद

**उद्योग व्यापार मंडल लालगंज के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने फीता काट कर किया उद्घाटन**



**सरेनी(रायबरेली)।** उद्योग व्यापार मंडल लालगंज के अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने मंगलवार को मौनी मोहल्ला धूरेमऊ सरेनी में होंडा शोरूम (ऋषी ऑटो सेल्स) का उद्घाटन किया।श्री भदौरिया ने कहा कि इस शोरूम के खुल जाने से देहाती क्षेत्र के लोगों को इस कंपनी की बाइक लेने में जहां आसानी होगी। वहीं अब होंडा मोटर बाइक खरीदने के लिए लालगंज, रायबरेली व अन्यत्र कहीं नहीं जाना पड़ेगा। श्री भदौरिया को शोरूम के प्रोपराइटर सचिन सिंह ने सम्मानित किया।वहीं उद्घाटन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया,जिसमें हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद चखा। मौके पर रितेश गुप्ता, रवि राय, सुरेश, सागर, अखिलेश सिंह, राकेश पटवा, अभिनव सोनी आदि प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## पुलिस ने प्रेमी युगल का थाने में कराया विवाह

**डलमऊ रायबरेली।** रायबरेली जनपद के गदागंज थाने में एक प्रेम कहानी का सुखद अंत देखने को मिला जहां पर पुलिस ने थाना परिसर में बने मंदिर में प्रेमी युगल का विवाह करा दिया यह विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है मालूम हो कि गदागंज थाने में चल रहे एक मामले को लेकर आपसी सहमति पर मंगलवार को गदागंज थाना परिसर स्थित मंदिर में एक प्रेमी युगल ने सात जन्मों का साथ निभाने की कसम खाकर एक दूसरे के गले में वरमाला डालकर विवाह रचा लिया इस दौरान प्रेमी युवक-युवती के परिजन भी मौजूद रहे। रविवार को लालगंज थाना क्षेत्र के लोदीपुर उतरावां गांव निवासी रामकुमार की

**प्रेमी युगल का वर्षों से चल रहा था प्रेम-प्रसंग**

पुत्री श्याम दुलारी ने गदागंज थाना क्षेत्र के धीरनपुर गांव निवासी शिवकुमार के विरुद्ध थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि पिछले 7 वर्षों से उन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था विवाह का वादा कर दोनों लगातार एक दूसरे के संपर्क में रह रहे थे। शिवकुमार और श्याम दुलारी की धीरे धीरे मुलाकाते बढ़ती जा रही थी और प्रेम में बदल गई जब श्याम दुलारी ने शादी के लिए दबाव बनाया तो शिवकुमार टालमटोल करने लगा। इसी वजह से मामला पुलिस की चौखट तक पहुंच गया। फिर श्याम दुलारी की तहरीर पर गदागंज पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो थाने पर युवक को बुलाया गया और मंगलवार को दोनों पक्षों के परिजनों व पुलिस की मौजूदगी में शिवकुमार एवं श्याम दुलारी की आपसी सहमति से थाना परिसर में बने मंदिर में एक दूसरे को वरमाला पहनाकर भगवान को साक्षी मानकर सात जन्मों का साथ निभाने की कसमें खाई थाना प्रभारी गदागंज बालेंदु गौतम ने बताया कि दोनों प्रेमी जोड़े ने आपसी सहमत से दोनों का विवाह कराया गया है इस दौरान दोनों पक्षों के परिजन भी मौजूद रहे।

# वैभव तिवारी को मिली सरकारी नौकरी



**सरेनी(रायबरेली)।** सरेनी-धूरेमऊ रोड में संचालित प्रतिष्ठित संस्थान ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल- सरेनी के पूर्व छात्र वैभव तिवारी की नियुक्ति जूनियर असिस्टेंट (हाई कोर्ट प्रयागराज) के पद पर हो जाने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। माता-पिता व परिजनों ने बेटे को मिठाई खिलाकर सफलता की शुभकामनाएं व बधाई दी। वैभव ने बताया कि इसके पूर्व बीएससी-मैथ ग्रुप से करने के बाद B.Ed प्रवेश परीक्षा में मेरिट में अच्छी रैंक आने से सरकारी कॉलेज (फिरोज गांधी पीजी कॉलेज-रायबरेली) से B.Ed कंप्लीट किया। जूनियर असिस्टेंट (हाई कोर्ट प्रयागराज) की मेरिट लिस्ट में वैभव की रैंक 87 तथा रायबरेली में प्रथम स्थान है। यह मुकाम वैभव ने अपनी पढ़ाई में सच्ची लगन के फलस्वरूप प्राप्त किया। माता-पिता ने बताया कि बच्चे ने बिना ट्यूशन व कोचिंग के सीबीएसई बोर्ड दिल्ली से अच्छी रैंकिंग में स्वाध्याय के बल पर सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा मैथ विषय के साथ उत्तीर्ण की है। वैभव ने बताया कि पढ़ाई में मेहनत व लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और इस सफलता को प्राप्त करने में उसके माता-पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद साथ रहा। स्कूल प्रबंधक अनूप तिवारी ने बतौर पिता बेटे को नित नई सफलताएं पाने का आशीर्वाद दिया साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को मंगल कामनाओं सहित पढ़ाई में मन लगाकर अधिक समय देने के लिए प्रेरित किया।

# जर्जर सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत, जल्द निर्माण की मांग

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।



सादुल्लानगर क्षेत्र में सड़क की खस्ताहाल हालत ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रेहरा बाजार ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कुरुठथुआ खानपुर को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सादुल्लानगर को मुबारकपुर से जोड़ने वाली पीएमजीएसवाई मार्ग से निकली यह संपर्क सड़क अब बदहाल हो चुकी है। खड़ंजा और सीसी सड़क जगह-जगह से टूट चुकी है, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण विनोद कुमार, विनय कुमार, संजय, मनोज आदि ने बताया कि सड़क इतनी खराब हो गई है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार लोग गिरकर चोटिल हो जाते हैं। बरसात में तो हालत और भी खराब हो जाती है, कीचड़ और पानी से रास्ता बंद जैसा हो जाता है। गड्ढों और टूटी हुई सड़क के कारण यहाँ आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। ग्रामीण अरविंद कुमार, कैलाश और रमजान शामिल हैं।प्रशासन से इस सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग की है।

# किसान वैज्ञानिक संवाद गोष्ठी आयोजित, वैज्ञानिकों ने दी पशुपालन और खेती-बाड़ी की उन्नत तकनीकी जानकारी

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।




विकास खंड रेहरा बाजार क्षेत्र के खरिका मासूमपुर, रामपुर ग्रिंट और तेंदुवा भानपुर गांवों में किसान वैज्ञानिक संवाद एवं गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संबंधित ग्रामों के ग्राम प्रतिनिधियों द्वारा की गई। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र से पधारे वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.पी.एन. गौतम ने किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसान भाई पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक विधियों और नई तकनीकों को अपनाएं, जिससे कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। मृदा वैज्ञानिक डॉ. जगबीर सिंह ने बताया कि मिट्टी की जांच बहुत आवश्यक है, जिससे फसलों के लिए पोषक तत्वों का संतुलित प्रबंधन किया जा सकता है। इससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में सुधार होता है। पादप सुरक्षा वैज्ञानिक गिरिजेश कुमार जायसवाल ने किसानों से फसल संबंधी समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्हें नई तकनीकियों के सुझाव दिए। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही और बताया कि इससे न केवल रसायन मुक्त खेती संभव होगी बल्कि उत्पादन की गुणवत्ता भी बेहतर होगी, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी रणधीर सिंह ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी और किसानों से इनका लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर कृषि विभाग एडीओ एजी रणधीर सिंह,रज्जन कुमार, अंशुल कुमार वर्मा, पंकज कुमार, उत्तम कुमार, जगदीश कुमार यादव,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू खान सहित अनेक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों ने वैज्ञानिकों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाएं भी दूर कीं।

# जिलाधिकारी ने किया खंड विकास अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**बलरामपुर।** डीएम पवन अग्रवाल द्वारा शासकीय कार्यहित के दृष्टिगत जनपद में कार्यरत 8 खंड विकास अधिकारियों/स. खंड विकास अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया हैं। विकास खंड हरैया सतघरवा में तैनात खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार आर्य को विकास खंड रेहरा बाजार में नवीन तैनाती , विकास खंड श्रीदत्तगंज में तैनात खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान को विकास खंड हरैया सतघरवा में नवीन तैनाती से साथ साथ विकास खंड बलरामपुर का अतिरिक्त प्रभार , विकास खंड रहेरा बाजार में तैनात खंड विकास अधिकारी रजनीश कुमार शुक्ल को विकास खंड तुलसीपुर में नवीन तैनाती के साथ साथ विकास खंड गैंसडी का अतिरिक्त प्रभार, विकास खंड बलरामपुर में तैनात खंड विकास अधिकारी संजय कुमार को विकास खंड गैंडास बुजुर्ग में नवीन तैनाती, विकास खंड गैंडास बुजुर्ग में तैनात खंड विकास अधिकारी इंद्रावती को विकास खंड उतरौला में नवीन तैनाती, विकास खंड गैंसडी में तैनात खंड विकास अधिकारी अवींद्र कुमार पांडे को विकास खंड श्रीदत्तगंज में नवीन तैनाती, विकासखंड हरैया सतघरवा में तैनात स. खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह को विकास खंड रेहरा बाजार में नवीन तैनाती, विकासखंड उतरौला में तैनात खंड स. विकास अधिकारी राम किशुन को विकासखंड गैंसडी में नवीन तैनाती सौंपी गई हैं।

# नाला निर्माण न होने से सैकड़ों बीघा जमीन बेकार, किसानों में आक्रोश

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।



सैकड़ों किसान की जमीन हुई बेकार, नहीं हो रही जुताई बिजाई, अपने भाग्य पर आंसू बहा रहे किसान, जिम्मेदार मौन, विकास खण्ड गैंडास बुर्जुग के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैना बुलंद के पुन्नीहवा तालाब जो सैकड़ों बीघा में फैला हुआ है जो जल संचयन में काफी मदत करता है, और पूरे क्षेत्र के बारिश का पानी यही इकट्ठा होता हैं। तालाब के चारों तरफ दर्जनों एकड़ कृषि युक्त जमीन निष्प्रयोज्य हो चुका है क्योंकि तालाब भरने से किसानों की जमीन डूब जाती हैं जिससे लगा फ़सल बर्बाद हो जाता हैं, इसी तालाब से एक नाला निकला हुआ था जिससे पानी निकल कर नदियों तक चला जाता था, किंतु कुछ दबंगों ने नाले को पाट कर खेत बना दिया जिससे पानी न निकलने से किसानों को बहुत दिक्कत हो रही है। किसान कामेश चंद्र, दद्दू राजेश कुमार मिश्रा, मुसाफिर मिश्रा, धर्वेद्र मिश्रा, लवकुश, वीरेंद्र कुमार आदि ने सासन प्रशासन से दबंगों द्वारा पाटे गए नाले को खुदवाने के लिए गुहार लगाई है।

# कृषि तकनीकी गांव की ओर के तहत कृषकों को किया गया जागरूक

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।




विकसित कृषि संकल्प अभियान कृषि तकनीकी गांव की ओर के तहत पूरे भारत में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को जन-जन तक जागरूक करने व खेती और पशुपाल में वैज्ञानिकों द्वारा किए गए सुधारो को जन स्तर तक पहुंचाने का कार्य कृषि विभाग और कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किया जा रहा है।

कृषि तकनीकी गांव की ओर के तहत विकास खंडों श्रीदत्तगंज -विकास खंड के ग्राम अमारे भरिया, तख्तरवा, महदेई सिरसिया के इन सभी गांवों में कृषि विज्ञान केंद्र पचपेड़वा की टीम के वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के द्वारा किसानों के साथ चौपाल का आयोजन किया गया इस किसान चौपाल में वैज्ञानिकों के साथ किसानों का सीधा संवाद हुआ। जिसमें किसानों की खेती से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर वैज्ञानिकों के द्वारा चर्चा किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक महोदय बलरामपुर द्वारा कृषि विभाग की समस्त योजनाओ जैसे मृदा परीक्षण के लिए किसान बीज गोदाम से 50/- अनुदान पर किसानों बीज उपलब्ध, यंत्रीकरण योजना में खेती से संबंधित कृषि यंत्रों पर अनुदान की जानकारी, पीएम फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक किया गया, फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु किसानों को जागरूक किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में pending Ekyc, pending VNO physically varification की जानकारी दी गई, साथ ही किसानों की अन्य समस्याओं को सुना गया और कृषि विज्ञान के वरिष्ठ वैज्ञानिक के अध्यक्ष डॉक्टर सी.पी.एन. गौतम ने प्राकृतिक खेती के गुर सिखाएं। उन्होंने बताया कि प्रकृति खेती जल, जमीन, जीवन को बचाने के दृष्टिकोण से आज की मांग है। मृदा वैज्ञानिक डॉ जगबीर सिंह ने मृदा परीक्षण की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही साथ वैज्ञानिक गिरिजेश कुमार जायसवाल ने धान में लगने वाला हल्दिया रोग के बारे में किसानों को विस्तृत प्रबंधन हेतु जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धान के इस रोग को धान का आभासी कडुवा रोग कहते हैं। इस कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव द्वारा किसान भाइयों को खाद का संतुलित मात्रा में प्रयोग करें इसके बारे में जानकारी दें।, सहायक कृषि विकास अधिकारी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अतिरिक्त विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताएं।, प्राविधिक सहायक किसान भाइयों द्वारा कृषक उत्पादक संगठन बनाने के बारे में बताया। प्रधानमंत्री फसल बीमा के अधिकारी किसान भाइयों को धान की फसल का बीमा करने के बारे में बताएं।, उपयुक्त ग्राम सभाओं की चौपाल में अधिक से अधिक प्रगतिशील महिला व पुरुष कृषक उपस्थित रहे।

## पर्यावरण अनुकूल पर्यटन

इसमें दो राय नहीं कि देश के पहाड़ी राज्यों के लिये पर्यटन उद्योग अब अर्थव्यवस्था को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। कह सकते हैं तमाम पारिस्थितिकीय चुनौतियों के चलते एक मजबूरी भी बन गया है। लेकिन इसमें दो राय नहीं है कि राजस्व सृजन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिये, राज्य सरकारें एक कठिन राह पर चलना सीख रही हैं। दरअसल, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और संरक्षित क्षेत्रों में यह चुनौती ज्यादा बड़ी है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के संवेदनशील स्पीति के इलाके में प्रदेश के वन विभाग ने आने वाले पर्यटकों के लिए दैनिक आधार पर उपयोगकर्ता शुल्क आरंभ करने का निर्णय किया है। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार की इस अभिनव पहल का स्वागत ही किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इस फैसले के बाद अब बिना किसी प्रवेश शुल्क के इन इलाकों में पहुंचना अतीत की बात हो जाएगी। इतना ही नहीं शूटिंग के लिये, मसलन वृत्तचित्र, फीचर फिल्मों व विज्ञापन आदि के साथ ही टेंट लगाने जैसी गतिविधियों के लिये भी शुल्क संरचना तैयार की गई है। यह एक हकीकत है कि पर्यटकों का अराजक व्यवहार वातावरण में न केवल पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाता है बल्कि ठोस कचरा भी छोड़कर जाता है। जिसकी क्षति व सफाई का दबाव राज्य पर पड़ता है। निस्संदेह, सरकार की नई पहल का उद्देश्य आदिवासी जिले लाहौल और स्पीति में पर्यटन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। इसके अलावा हिमाचल उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आगंतुकों के लिये सुविधाओं का विस्तार करना भी है। दरअसल, राज्य सरकार सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और प्रोटोकॉल में संशोधन करके यात्रियों की पहुंच को आसान बना रही है। ऐसी ही एक पहल मंगलवार को किन्नौर जिले के शिपकी-ला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने शुरू की। दरअसल, इन क्षेत्रों के सामरिक महत्व को देखते हुए राज्य के अधिकारी सेना और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिये, खासकर दूरदराज के गांवों के लिये अच्छा संकेत है। जब ग्रामीणों का जन-जीवन बाहर से आने वाले पर्यटकों की गतिविधियों से प्रभावित होता है तो उन्हें पर्यटन से होने वाले लाभ भी मिलने चाहिए। वहीं पर्यटकों की सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। पहलगाम आतंकी हमले ने हमें कई सबक दिए हैं। सबक याद दिलाए हैं कि यदि पर्यटकों की सुरक्षा दांव पर हो तो लापरवाही व चूक के लिये कोई जगह नहीं हो सकती। कश्मीर का हालिया अनुभव बताता है कि जब पर्यटक असुरक्षित महसूस करते हैं तो पर्यटन उद्योग को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही वजह है कि जम्मू-कश्मीर जाने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आ रही है। ऐसे में पर्यटक जम्मू-कश्मीर के विकल्प के रूप में हिमाचल की ओर रुख कर सकते हैं। जिससे हिमाचल के पर्यटन उद्योग को नई प्राण वायु मिल सकती है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिये हर संभव प्रयास करना होगा कि नियमित पर्यटन से हिमाचल को न केवल वर्तमान में बल्कि दीर्घकालिक लाभ भी प्राप्त हो। वहीं राज्य सरकार को ध्यान रखना होगा कि बढ़ती पर्यटन गतिविधियों से क्षेत्र की जन-जातियों की संस्कृति और जीवनचर्या में प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिये यह भी जरूरी है कि पर्यटन से होने वाली आय से इन क्षेत्रों के विकास को भी गति मिले। जिससे स्थानीय लोग पर्यटन गतिविधियों में उत्साह से भाग लें। ऐसा न हो कि अराजक पर्यटन संस्कृति स्थानीय लोगों की अस्मिता को ठेस पहुंचाए। रीति-नीतियां ऐसी बनें कि राज्य की आर्थिकी को गति मिलने का लाभ स्थानीय लोगों के हिस्से में भी आए ताकि वे पर्यटकों का खुशी-खुशी स्वागत करें। सरकार को भी पर्यटकों की सुविधाओं, सुरक्षा और आवागमन का विशेष ख्याल रखना होगा। इससे राज्य के पर्यटन उद्योग को दीर्घकालीन लाभ मिल सकेगा। उत्तराखंड व अन्य पर्वतीय राज्यों को भी हिमाचल की पहल का अनुकरण करना चाहिए।

# बच्चे देश का भविष्य, रोकें बाल श्रम

**साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत में भी अनेक बाल श्रमिक हैं। और बाल श्रमिकों की तेजी से संख्या भी बढ़ रही है हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है परंतु बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग, बाल संरक्षण विभाग, पुलिस, मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना ज़रूरी। देखा जाए तो बाल श्रमिक निम्नलिखित रूप से काम करते हैं? बाल मज़दूर - वे बच्चे जो कारखानों, कार्यशालाओं, प्रतिष्ठानों, खानों और घरेलू श्रम जैसे सेवा क्षेत्र में मज़दूरी या बिना मज़दूरी में काम कर रहे हैं। गली - मोहल्ले के बच्चे - कूड़ा बीनने वाले, अखबार और फेरी लगाने वाले और भीख मांगने वाले। बंधुआ बच्चे - वे बच्चे जिन्हें या तो उनके माता-पिता ने पैसों की ख़ातिर गिरवी रखा है या जो कर्ज़ को चुकाने के चलने मज़बूरन काम कर रहे हैं। वर्किंग चिल्ड्रन - वे बच्चे जो कृषि में और घर-गृहस्थी के काम में पारिवारिक श्रम का हिस्सा हैं। यौन शोषण के लिए इस्तेमाल किए गए बच्चे - हजारों बालिक बच्चे और नाबालिक लड़कियां यौन शोषण की जद में हैं। घरेलू गतिविधियों में लगे बच्चे - घरेलू सहायता के रूप में काम। इसमें लड़कियों का शोषण सबसे ज़्यादा है - बच्चे छोटे भाई-बहनों की देखभाल, खाना पकाने, साफ-सफाई और ऐसी अन्य घरेलू गतिविधियों में लगे हुए हैं। हालांकि इन गतिविधियों को रोकने के लिए भारत में अनेक कानून कायदे बने हैं जैसे कि, खदान अधिनियम 1952-18 साल से कम आयु वाले बच्चों को खदानों में काम करने पर प्रतिबन्ध लगाता है परंतु मेरा मानना है कि संबंधित विभाग शायद इस और ध्यान नहीं दे पा रहा है।**



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक रूप से यह देखा गया है कि अनेक कमर्शियल संस्थानों, औद्योगिक संस्थाओं, दवा उद्योग, खेत खलियानों गृहउद्योग, इत्यादि अनेक व्यवसायिक क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चों से श्रम करवाया जाता है, क्योंकि उन क्षेत्रों में कामों के लिए यह छोटे-छोटे बच्चे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और अपेक्षाकृत रोजी या मजदूरी भी इनकी कम होती है, और डेली वेजेस के रूप में रखकर आसानी से अपना काम करवा लेते हैं। दूसरी तरफ हम अनेक चौराहों, बाजारों, हाट बाजारों, में हमने छोटे-छोटे बच्चों को अकेले या अपने मातापिता के साथ खिलौने, खाद्य पदार्थों इत्यादि बेचने को देखते रहते हैं। अनेक बड़ी या छोटी सिटीओ में तो ट्रैफ़िक सिग्नल चौराहों स्टेशनों, बूथों पर अक्सर यह छोटे बच्चे भीख मांगते, सामान बेचते, हमें दिखते रहते हैं। यह नज़ारा हर छोटी बड़ी सिटी के चौराहों पर आसानी से देखने को मिलता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र बाल श्रम उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित करते हुए कहा कि 2025 तक इस प्रथा को समाप्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई कीआवश्यकता है। आज इस विषय पर हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 12 जून 2025 को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025-बच्चों को मजदूरी नहीं शिक्षा दिलाएं जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्रों का सशक्त उपकरण व रोजगार का अस्त्र है।

साथियों बात अगर हम 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लक्ष्य की करें तो,विश्व बाल श्रम निषेध दिवस, जिसे हर साल 12 जून को मनाया जाता है,अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) द्वारा बाल शोषण के गंभीर मुद्दे को उजागर करने और इसे मिटाने के प्रयासों को संगठित करनेके लिए शुरू की गई एक वैश्विक पहल है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2025 और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह आइएलओ और यूनिसेफ़ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए बाल श्रम पर नए वैश्विक अनुमानों और रुझानों के जारी होने के साथ मेल खाता है। यह महत्वपूर्ण डेटा वैश्विक नीतिगत बहसों का मार्गदर्शन करेगा और सतत विकास लक्ष्य लक्ष्य 8.7 को प्राप्त करनेकी दिशामें प्रयासों को फिर से सक्रिय करेगा। 2025 तक सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने का एक लक्ष्य रखा गया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, सभी देशों को 2025 तक बाल श्रम को समाप्त करने का लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 8.7 में शामिल है, जो सभी रूपों में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय करने का आह्वान करता है।कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशनबाल अधिकारों पर लगातार काम कर रहा है फाउंडेशन की ओर से बाल मजदूरी पर एक जानकारी दी गई है, इसमें बाल मजदूरी से संबंधित कई जानकारी दी गई है,जनगणना 2011 के डेटा के अनुसार, भारत में बाल मजदूरों की संख्या 1.01 करोड़ (10.1 मिलियन) है, इसमें से 0.560 करोड़ (5.6 मिलियन) लड़के और 0.45 करोड़ (4.5 मिलियन) लड़कियां हैं, वहीं हाल के वैश्विक अनुमान के अनुसार 2020 की शुरुआत में वैश्विक स्तरपर 16 करोड़ (160 मिलियन) बच्चे- 6.300 करोड़ (63 मिलियन) लड़कियां और 9.700 करोड़ (97 मिलियन) लड़के - बाल श्रम में थे, जो दुनिया भर में सभी बच्चों में से लगभग 10 में से 1 है,भारत भर में बाल मजदूर कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्रों जैसे ईंट भट्टों, कालीन बुनाई, परिधान निर्माण, घरेलू सेवा, खाद्य भोजनालयों, गन्ना खेतों, मत्स्य पालन और खनन में पाए जा सकते हैं. बच्चों को यौन शोषण और बाल पोर्नोग्राफी के उत्पादन सहित कई अन्य प्रकार के शोषण का भी खतरा है।



साथियों बात अगर हम भारत में बाल श्रम को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों की करें तो, भारत में बाल श्रम उन्मूलन के लिए, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) जैसी नीतियां और योजनाएं शुरू की गई हैं। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 ने बाल श्रम के खिलाफ कानूनी ढांचे को मजबूत किया है। बाल श्रम उन्मूलन के लिए की गई प्रमुख पहलें : बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 : यह अधिनियम 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी व्यवसाय में काम करने से रोकता है, और 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को खतरनाक व्यवसायों में काम करने से रोकता है, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 : यह सभी बच्चों को 6 से 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान करता है, जो बाल श्रम को कम करने में मदद करता है। राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना (एनसीएलपी) : यह परियोजना बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को गैर-औपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, मध्याह्न भोजन, वजीफा और स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करती है, और उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में शामिल करती है। बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 : इस संशोधन के तहत, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सभी व्यवसायों में काम करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिसमें पारिवारिक उद्यमों में काम करना भी शामिल है,,बालश्रम से संबंधित मामलों पर राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन प्राधिकरण (एनसीएलए) का गठन : यह प्राधिकरण बाल श्रम को खत्म करने में मदद करता है, और बाल श्रम से संबंधित मामलों पर कानूनी कार्रवाई करता है।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत में भी अनेक बाल श्रमिक हैं। और बाल श्रमिकों की तेजी से संख्या भी बढ़ रही है हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है परंतु बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग,बाल संरक्षण विभाग, पुलिस, मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना ज़रूरी। देखा जाए तो बाल श्रमिक निम्नलिखित रुप से काम करते हैं? बाल मज़दूर - वे बच्चे जो कारखानों, कार्यशालाओं, प्रतिष्ठानों, खानों और घरेलू श्रम जैसे सेवा क्षेत्र में मज़दूरी या बिना मज़दूरी में काम कर रहे हैं। गली - मोहल्ले के बच्चे - कूड़ा बीनने वाले, अखबार और फेरी लगाने वाले और भीख मांगने वाले। बंधुआ बच्चे - वे बच्चे जिन्हें या तो उनके माता-पिता ने पैसों की ख़ातिर गिरवी रखा है या जो कर्ज़ को चुकाने के चलने मज़बूरन काम कर रहे हैं।वर्किंग चिल्ड्रन - वे बच्चे जो कृषि में और घर-गृहस्थी के काम में पारिवारिक श्रम का हिस्सा हैं। यौन शोषण के लिए इस्तेमाल किए गए बच्चे - हजारों बालिक बच्चे और नाबालिक लड़कियां यौन शोषण की जद में हैं। घरेलू गतिविधियों में लगे बच्चे - घरेलू सहायता के रूप में काम। इसमें लड़कियों का शोषण सबसे ज़्यादा है - बच्चे छोटे भाई-बहनों की देखभाल, खाना पकाने, साफ-सफाई और ऐसी अन्य घरेलू गतिविधियों में लगे हुए हैं। हालांकि इन गतिविधियों को रोकने के लिए भारत में अनेक कानून कायदे बने हैं जैसे कि, खदान अधिनियम 1952-18 साल से कम आयु वाले बच्चों को खदानों में काम करने पर प्रतिबन्ध लगाता है परंतु मेरा मानना है कि संबंधित विभाग शायद इस और ध्यान नहीं दे पा रहा है।

साथियों बात अगर हम हर साल बाल श्रम निषेध दिवस मनाने की करें तो, दुनियाभर में हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसको मनाए जाने का उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम ना कराकर उन्हें शिक्षा दिलाने और आगे बढ़ने के लिए जागरूक करना है। भारत में बालश्रम की समस्या दशकों से प्रचलित है। भारत सरकार ने बालश्रम की समस्या को समाप्त करने क़दम उठाए हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 खतरनाक उद्योगों में बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है। भारत की केंद्र सरकार ने 1986 में बालश्रम निषेध और नियमन अधिनियम पारित कर दिया। इस अधिनियम के अनुसार बालश्रम तकनीकी सलाहकार समिति नियुक्त की गई। इस समिति की सिफारिश के अनुसार, खतरनाक उद्योगों में बच्चों की नियुक्ति निषिद्ध है। 1987 में, राष्ट्रीय बालश्रम नीति बनाई गई थी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025-आओ बच्चों को मज़दूरी नहीं शिक्षा दिलाएं जो सामाजिक आर्थिक राजनीतिक शैक्षणिक क्षेत्रों का सशक्त उपकरण व रोजगार का अस्त्र है,बच्चे हर देश के सुनहरे भविष्य की नींव है,आओ उन्हें मज़दूर नहीं शिक्षित बनाएं,भारत में बाल श्रम रोकने में श्रम विभाग, बाल संरक्षण विभाग, पोलिस, मानव तस्करी विरोधी विभाग, बाल अधिकार आयोग, की सक्रियता में कमी का संज्ञान पीएम को लेना ज़रूरी है।

विचार

# नौपता के बाद झुलसता जीवन

मुकुंद

मान्यता है कि भारत में नौपता के दिनों में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है। यह बात अलग है कि इस बार नौतपा के नौ दिनों ने अधिक नहीं सताया। नौतपा खत्म होने के बाद पड़ रही गर्मी ने हाल-बेहाल कर दिया है। नौतपा पर कहावत है, तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय। इसका अर्थ है कि यदि नौतपा के नौ दिन खूब तपते हैं, तो बारिश अच्छी होगी।

यह एक अवधि है मानी जाती है। अब तक का यह शाश्वत सत्य है कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो गर्मी अपने चरम पर होती है। यह कहावत नौतपा के गर्मी के प्रभाव और उसके मानसून पर पड़ने वाले प्रभाव के बीच सीधे संबंध को रेखांकित करती है। देश का किसान इस कहावत पर विश्वास करता है। उसका दृढ़ विश्वास होता है कि नौतपा के दौरान अगर अच्छी गर्मी हो तो मानसून के दौरान अच्छी बारिश होगी।

नौतपा पर एक अन्य मारवाड़ी कहावत है, दोए मूसा, दोए कातरा, दोए तिड्डी, दोए ताव। दोयां रा बादी जल हरै, दोए बिसर, दोए बाव। अर्थात पहले दो दिन लू न चले तो चूहे अधिक होंगे । दूसरे दो दिन हवा न चले तो कातरे (फसलों को नष्ट करने वाले कीट) बहुत होंगे। तीसरे दो दिन हवा न चले तो टिड्डी दल के आने की आशंका रहती है। चौथे दिन हवा न चलने पर बुखार आदि रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। पांचवें दो दिन हवा न चलने पर अल्प वर्षा होती है। छठे दो दिन लू न चले तो जहरीले जीव-जन्तुओं (सांप-बिच्छू आदि) की बहुतायत हो जाती है। सातवें दो दिन हवा न चले तो आंधी चलने की आशंका रहती। सरल अर्थ में सार यह है कि अधिक गर्मी पड़ने से चूहों, कीटों व अन्य जहरीले जीव-जन्तुओं के अंडे समाप्त हो जाते हैं, क्योंकि यह उनका प्रजनन काल होता है। इस समय लगभग सारा देश गर्मी से झुलस रहा है। कुछ राज्य बरसात होने से राहत महसूस कर रहे हैं। झुलसाती गर्मी रात को भी पीछा नहीं छोड़ रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आज सुबह के पूर्वानुमान ने तो डरा ही दिया है। इसमें साफ कहा गया है कि अगले चार दिन तक उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ते अधिकतम तापमान से कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं। हालांकि उसके बाद धीरे-धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से गर्मी से राहत मिल सकती है। इसके अलावा अगले दो से तीन दिन के दौरान मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इस समय देश की राजधानी दिल्ली भी भीषण गर्मी से कराह रही है। 10 जून को तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आज अधिकतम तापमान के 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूर्वानुमान लगाया है।



नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद जैसे पड़ोसी शहर भी गर्मी के प्रकोप से अछूते नहीं हैं। कल यानी 10 जून को तो पंजाब के भटिंडा में अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके उलट महाराष्ट्र के नांदेड़ में न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 16 जून तक पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में गर्म हवाएं चलने का पूर्वानुमान जारी किया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश भी तप रहा है। पंजाब, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश को 12 जून को भी झुलसाने वाली हवा से छुटकारा मिलने के आसार नहीं हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा में सूरज आग उगल रहा है। वैज्ञानिकों को मौसम में बदलाव 16 जून से शुरू होने की उम्मीद है। मगर कुछ जगह इससे पहले ही कुछ राहत मिल सकती है। मसलन उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 12 जून से ही गरज के साथ बादल जमकर बरस सकते हैं।

हालांकि देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी चक्रवाती प्रसार व हवाओं के ट्रफ से आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और तेलंगाना के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। इन सभी राज्यों में 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है। असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ भारी बारिश के बीच आसमानी बिजली गिरने के आसार हैं। पूर्वोत्तर भारत के इन राज्यों में भी 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक पानी बरस सकता है। बिहार, छत्तीसगढ़ और विदर्भ के अलग-अलग हिस्सों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तूफानी हवा चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 14 जून के आसपास मध्य और आसपास के पूर्वी भारत के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बताई जा रही हैं।

साहित्य



## जिंदगी में गुजर बसर...!

संजय एम तराणेकर

आसान भी नहीं है जिंदगी में गुजर बसर,
पापी पेट के लिए काम कर जाओं पसर।
हर वह जतन करना है जिसका हो असर,
शिकायतों से घर नहीं चलता मिलें नज़र।
रोज़गार के तलाश में भटकते ढोते कहर,
घर परिवार के चूल्हे की चिंता पिते जहर।

आसान भी नहीं है जिंदगी में गुजर बसर,
पापी पेट के लिए काम कर जाओं पसर।
थाली में रोटी नसीबवालों को ही मिलती,
हाँ, अग्नि प्रज्वलित हो खुशियाँ खिलती।
आओं करें इबादत भूखा नहीं कोई सोए,
लंबी हैं जिंदगी सुख-चैन के पल न खोए।





# राशिफल

**मेषः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

सिंहः- अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# धर्म का एक दशक : मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

गजेन्द्र सिंह शेखावत

जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्रीराम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।

कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था – यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी। 2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।

आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए। भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था। यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था- भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है – यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है। इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया। महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और मन की बात के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें। विकास भी, विरासत भी के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे। भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावे और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है। इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं। राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है। भारत का भविष्य तब सबसे उज्ज्वल होगा, जब वह याद रखेगा कि वह कहां से आया है। हम सिर्फ एक लंबा इतिहास वाला देश नहीं हैं, बल्कि हम एक लंबी स्मृति वाली जीवित सभ्यता हैं।

*(लेखक, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटनमंत्री हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 9451244788, 9554964672**

## खबरें एक नजर में

### बसपा की समीक्षा बैठक में पार्टी को मजबूत करने पर बल

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** जनपद कानपुर नगर की विधानसभा 218 घाटमपुर में बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक राजरानी गेस्ट हाउस घाटमपुर में सम्पन्न हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। जीतेन्द्र संखवार मुख्य मंडल प्रभारी, मुकेश कठेरिया मुख्य मंडल प्रभारी कानपुर मंडल, कुलदीप गौतम जिला अध्यक्ष, सुरेन्द्र संखवार जिला कार्य कारिणी सदस्य, रामनारायण निषाद जिला प्रभारी, संजय कुमार संखवार विधान सभा अध्यक्ष बसपा घाटमपुर, मनीष कमल बंजारीलाल पाल, राजू कुरील जी विधानसभा प्रभारी, युवा नेता करुणेन्द्र सिंह, राजकुमार जिला बी वी एफ, हामिद अंसारी नगर अध्यक्ष, वीरेंद्र तिवारी, बलवान सिंह कठेरिया महासचिव, श्रीकृष्ण, सचिव, कमलेश संखवार, जगदम्बा प्रसाद, कमल साहू, बुद्ध प्रकाश संखवार, रामनिवास, अवश्नी कुमार, नरेंद्र संखवार, परशुराम संखवार, हरगोविंद संखवार, छेदालाल, धर्मेन्द्र संखवारबसप नीरज गौतम,दशरथ संखवार ने सेक्टर/बूथ कमेटी की समीक्षा कर मायावती के दिशा निर्देशों के पालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस मौके पर सभी सम्मानित पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

### समाजसेवी ने राहगीरों को पिलाया शरवत

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र के श्रीनगर में पाल मेडिकल स्टोर के संचालक शिवम पाल के के द्वारा राहगीरों और स्थानीय लोगों को शरबत वितरण करवाया गया। लोगों ने पड़ रही भीषण गर्मी में शरबत पीकर गर्मी में राहत महसूस किया। जिसमें मुख्य अतिथि जीतू यादव भावी जिला पंचायत सदस्य चौबेपुर और साथ में आर्यन यादव, नीशू पाल, अभिषेक यादव, अनमोल यादव, रुद्र यादव, अंकित कुमार, अशोक पाल, राजू कुशवाहा आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे।

### टाफी दिलवाने के बहाने मासूम को ले गया दरिन्दा, हैवानियत का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** नगर के एक वार्ड निवासी ने घाटमपुर कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए कस्बे के वार्ड के एक युवक पर उसकी नाबालिक 6 वर्षीय मासूम पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घाटमपुर कस्बे के एक वार्ड निवासी ने शिकायत पत्र देते हुए बतायाा कि नगर के एक वार्ड में रहने वाले कल्लू उसकी पुत्री को मंगलवार की शाम को टॉफी दिलवाने को कह कर गोदी में ले जाकर एक मजार के पीछे दुष्कर्म करने लगा। पुत्री द्वारा शोर मचाएं जाने पर सिर पर ईंट मारकर पुत्री को घायल कर दिया। वहीं जब आवाज सुनकर लोग लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग गया। पुत्री को लेकर वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मासूम को जिला अस्पताल कानपुर रेफर किया है। जहां मासूम की हालत नाजुक बताई गई है। वहीं पुलिस जांच में जुटी हुई है। देर रात पुलिस कमिश्नर भी घटमपुर सीएचसी पहुंचे और मामले की जानकारी दें

### दो डंपर आमने-सामने भिड़े, चार घायल

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के इंगोहटा के आगे हाईवे पर दो डंपर आमने–सामने भिड़ गए। जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार की रात करीब ढाई बजे नेशनल हाईवे 34 पर इंगोहटा गांव के आगे सिंह ढाबा के सामने दो डंपर आमने.सामने टकरा गए। इस घटना में पतारा घाटमपुर निवासी सोनू नगेलिन घाटमपुर निवासी गया प्रसाद नरवल कानपुर निवासी शुभम नगलन घाटमपुर निवासी विजय गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे की इंगोहटा चौकी इंचार्ज शिवशंकर पांडे ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा। जहां गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि दोनों डंपरों के चालक खलासी घायल हुए है।केबिन में फंसे घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद निकाल कर अस्पताल भेजा गया है।

### बयान बदलने के लिय दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बा निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी गांव के दो युवक वांछित अभियुक्त के मामले में बयान बदलने के लिए अनावश्यक दबाव बना रहे जिससे आहत होकर कोतवाली में तहरीर सौंप न्याय की गुहार लगाई है पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। जानकारी के अनुसार कस्बे के फैयाज पुत्र अब्दुल जमील बड़े चौराहा निवासी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि कम्हरिया निवासी गुलाम पुत्र रहमान रफीक पुत्र रहमान पत्नी के मामले मे लाल भाऊ जो इस समय जेल में है उसके बयान बदलने का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहे है जिससे आहत होकर पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर सौंप कर न्याय की गुहार लगाई कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### रेस्टोरेंट मालिक ने बंधक बनाकर मैनेजर को पीटा, चोरी का वीडियो बनाने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** मैनजर ने रेस्टोरेंट मालिक पर बंधक बनाकर मारपीट करने व जबरन ढाई लाख की चोरी कुबूल कराने का वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। जरिया थाने के मझोखर गांव निवासी व हालपता पठानपुरा मोहल्ला निवासी गोविंद पुत्र परमानंद ने बताया कि वह उरई रोड स्थित रामरती रिसोर्ट में 2022 से मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। अब वह अन्य किसी जगह काम करना चाहता है। उसने बीस दिन पहले से ही रामरती रिसोर्ट के मालिक को बोल दिया था कि तुम मैनेजर पद के लिए अन्य किसी की व्यवस्था कर लीजिए। बताया कि तीन जून की रात करीब दस बजे मालिक अपने दो साथियों के साथ रिसोर्ट में आए और चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो मालिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे बंधक बनाकर बेहरमी से मारा–पीटा। आरोप लगाया कि जबरन वीडियो बनाई और ढाई लाख रुपए की चोरी कुबूल करने का दबाव बनाया। बताया कि उसने वहां डर के कारण वीडियो में बोल दिया। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चना व सरसों का नहीं खरीदा गया एक दाना, दलहन-तिलहन खरीदने के लिये कई केंद्र खुले

**मौदहा, हमीरपुर।** किसानों को दलहन तिलहन का उचित मूल्य निर्धारित करते हुए स्थानीय गल्ला मंडियो में जगह–जगह सरकारी खरीद केंद्र खोल रखें है जिससे किसानों को खरीद केंद्रों में अपने उपज को बेचकर निर्धारित मूल्य प्राप्त कर उचित लाभ मिल सके। कस्बे के मंडी समिति मे दलहन तिलहन खरीद केंद्र में सरकार से निर्धारित चने का मूल्य 5650, सरसों का 5950 प्रतिकुंटल है इसी प्रकार मसूर का निर्धारित मूल्य 6700 है लेकिन चना और सरसों की खरीद केंद्र में अभी तक बोहनी भी नहीं हुई वहीं मसूर के दामों में स्थानीय मंडी से अधिक होने पर 250 किसानों ने 5817 कुंतल मसूर खरीदी गई है दलहन तिलहन खरीद केंद्र के संचालक अजय कुमार ने बताया खुले बाजार में चना और सरसों के मूल्य बाजार में लगभग बराबर होने पर किसान सरकारी झंझटों से बचते हुए अपने उत्पाद बाजार में बेच रहा है वही मसूर के दामों में कम होने से मसूर की बिक्री सरकारी खरीद केंद्र में कर रहा है जिसमें अभी तक 250 किसानो मे से 125 किसानो का भुगतान किसानो का पेमेंट हो चुका है और कुछ किसानों का पेमेंट प्रोसेस में चल रहा है वही 5150 कुंतल मसूर भेजी जा चुकी है।

### नशे में की अभद्रता, पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के मवई गांव निवासी चंद्रवती पत्नी मानसिंह ने बताया कि बुधवार की दोपहर गांव का एक व्यक्ति शराब के नशे में आया और गाली गलौज करने लगा। घर पर उसके पति नहीं थे। जब उसने विरोध किया तो उसे मारा–पीटा। मारपीट से उसके घुटने में चोटें आईं हैं। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# बारह ग्रामों के पूर्व ग्राम प्रधानों व सचिवों के खिलाफ आरसी जारी

- दस साल पहले आडिट में सामने आयी थी तमाम धांधली, उन्नीस जून को विधानसभा पीआरसी करेगी पूछताछ

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायतों में राज्य वित्त आयोग व पंद्रहवा वित्त आयोग में दस साल पहले खर्च करने के बाद हुये आडिट में 58 आपत्तिया दर्ज की गयी है जिनकों शासन स्तर पर निगरानी की जा रही है, हालांकि आगामी 19 को विधानसभा पंचायती राज समिति(पीआरसी) में विधायकों की टीम जांच पडताल करेगी। फिलहाल 17 प्रस्तरों यानी कम से कम वारह ग्रामों के पूर्व ग्राम प्रधानों व सचिवों के खिलाफ आरसी जारी कर दी गयी है। जिसे भू राजस्व की भाति वसूल की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक जिले में ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान व सचिवों द्वारा खर्च की गयी धनराशि का समय समय पर आडिट किया जाता है। हालांकि अब ऑनलाइन आडिट होने पर बहुत समय लगता है और जो गुणवत्ता जांच में होनी चाहिये वह नही आ पाती है। क्योकि ग्राम प्रधान व सचिव हर एक अभिलेख कम्प्यूटर में अपलोड नही करते है। वर्ष 2016-17 मे किये गये आडिट में 58 प्रस्तरों का मामला सामने आया था डीपीआरओ जीतेंद्र मिश्रा ने दावा किया है कि उसमे 35 प्रस्तर संतोष जनक पाये गये इसके बाद सत्रह ग्राम सभाओं के खिलाफ लाखों रुपये की आरसी जारी की गयी है। जिसे भू राजस्व की भांति वसूल की जायेगी। एक मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आडिट रिपोर्ट के अनुसार विधानसभा स्तर पर पंचायती राज समिति का भी गठन किया जाता है जिसमे ज्यादातर विरोधीदल के नेता सदस्य होते है वह जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम पंचायत व क्षेत्रपंचायत वाइज जांच करते है। इसके लिये आगामी 19 जून की तिथि निश्चित की गयी है जिसमे डीपीआरओ व सीडीओ अन्य अधिकारी जायेगे। बताया जाता हैकि ग्राम पंचायतो द्वारा खर्च किये गये धनराशि में ज्यादातर गांव दोषी पाये जाते है यही नही आडिट में आन लाइन फंसने के डर से लोग मुख्य अभिलेख नहीं लगाते है जिससे आडिट रिपोर्ट आधी-अधूरी रह जाती है। जांच रिपोर्ट में धाधली बढ़ती जा रही है। इसी प्रकार जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायतों में जांच मे भारी धांधली पायी जाती है।

### जिले में लगातार बढ़ रहे मानसिक रोगी, डाक्टर का अता पता नहीं

**हमीरपुर।** जिले में पढ़ रही भारी गर्मी व डिप्रेशन के चलते मानसिक रोगियों की संख्या बढ़तीजा रही है यह संख्या डेढ़ सौ से अधिक हो गयी है जिसमे करीब अठारह लोगों को बाहर इलाज के लिये भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक जिले में मानसिक रोगियों की संख्या बढने के पीछे गरीबी व अशिक्षा का अभाव बताया जाता है जिसमें व्यक्ति में सहनशीलता खत्म हो जाती है। और व आत्महत्या करने के लिये कदम उठा लेता है। इधर जिले में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं राठ व मौदहा क्षेत्र में हुई है। मानसिक रोग विभाग के जिला समन्यवक व डिप्टी सीएमओ केके यादव का कहना है कि मानसिक रोगी होने के तमाम कारण है मगर डिप्रेशन के चलते लोग यह घातक कदम उठा लेते है मगर जिले में कोई मानसिक चिकित्सक न होने के कारण लोगो का इलाज नहीं हो पा रहा है जिससे लोगो में रोष व्याप्त है। हालांकि इसके लिये कई एनजीओ काम करते है मगर उसका रत्ती भर लाभ नही मिल पा रहा है।

## रपटा टूटने से किसानों के लिये रास्त हुआ बंद, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

- लघु सिचाई विभाग ने लाखों रुपये लगा दिये ठिकाने

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड क्षेत्र के गांव में हाल में बना रपटा टूट जाने से लोगों का निकलना दुश्वार हो गया है वहीं खेती किसानी के लिए भी आने-जाने के लिए गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

लघु सिचाई विभाग ने लाखों रुपये पानी में बहा दिया है। विकासखंड के गांव गुढ़ा के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी घनश्याम मीना को बताया है कि सिंचाई विभाग द्वारा गांव से निकली चंद्रावल नदी में रपटा बनाया गया था जो नदी में बाढ़ आने से टूट गया है जिससे लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया है। वहीं खेती किसानी या खेत बोने या जुताई करने के लिए जाने का एकमात्र रास्ता वही है जिससे ग्रामीणों के सामने बड़ी गंभीर समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि रपटा में सामग्री घटिया किस्म की लगायी गयी थी जिससे रपटा ध्वस्त हो गया है, यही नहीं ज्यादातर रपटा ध्वस्त होते जा रहे है। यही हाल चेकडैमो का है समय से पहले ही चेकडैम ध्वस्त हो गये है। गांव के लोगों का कहना है कि रपटा के टूट जाने से आने जाने में परेशानी हो रही है कोई सुनने वाला नही है। हालाकि जेई सदानंद यादव का कहना है कि रपटा को कार्य योजना में ले लिया गया है शीघ्र ही इसकी मरम्मत करायी जायेगी। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान देवीदीन, संदीप, मूलचंद भगवान दीन, बदसूराय, दयाराम, सुनील कुमार, सुरेश व प्रमोद आदि मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक पर कूदकर युवक ने जान दी

**मौदहा, हमीरपुर।** बुधवार की दोपहर क्षेत्र के एक गांव के युवक ने रेलवे ट्रेक में कूदकर जान दे दी यह खबर सुनते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया घटनास्थल पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया पुलिस को सूचना दी गई कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी संदीप पुत्र रज्जू कुशवाहा गांव के पास से निकली रेलवे लाइन में कुटी के पास दोपहर के समय मालगाड़ी के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। यह खबर सुनते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई ग्रामीणों का घटना स्थल पर जमावड़ा लग गया मृतक दो भाइयों में दूसरे नंबर का था अपने पीछे मां बाप भाई



को रोता बिलखता छोड़ गया। रज्जू मूलचंद बालवीर आदि ने बताया मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था कभी–कभी अजीबो गरीब हरकत करने लगता था। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज मनोज पांडे को घटना स्थल पर भेजा गया है शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## युवक नाबालिग लड़की व नकदी-जेवरात के साथ फरार

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी रामप्यारी ने बताया कि वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार चलाती है। जब वह भट्ठे पर गई थी तो उसकी नाबालिग पुत्री खुशबू घर में अकेले थी जिसे गांव का साबिर बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इतना ही नहीं घर में बड़ी बेटी की शादी के लिए रखे पचास हजार रुपये नकदी और जेवरात भी साथ ले गए हैं। पीड़िता ने बताया कि उक्त साबिर ने फोन पर कहा है कि मैं ले गया हूँ जो उखाड़ सकती हो उखाड़ लो। पीड़िता ने अपनी पुत्री और साबिर के फोन नम्बर कोतवाली पुलिस को सौंपे हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कबीर पथ पर चलकर समाज अपना जीवन सफल बना रहा: डॉ. सुरेश

- कोरी समाज के बैनर तले कबीरदास की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

**हमीरपुर।** आज कोरी समाज महासंस्थान के बैनर तले रामबहादुर नयन जी के आवास पर सन्त कबीरदास की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश कोरी प्रदेश अध्यक्ष कोरी समाज ने कहा कि कबीर दास जी पढ़े लिखे नही थे फिर भी उनको इतना ज्ञान प्राप्त था कि आज पूरे देश उनके पद चिन्हों पर चल रहा है, कबीर पथ पर चल कर अपना जीवन सफल बना रहा



है कबीर साहब निराकार के उपासक थे उनका मानना था कि मूर्ति के रूप में ईश्वर नहीं हो सकता जो मनुष्यों ने बनाये है पर कबीर साहब उनको मानते थे जो मनुष्य को बनाया है कबीर साहब समाज के लिये बहुत कार्य किये उन्होने समाज मे ब्याप्त अंधविश्वास रूढ़ियों और जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाई और लोगो को प्रेम एकता का संदेश दिया और कबीर साहब समाज सुधार का काम किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभान दारोगा ने कहा कि सभी समाज के लोग एक होकर रहो और जो अपने महापुरुष हुए है उनके पद चिन्हों पर चलो और आगे बढ़ो इस कार्यक्रम में सभी लोगो ने कबीर साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और समाज को एक रहने की अपील की। इस कार्यक्रम में कामत प्रसाद राजकुमार छोटेलाल वर्मा देवेश निषाद चंद्रभान जिला उपाध्यक्ष संतराम हरिबाबू भगवानदास कोषाध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे।

## तीन लाख दहेज न देने पर महिला को घर से निकाला

**राठ, हमीरपुर।** अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपए की मांग पूरी न होने से ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाली के स्यावरी गांव निवासी सुनीता पुत्री करन पाल ने बताया कि उसका विवाह तीन वर्ष पहले सरीला तहसील के मंगरौल गांव निवासी रोहित पाल के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप लगाया कि पति डीजे का काम करने के लिए उसे पर मायके से 3 लाख रुपए लाने का दबाव बनाने लगा। जब उसने अपने पिता की गरीबी का हवाला देकर 3 लाख रुपये देने में असमर्थता जताई तो पति सहित अन्य ससुरालीजनों ने मारपीट कर धक्के मारकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## योग में उपवास, चिकित्सा के बारे में दी गयी जानकारी

- आंगनवाड़ियों ने सीखे योग के गुर, जीवन छोटा है, इसे स्वच्छता के साथ जिये

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के थीम आधारित योग दिवस 2025 को सफल बनाने के लिये मास्टर ट्रेनर डॉ बृजेश के द्वारा जेल में सभी कैदियों को योग सिखाया गया योग को हमीरपुर के सभी वर्गों के बीच पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को जनपद हमीरपुर के योग मास्टर ट्रेनर डॉ बृजेश कश्यप के नेतृत्व में अर्बन हमीरपुर के सभी आंगनवाड़ी को योग दिवस की जानकारी दी गई तथा समग्र स्वास्थ्य संवर्धन सम्बद्ध योग तथा योग प्रोटोकॉल सीवाईपी प्रशिक्षण दिया गया



जिसमें दैनिक योगाभ्यास में ऊषापान ताड़ासन त्रियक ताड़ासन कटी चक्रासन मर्जरीआसान त्रिकोणासन उष्ट्रासन शीतली प्राणायाम सीत्कारी प्राणायाम साथ ही योग के प्रोटोकॉल का अभ्यास सिखाया गया आंगनवाड़ीयों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हेतु सकारात्मक सोच का महत्व पूर्ण भूमिका के बारे में सभी को जानकारी दीगयी। साथ में महिलाओं के कमरदर्द पीसीओडी तनाव प्रबंधन करने वाले योग भी सिखाया गया जीवन छोटा है इसे गहराई से स्वास्थ्यता के साथ जीना चाहिए समय बदलेगा जरूर। सीडीपीओ शशिप्रभा के नेतृत्व यह कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम की सभी ने सराहना की और डॉ. कश्यप ने अन्त में उपवास चिकित्सा के बारे में सबको जानकारी दी ।

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में महोबा पुलिस का बेहतर प्रदर्शन

- 79% मिले अंक, प्रदेश में आया चौथा स्थान

**महोबा।** जनपद महोबा पुलिस ने मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित सीएम-डैशबोर्ड पर मई-2025 के लिए कानून व्यवस्था में प्रदेश भर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं । पहला स्थान पर जनपद रामपुर है। पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में जनपद पुलिस ने एक बार फिर अपनी दक्षता साबित करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित सीएम-डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था के मानकों पर आधारित रैंकिंग में मई-2025 के लिए प्रदेश भर में चौथा स्थान प्राप्त किया है। जनपद पुलिस ने विभिन्न पोर्टलों की सेवाओं में उच्च गुणवत्ता और समयबद्धता से कार्य किया। शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार, पुलिस विभाग की योजनाओं, परियोजनाओं और सेवाओं की समीक्षा करते हुए पुलिस ने सीएम-डैशबोर्ड पर आने वाली चुनौतियों को प्रभावी ढंग से दूर किया।



### इन बिंदुओं पर तय होती है रैंकिंग

गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही, गैंगस्टर अधिनियम की लंबित विवेचना, गुंडा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, गिरफ्तारी आत्मसमर्पण, गोवध निवारण अधिनियम, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध (गंभीर चोट), अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध (बलात्कार), अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, जघन्य अपराधों में लंबित विवेचना समेत कुल 51 बिंदु शामिल हैं।

पुलिस के इस शानदार प्रदर्शन पर उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार समीक्षा की गई और विभाग के सभी अधिकारियों और थाना प्रभारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

## नामदेव समाज महोबा ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

सन्त नामदेव समाज सेवा समिति के तत्वाधान में महोबा मुख्यालय के राजकीय बालिका इंटर कालेज में नामदेव समाज के कक्षा 10वीं, 12वीं एवं उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में चनयित छात्रों की अद्भुत शैक्षणिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में एक' विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिनके नाम क्रमशः हाई स्कूल के छात्र - विजय नामदेव, लक्ष्मी देवी, हिमांशु नामदेव, विनय नामदेव, स्वाति नामदेव, माही नामदेव ,सौम्या नामदेव। इंटरमीडिएट के छात्र -मोहिनी नामदेव, अंशुल नामदेव, प्रियांशु नामदेव, हेमंत नामदेव, ऋषभ नामदेव, प्रशांत नामदेव, यशवर्धन नामदेव। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में चनयित छात्र- मुकुटमणि नामदेव, हेमंत नामदेव, हर्ष नामदेव, शिवानी नामदेव, पंकज नामदेव, कृष्णकांत नामदेव, आशीष नामदेव को उपहार स्वरूप सन्त नामदेव जी की प्रतिमा, सम्मान पत्र, और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्टता को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



कार्यक्रम नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष मनीष नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सन्त नामदेव समाज सेवा समिति के संरक्षक गण उपस्थित रहे। आप को बता दे कि नामदेव समाज के संरक्षक रमाशंकर नामदेव ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि केवल एक प्रमाण पत्र या अंकपत्र तक सीमित नहीं है। यह उस कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है, जो छात्रों ने पूरे वर्ष किया। आपने यह साबित कर दिया कि लक्ष्य चाहे जितना भी बड़ा हो, अगर संकल्प सच्चा हो तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। इसी कार्यक्रम के चलते डॉ हरिप्रकाश नामदेव द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया और कहा कि यह केवल आपकी सफलता का प्रतीक नहीं है, बल्कि आगे की यात्रा के लिए एक प्रेरणा है। क्योंकि अब आपके जीवन का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में छात्रों के साथ उनके माता-पिता भी उपस्थित रहे। जिससे पूरे माहौल में उत्साह और गर्व की भावना देखने को मिली। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही नामदेव समाज के लोगो द्वारा इस प्रकार की प्रेरणादायक पहल की सराहना की गयी। इस मौके पर नामदेव समाज के अध्यक्ष मनीष नामदेव ने आये हुए सभी नामदेव समाज के लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल में यह कार्यक्रम पहला है और ऐसे ही कार्यक्रम के माध्यम से हर वर्ष हमेशा ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाता रहेगा। इस मौके पर सन्त नामदेव समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों सहित महोबा जनपद के कुलपहाड़, चरखारी, कबरई श्रीनगर, वेलताल, खरेला, अजनर, पनवाड़ी से लगभग 1 सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित रहे ।

# जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर डीएम की कड़ी कार्रवाई, वेतन रोकने के दिये निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाना ही शासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के पूर्ति व जनपद को प्रदेश में अच्छी स्थिति में बनाए रखने के उद्देश्य से आज 11जून 2025 को जिलाधिकारी श्रीमती गजल भारद्वाज द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्रीराम प्रकाश के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जन शिकायतों से सम्बंधित IGRS(जनसुनवाई) पोर्टल की समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन समीक्षा की गई। महोदया द्वारा पोर्टल पर जनपद की पूर्व स्थिति व वर्तमान स्थिति की



समीक्षा करते हुए रैंकिंग के निर्धारित 11 मूल्यांकन बिंदुओं पर विभाग/अधिकारी वार ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पुष्पेन्द्र निरंजन से जानकारी ली गई।जिसमे सबसे महत्वपूर्ण बिंदु, शिकायतकर्ता से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक व शिकायतकर्ता से सम्पर्क न किए जाने (प्राप्त शिकायतें जिनका निस्तारण शिकायकर्ता की संतुष्टि के आधार पर नहीं हुआ)वाले निस्तारण से सम्बंधित अधिकारियों जैसे- जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह, अधिशाषी अभियंता विद्युत नगरीय पीयूष कुमार, अधिशाषी अभियंता विद्युत ग्रामीण अनिल कुमार व परियोजना अधिकारी डूडा राकेश कुमार वर्मा का वेतन रोकनें के निर्देश दिए तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदया नें अधिशाषी अभियंता जल निगम, ARM रोडवेज व सहायक अभियंता लघु सिंचाई से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।साथ ही निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन प्रातः कार्यालय में पहुंचकर जनसुनवाई करे।साथ ही IGRS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर संतुष्टि के आधार पर नियमानुसार निस्तारण करे । यदि कार्रवाई में मौके पर जाने की आवश्यकता है तो स्थलीय निरीक्षण कर गवाहों के हस्ताक्षर, फोटोग्राफ सहित आख्या लगाई जाए। समीक्षा में शिकायतों का समय से, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने तथा अन्य खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों जैसे खाद्य सुरक्षा,आबकारी, कार्यक्रम, स्वास्थ्य, पशु पालन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, खनिज, LDM बैंक, कृषि, राजस्व, ग्राम्य विकास विभाग व नगर पालिका महोबा को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गये। इस बैठक में उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, उपायुक्त मनरेगा अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


### विशेष रेलगाड़ी सं. 04216/04215 की समय-सारणी में संशोधन

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 04216/04215 सुलतानपुर जं.–साबरमती–सुलतानपुर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस की समय–सारणी में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. 04216/04215 सुलतानपुर जं.–साबरमती–सुलतानपुर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस | | | | 06 फेरे |
|---|---|---|---|---|
| गाड़ी सं. 04216 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04215 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:00 | सुलतानपुर जं. | 11:00 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ जं. | 07:35 | 07:45 |
| 08:20 | 08:25 | कानपुर सेंट्रल जं. | 05:55 | 06:00 |
| 10:20 | 10:25 | इटावा जं. | 02:15 | 02:20 |
| | | वाया शमशाबाद टाउन | | |
| 15:25 | 15:30 | आगरा छावनी | 23:05 | 23:10 |
| 16:35 | 16:40 | भरतपुर जं. | 22:00 | 22:05 |
| 18:20 | 18:25 | बाँदीकुई जं. | 19:40 | 19:42 |
| 19:35 | 19:45 | जयपुर जं. | 18:00 | 18:10 |
| 20:28 | 20:30 | फुलेरा | 17:14 | 17:16 |
| 22:45 | 22:55 | अजमेर जं. | 16:00 | 16:10 |
| 23:40 | 23:42 | ब्यावर | 15:15 | 15:17 |
| 00:50 | 00:55 | मारवाड़ जं. | 14:10 | 14:15 |
| 01:35 | 01:37 | फालना | 13:06 | 13:08 |
| 03:20 | 03:30 | आबूरोड | 11:40 | 11:50 |
| 05:15 | 05:17 | पालनपुर जं. | 10:58 | 11:00 |
| 06:05 | 06:07 | महेसाना जं. | 09:38 | 09:40 |
| 07:30 | ----- | साबरमती | ----- | 08:50 |

**चलने के दिनः 04216 सुलतानपुर जं.** से प्रत्येक शुक्रवार को 13.06.2025 से 27.06.2025 तक और **04215 साबरमती** से प्रत्येक शनिवार को 14.06.2025 से 28.06.2025 तक। **स्थानः** शयनयान एवं समान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

1728/2025

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एसपी की पहल : चौपाल से विवादों का मौके पर ही हो रहा निस्तारण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु शुरू की गयी एक नई पहल पर जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एक नई पहल की शुरूआत की गयी है, जिसमें सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को जनपद के सभी थानों की एक-एक ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारित किया जाना है जिससे पुलिस के प्रति जनता में विश्वास बढ़े और जनसंवाद का स्तर उच्चकोटि का हो सके। जनपद के सभी थानों में राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में ग्राम वासियों के बीच चौपाल का आयोजन कर उनकी समस्या को सुना गया एवं मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं जैसे भूमि विवाद, पैसे की लेन-देन, चकमार्ग,नाली सम्बन्धी आदि शिकायतों को मौके पर ही प्राथमिक स्तर पर निस्तारण कराया गया। उक्त कार्यवाही की जनता द्वारा सराहना की गयी। बाराबंकी पुलिस द्वारा ग्राम अपराध रजिस्टर में अंकित विवादित मामलों का अवलोकन कर उनके बारे में जानकारी की गयी एवं मामले की वर्तमान स्थिति के बारे में अन्य जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही शस्त्र धारकों व हिस्ट्रीशीटर के बारे में भी जानकारी ली गई। चौपाल में उपस्थित ग्राम वासियों को ग्राम चौपाल के योजना के महत्व एवं साइबर क्राइम, यातायात जागरूकता से अवगत कराते हुए सतर्क रहने एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090/ 112/ 1076/ 108/ 1930 के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया।



### चौपाल में निस्तारित प्रकरण

थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढकौली में दो पक्षों के मध्य रास्ते में खम्भा लगाने को लेकर चल रहे विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया। थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुशुम्भा में तालाब की जमीन में कब्जे व दो पक्षों के मध्य नाली सम्बन्धित विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया। थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम टिकैतगंज में तीन भाईयों के मध्य जमीन के बंटवारे सम्बन्धित विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया। थाना जैदपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बीबीपुर में भाईयों के मध्य पैत्रक जमीन के बंटवारे सम्बन्धित विवाद को राजस्व विभाग की मदद से निस्तारित कराया गया।

# वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. कन्हैयालाल जैन की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**रामसनेहीघाट-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा सुमेरगंज के प्रतिष्ठित व्यवसायी व वरिष्ठ भाजपा नेता रहे स्व कन्हैया लाल जैन की तीसरी पुण्यतिथि पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं अनुसूचित जनजाति जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत सहित अन्य भाजपाइयों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के कस्बा सुमेरगंज के प्रतिष्ठित व्यवसाई रहे स्व कन्हैया लाल जैन की तीसरी पुण्यतिथि उनके नवीन प्रतिष्ठान जैन बुक डिपो पर उनके पुत्र रूपेश जैन व मुकेश जैन ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागतोपरांत शांति भोज करा कर विदाई दी ।इस अवसर पर प्रमोद गुप्ता उर्फ मुन्ना, रितेश गुप्ता, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, प्रबीन सोनी,विजय कुमार, रामसरन मौर्या सहित काफी सख्या में लोगो ने पहुचकर शान्ति भोज में शामिल हुए ।



## खबरें एक नजर में

### आगामी 13 जून को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**हैदरगढ़-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के नरौली गांव में आगामी 13 जून दिन शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता हाई कोर्ट स्वर्गीय शिवानंद मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है आयोजक बृजेश मिश्रा ने बताया कि स्वर्गीय मिश्रा की पुण्यतिथि पर किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल एवं अन्य मशहूर चिकित्सको की देखरेख में उक्त आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी प्रकार के रोगों की जांच एवं उचित परामर्श अनुभवी डॉक्टरों द्वारा दिया जाएगा कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर सायं काल तक चलेगा जिसमें क्षेत्र की जनता लाभान्वित होगी।

### भीषण गर्मी में बिजली बचाने के लिए एसडीओ ने की अपील

**सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विद्युत उपखंड अधिकारी मसौली अभिषेक मल्ल ने भीषण गर्मी के मौसम में बिजली बचाने के लिए क्षेत्र के उपभोक्ताओं से विशेष अपील की है। उन्होने बताया कि वर्तमान में गर्मी अपने चरम पर है।अत्यधिक गर्मी के कारण बिजली के तार और ट्रांसफार्मर प्रभावित हो रहे हैं। बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए विद्युत कर्मचारी पूरी मेहनत कर रहे है। अभिषेक मल्ल ने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अनावश्यक बिजली उपकरणों का उपयोग न करें। विशेष रूप से रात के समय एक से अधिक एसी जैसे बड़े उपकरणो का इस्तेमाल सीमित करें। उन्होंने कहाकि इस तरह के सावधानी बरतने से बिजली के तार और ट्रांसफार्मर को क्षति से बचाया जा सकता है।उपभोक्ताओं से अपेक्षा की गई है कि प्रत्येक घर कम से कम 100 वाट बिजली की बचत करे।इससे तार और ट्रांसफार्मर को अतिरिक्त भार से बचाया जा सकेगा। उन्होंने राष्ट्रीय हित में बिजली बचाने की अपील की है।

### घेराबंदी कर पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**जैदपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में जुआ खेलने वालों पर पैनी नजर रखे जैदपुर पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर घेराबंदी कर पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर ताश के पत्ते व छः हजार रुपए से अधिक की नगदी बरामद कर कार्यवाही करने से जुआरियों में हड़कंप मच गया।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र में चल रहे तमाम जुये के अड्डों पर अंकुश लगाने हेतु जैदपुर पुलिस लगातार जानकारी होने पर? कार्यवाही कर रही है। फिर भी पुलिस को चकमा देकर जगह बदल बदल कर दलालों द्वारा जुये के अड्डों को संचालित किया जाता है।मुखबिर की सूचना पर कमरावां गांव? के पहले एक बाग मे नफीस पुत्र हसीब भनौली,मो अहमद पुत्र रफीक को 1660 रुपए बरामद किये गये।वहीं एसआई आलोक कुमार ने कमरावां गांव के पहले एक पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे मंशाराम पुत्र नेपाल सिंह,शनि पुत्र संजय वैस पुत्र रहीस निवासी भनौली को गिरफ्तार कर 4575 रूपये नकद व ताश के पत्ते बरामद किये गये। पुलिस की लगातार जुआरियों पर हो रही कार्यवाही से जुआरियो व जुआ खेलवाने वाले दलालों में हड़कंप मचा है।जबकि सूत्रों की मानों तो जैदपुर में जुआरियों के एक दलाल द्वारा जगह बदल बदल कर जुऐ के अड्डों को आज भी संचालित कर मोटी रकम की कमाई की जाती है। रात में अलग दिन में अलग दलाल की देख रेख में दुल्हन की तरह सजते हैं जुएं के बड़े-बड़े अड्डे जहां लाखों का जुआ होना कोई नयी बात नहीं है।

### दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित

**फतेहपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में जिला अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार इस शिविर में बुजुर्गों के लिए आंखों की नि:शुल्क जांच की गई। और साथ ही जरूरतमंद बुजुर्गों को मुफ्त चश्मा वितरण की व्यवस्था भी की गई।जिसमे भारी संख्या मे बुजुर्गों ने अपना नेत्र परीक्षण करवाया और चश्मा प्राप्त किया चश्मा पाकर मरीजों के चेहरों पर खुशी की लहर दिखी क्योंकि उनकी आंखों में रोशनी लौट आई।कार्यक्रम में नेत्र परीक्षण अधिकारी प्रेम रंजन,शहाबत अली खान और कन्हैया चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यह कार्यक्रम बुजुर्गों की दृष्टि संबंधी समस्याओ के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

### चार युवकों ने घर में घुसकर महिलाओं से की मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रंगबाजी को लेकर 4 युवकों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी ।इस दौरान युवती की सोने की अंगूठी खो गयी। पीड़िता ने घटना की शिकायत पुलिस से की है पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला हरीपुरा निवासी गीता कुशवाहा पुत्र सुरेश चंद्र ने बताया कि मंगलवार की रात करीब साढ़े 10 बजे वह घर पर थी। इसी दौरान राजेश व आकाश पुत्रगण गजेन्द्र सिंह , सौरभ पुत्र मनीष, शिवम पुत्र गोविन्द आ गये तथा घर में घुसकर कर महिलाओं को गालियां देने लगा। जब महिलाओं ने गाली देने से मना किया तो इन लोगों ने महिलाओं के साथ लकड़ी की फंटी से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान पिंकी के हाथ से सोने की अंगूठी गायब हो गयी ।लड़कों ने गाली-गलौज के बाद मारपीट कर की घटना को अंजाम देने के बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पीड़िता ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी जब तक पुलिस पहुंचती तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। इन युवकों द्वारा आये लोगों के झगड़ा करने व मारपीट की आदत बन चुकी है ।इसके बाद भी पुलिस इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है जिसके कारण आसपास के लोग खौफजदा है। पीड़िता ने घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फांसी के फन्दे से लटकती मिली विवाहिता, इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता फांसी के फंदे से लटक गई। जानकारी होते ही पति द्वारा उसे ले जाकर मेडिकल कॉलेज लखनऊ में भर्ती कराया गया जहाँ युवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार शिल्पी पत्नी शुभम 25 वर्ष ग्राम नरदही थाना लोनी कटरा ने बुधवार सुबह लगभग 7 बजे अपने कमरे में पंखे से लटक कर साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। जानकारी होते ही पति शुभम कुमार नीचे उतार कर इलाज के लिए लखनऊ के मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे। इसी दौरान उसने मृतका के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। परिजनों मौके पर पहुंचे तो इलाज के दौरान शिल्पी की मौत हो गई। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में मृत्यु के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

वहीं मृतका के पिता हरिश्चन्द्र पुत्र स्व. नन्हू निवासी ग्राम बक्कास, कोतवाली सुशांत गोल्फ सिटी, जनपद लखनऊ ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

जब इस सम्बंध में थाना लोनी कटरा प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है । शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।



# नौ ग्रामों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत गोष्ठियां आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

29 मई से 12 जून तक प्री खरीफ सीजन के दौरान संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के चौदहवें दिन दिनांक 11-06-2025 को विकास खण्ड फतेहपुर के ग्राम बिलौली महाराज में प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 11 बजे तक, ग्राम हसनपुर टांडा में प्रातः 11:30 बजे से 02:30 बजे, विकास खण्ड निन्दूरा के ग्राम ढेकी में अपरान्ह 03:00 बजे से 06:00 बजे तक, विकास खण्ड पूरेडलई के ग्राम कूढ़ा सुखीपुर में प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 11 बजे तक, विकास खण्ड सूरतगंज के ग्राम मीरामऊ में अपरान्ह 11:00 बजे से 02:30 बजे तक एवं विकास खण्ड पूरेडलई के ग्राम नियामतगंज में अपरान्ह 03:00 बजे से 06:00 बजे तक जबकि विकास खण्ड सूरतगंज के ग्राम दौलतपुर में प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 11 बजे तक, ग्राम सूरतगंज में अपरान्ह 11:30 बजे से 02:30 बजे तक एवं ग्राम गोवा में अपरान्ह 03:00 बजे से 06:00 बजे तक कुल 09 ग्रामों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत गोष्ठियों का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी महोदय के स्तर से नामित कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की 03 टीमों द्वारा समस्त कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर किसान भाइयों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



▸ **कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को देय सुविधाओं एवं अनुदान व्यवस्था की दी जानकारी**

टीम-1 में डा0 कामता प्रसाद, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना संस्थान, डा0 आलोक शिव, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना संस्थान, डा0 अश्वनी कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डा0 रिंकी कुमारी चौहान, कृषि वैज्ञानिक, जिला सलाहकार श्री कैलाशनाथ पाण्डेय, श्री सौरभ कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, गोमती एवं जिला उद्यान अधिकारी द्वारा विकास खण्ड निन्दूरा एवं फतेहपुर के ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। टीम-2 में डा0 एस0 के0 यादव, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना संस्थान, डा0 श्याम नाथ, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना संस्थान, डा0 रूपन रघुवंशी, कृषि वैज्ञानिक, डा0 अभिषेक, कृषि वैज्ञानिक, राजित राम, जिला कृषि अधिकारी द्वारा विकास खण्ड पूरेडलई एवं सूरतगंज के ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। टीम-3 में डा0 एम0 के0 त्रिपाठी, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना संस्थान, डा0 चन्द्रमणि राज, कृषि वैज्ञानिक, भारतीय गन्ना संस्थान, डा0 भास्कर प्रताप सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डा0 अर्चित शुक्ला, कृषि वैज्ञानिक, विजय कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, विनोद कुमार यादव, भू0सं0 अधिकारी, कुर्सी, जिला गन्ना अधिकारी, बाराबंकी द्वारा विकास खण्ड सूरतगंज के ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम स्थलों पर 300 से 400 किसानों की उपस्थिति रही।

उक्त अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड निन्दूरा के ग्राम ढेकी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक, कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, श्रवण कुमार, जिला कृषि अधिकारी, राजित राम, अपर संख्याधिकारी, वीरेन्द्र कुमार सिंह एवं लगभग 500 से अधिक स्थानीय कृषक उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने कृषि विभाग के स्तर संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषकों को देय सुविधाओं एवं अनुदान व्यवस्था की जानकारी प्रदान करते हुये बताया गया कि किसान भाई वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन और विभागीय योजनाओं के समन्वय से अपने उत्पादन की गुणवत्ता एवं आय में वृद्धि कर सकते हैं।

# गंगौली में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**फतेहपुर-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगौली में एक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।समाजसेवी मोहम्मद फैज द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन एसटीएफ के डिप्टी एसपी डीके शाही ने फीता काटकर किया।

जानकारी के अनुसार डिप्टी एसपी शाही ने खिलाड़ियो का उत्साहवर्धन करते हुए कहाकि ये खेल आपसी भाईचारे के प्रतीक हैं।उन्होने खिलाड़ियो को खेल भावना से खेलने की सलाह दी।साथ ही कहाकि खेल के प्रति कोई दोष भावना नहीं रखनी चाहिए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य रितु शाही भी मौजूद रहीं। उन्होंने कहाकि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे खिलाड़ी जिला और प्रदेश में अपने माता-पिता के साथ गांव का नाम रोशन करते है।उन्होने सभी खिलाड़ियो के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह टूर्नामेंट 21 दिनो तक चलेगा। इसमें कुर्सी, अनवारी, टिकैतगंज, बेहटा, पदरी सहित कई स्थानों की टीमे शामिल है।



### अखंड पाठ के साथ भण्डारा आयोजित

**हैदरगढ़-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा के लोहिया वार्ड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर जहां सोमवार को रामायण का अखण्ड पाठ शुरू हुआ वही मंगलवार को पाठ के समापन पर भंडरा का आयोजन किया गया। दोपहर से देर शाम तक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि 8 बजे से शुरू हुए स्थापना दिवस के तहत हनुमानजी को छप्पन भोग लगाया गया। इसके अलावा प्योर मंदिर को गुब्बारों और लाइत से सजाया गया था। इस अवसर पर हनुमानजी सहित विभिन्न देवी देवताओं की आरती के बाद प्रसाद के रूप में छप्पन भोग के व्यंजनों का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### जीआईसी स्थित स्टैण्ड पर प्रवर्तन टीम ने दी दस्तक

**निजी वाहन संचालकों में मचा हड़कम्प 12 वाहन के चालान, दो सीज**



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** निजी वाहन का व्यावसायिक उपयोग करने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन आयुक्त के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष संघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने जीआईसी आडिटोरियम स्थित प्राइवेट कार स्टैण्ड़ समेत विभिन्न मार्गो पर चेकिंग की। जांच के दौरान प्रवर्तन टीम को देख निजी वाहन संचालको मे हड़कम्प मच गया। चेकिंग के दौरान टीम ने पत्रावलियो की जांच कर 12 वाहनो का चालान एंव 2 वाहन सीज किये। तथा संचालको को कमर्शियल करवाकर वाहन संचालित करने की चेतावनी दी। इस सम्बन्ध मे एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने बताया कि शहर के जीआईसी स्थित प्राइवेट वाहन स्टैण्ड़ समेत पल्हरी चैराहा, रामनगर तिराहा पर चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 12 वाहनो का चालान एंव 2 वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया गया।

# जालौन में बढ़ते टेम्प्रेचर का टॉर्चर, 47 डिग्री पहुंचा पारा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

▸ लू से बचने के लिये मौसमी फल, हरी सब्जी का करें सेवन
▸ पैदल चलने वाले राहगीर छाता के साथ चश्मे का करें प्रयोग
▸ जरूरी होने पर ही घर से निकलें बाहर, लगातार पीते रहें पानी

पिछले सप्ताह से लगातार बढ़ते टेम्प्रेचर का टॉर्चर बुधवार को 47 डिग्री पारा पहुंचा तो लोग प्रातः से देर रात तक चलने वाली गर्म हवाओं से जनमानस बुरी तरह से परेशान हो उठा। गर्मी का आलम यह है कि प्रातः जैसे ही सूर्योदय होता है थोड़ी ही देर में तीखी धूप के साथ गर्म हवायें चलनी शुरू हो जाती है।

मौसम के मिजाज को देखते हुये चिकित्सकों ने सलाह दी है कि लू से बचने के लिये मौसमी फ्लों के साथ हरी सब्जियों का सेवन करें साथ ही पैदल चलने वाले राहगीर आंखों की सुरक्षा के लिये चश्मा लगाये और छाता लेकर ही घर से बाहर निकले, पानी का लगातार सेवन करें ताकि शरीर का टेम्प्रेचर सामान्य बना रहे।

जनपद में सप्ताह भर से लगातार जिस गति से गर्मी का टेम्प्रेचर का टॉर्चर बढ़ता जा रहा उससे आम जनता ही नहीं बल्कि पशु, पक्षी भी बेहाल नजर आ रहे हैं। प्रातः जैसे ही सूर्योदय होता है उसके कुछ ही देर बाद तीखी धूप लोगों का शरीर झुलसाने लगती है। फ्रि जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां आगे बढ़ती है उसी गति से गर्मी का टेम्प्रेचर भी बढ़ना शुरू हो जाता है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुये जब चिकित्सक डा. अविनाश सिंह सेंगर से बात की तो उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लू से बचने के लिये हरी सब्जी के साथ मौसमी फ्लों का अधिक से अधिक प्रयोग करें ताकि उनके शरीर का टेम्प्रेचर सामान्य बना रहे है। इसके साथ ही यदि आवश्यक हो तो घर से बाहर निकलने के पहले छाता लेकर चले और धूप से आंखों के बचाव के लिये चश्मा का प्रयोग करना न भूलें। इसके बाद भी यदि चलने में दिक्कत हो तो लगातार ठंडे पानी का सेवन करते रहे। यदि लोग इस तरह से उपाय करते रहेंगे और घर से बाहर निकलेंगे तो वह काफी हद तक बीमारियों से दूर रह सकेंगे।

### सैनिक बंधु कमेटी की मासिक बैठक 18 को

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर नयन सिंह रावत (अप्रा.) ने बताया कि जनपद जालौन के पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु कमेटी की मासिक बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 18 जून 2025 को दिन बुधवार दोपहर 12.30 बजे विकास भवन सभागार में आयोजित की जायेगी। उन्होंने जनपद जालौन के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा उनके आश्रितों को निवेदन किया है कि अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु 16 जून 2025 तक अपना प्रार्थना पत्र जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय जालौन स्थान उरई में हस्तगत करा दें, एवं मासिक बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का कष्ट करें।

# पांच देशों के सहभाग से बढ़ाया वैश्विक एकता व स्वास्थ्य का संदेश

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने एक बार फिर वैश्विक अकादमिक दृष्टिकोण और समग्र कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए पाँच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम योग बंधन का सफल आयोजन किया। माननीय कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के प्रेरणादायी नेतृत्व और कुलपति प्रो. पूनम टंडन के दूरदर्शी मार्गदर्शन में आयोजित इस आयोजन ने योग के माध्यम से शांति, एकता और वैश्विक मूल्यों का सशक्त संदेश दिया।

इस भव्य आयोजन में 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमाणित योग प्रशिक्षक, शिक्षाविद और छात्र शामिल थे। योग बंधन का उद्देश्य योग की सीमाओं से परे जाकर मानसिक, शारीरिक और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करना रहा। यह आयोजन भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने में DDUGU की सतत प्रतिबद्धता का प्रमाण बना।

अपने उद्घाटन भाषण में कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कुलाधिपति श्रीमती पटेल के प्रति गहन आभार व्यक्त किया और कहा कि योग बंधन केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह मानवता, कल्याण और बौद्धिक संवाद का उत्सव है। उन्होंने विश्वविद्यालय की शिक्षा में स्वास्थ्य व समग्र विकास को समाहित करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रो. राजर्षि गौर, प्रो. विजय चहल, और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों—अतिकुल इस्लाम राजीब, हंग हंग नताल्या, हुईन किम तोअन, जोएल चान त्ज़े, के कुमारेसन कृष्णासा, लैम फी शियोंग, निशात रोचाना, और थीबिघा—की उपस्थिति ने आयोजन को गौरवपूर्ण बनाया और योग की वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित किया। पूरे कार्यक्रम का समन्वय डॉ. रामवंत गुप्ता, निदेशक, अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ, DDUGU द्वारा किया गया, जिनके अथक प्रयासों से विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान और भी सुदृढ़ हुई है। डॉ. मनीष प्रताप सिंह, प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी सहभागियों की साझेदारी और ऊर्जा को सराहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रो. टंडन ने कहा कि योग बंधन के माध्यम से हमने केवल योगाभ्यास नहीं किया, बल्कि आपसी समझ और सांस्कृतिक मित्रता के बंधन भी जोड़े। इस प्रकार योग बंधन जैसे नवाचारों के माध्यम से, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय वैश्विक शिक्षा, सांस्कृतिक कूटनीति और स्वास्थ्य आधारित विकास के क्षेत्र में एक प्रकाशस्तंभ के रूप में उभर रहा है—जो भारत की कालजयी परंपराओं पर आधारित है और एक शांतिपूर्ण, स्वस्थ वैश्विक भविष्य की दिशा में अग्रसर है।



▸ **दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय योग बंधन सप्ताह का किया भव्य आयोजन**

### पांच दिवसीय वैश्विक सहयोग की झलक

प्रथम दिवस में कार्यक्रम की शुरुआत यूनिवर्सिटी ऑफ द साउथ पैसिफिक के सहयोग से हुई, जो 12 प्रशांत द्वीप राष्ट्रों—जैसे फिजी, समोआ, टोंगा और वानुआतु—में फैली एक क्षेत्रीय विश्वविद्यालय है। उनके योगदान से आयोजन में द्वीपीय सांस्कृतिक परंपराओं की अनूठी छटा देखने को मिली। द्वितीय दिवस में फ़ीजी नेशनल यूनिवर्सिटी ने भाग लेकर आधुनिक स्वास्थ्य और शिक्षा में योग की भूमिका पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। तृतीय दिवस त्रिभुवन विश्वविद्यालय और बालकुमारी कॉलेज, नेपाल के उत्साही सहभाग ने भारत-नेपाल के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत किया। चतुर्थ दिवस पर चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय, बैंकॉक, थाईलैंड से अकादमिक और छात्र भागीदारी के माध्यम से शहरी जीवन में योग की उपयोगिता और चिकित्सा महत्ता पर प्रकाश डाला गया। पंचम एवं अंतिम दिवस कार्यक्रम का समापन INTI इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया के साथ भव्य तरीके से हुआ, जहाँ 50 से अधिक प्रतिनिधियों ने माइंडफुलनेस, प्राणायाम और तनाव प्रबंधन पर संयुक्त सत्रों में भाग लिया। एक विशेष आकर्षण रहा डॉ. अनुकृति राज द्वारा प्रस्तुत सत्र, जिसमें तनाव के योगिक प्रबंधन और प्राणायामों—जैसे अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और कपालभाति की वैज्ञानिक उपयोगिता को सहज रूप में प्रस्तुत किया गया।

### सेवा संकल्प दिवस पर भाविप ने पिलाया शर्बत




**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** सेवा संकल्प दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जालौन नगर एवं भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के कार्यकर्ताओं ने शीतल शर्बत का वितरण किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जालौन नगर के अध्यक्ष श्यामजी गुप्ता, महामंत्री दीपू लाला पुरवार, भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, संरक्षक सुनील गुप्ता, संतोष सोनी, विश्नोई जी, पवन कुमार अग्रवाल, गौरव गुप्ता, अनुरुद्ध विश्नोई नीटू, आशीष अग्रवाल, देवांशु अग्रवाल रामजी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी से पीड़ित राहगीरों को शीतल शर्बत एवं पेयजल उपलब्ध कराया। उपरोक्त आयोजन नगर के व्यस्ततम देवनगर चौराहे के पटेल चौक, एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित किया गया।

# सुरेश चंद्र बने टरननगंज चौकी प्रभारी

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** अब सुरेश चंद्र टरननगंज पुलिस चौकी के नये प्रभारी होंगे। पुलिस अधीक्षक ने यहां पर तैनात रणधीर सिंह को मण्डी चौकी का इंचार्ज बनाया है। विदित हो कि नगर स्थित टरननगंज पुलिस चौकी कोतवाली क्षेत्र से महत्वपूर्ण पुलिस चौकी है जिसमें टरननगंज बाजार के अलावा नगर के प्रमुख मुहल्लो के अलावा हाईवे का एक बड़ा भाग भी आता है इतना ही नही फातिमा माता विद्यालय के पास रहने वाली कबूतरा बस्ती भी इसी पुलिस चौकी का हिस्सा हैं लेकिन विगत कुछ दिनों में लगातार चोरी की घटनाए घटित हुई थी जिससे चौकी पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे थे और शायद इसी के चलते पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने चौकी का प्रभार अब बरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र को सौंपा है वह इससे पहले भी कोतवाली में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वही यहां पर तैनात रहे उप निरीक्षक रणधीर सिंह को उरई कोतवाली की मण्डी चौकी का प्रभारी बनाया गया है।





## कार्यालय ग्रा0पं0 पट्टी खुर्द वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मी0/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/पंचम वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 12/06/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/पंचम वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पट्टी खुर्द वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 12/06/2025 से 18/06/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/06/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | राजकुमार के घर से अशोक कुमार के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 259650 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सुभाष के घर से शिवकुमार के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 203222 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | बलास्टर की दुकान से कमरुद्दीन के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 369464 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(प्रवीन कुमार) ग्रा0पं0 पट्टी खुर्द, वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव-(संजय कुमार सक्सेना)

# बेझिझक अपनी समस्याएं बताये जनता, प्रशासन जनता के साथ: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

▸ जिलाधिकारी ने सदर ब्लॉक के ग्राम आंटी में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सदर ब्लॉक के ग्राम आंटी में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए कहा कि बेफिक्र होकर अपनी समस्याएं बताएं। प्रशासन जनता के साथ है और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने एक-एक करके ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जिसमें ग्रामीणों द्वारा 6 हैंड पंप खराब होने एवं ग्राम केशरीपुरवा की सड़क की शिकायत रखी गई । जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए, कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो। इस पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जीरो पावर्टी के अंतर्गत 20 के सापेक्ष 12 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए थे।

शेष 8 में से 03 लाभार्थी मोहन लाल, खिमन, मुन्नी के आयुष्मान कार्ड आज चौपाल के समय बनाए गए हैं। इसी प्रकार शेष लाभार्थियों के भी कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है।



चौपाल में समस्याएं सुनते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारीगण

जिसका उद्देश्य निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश को संरक्षित वातावरण में आश्रय देना है। यह योजना केवल गोवंश की सुरक्षा नहीं, बल्कि कृषि, पर्यावरण और ग्राम्य अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करने का माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम वासियों द्वारा छुट्टा गोवंश की सूचना मिलने पर निराश्रित गोवंश को शीघ्रातिशीघ्र गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। साथ ही सड़क, जल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पीएम सूर्य घर योजना, फॉर्मर रजिस्ट्री जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित सभी बिन्दुओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए।

इस दौरान सीडीओ रामकृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, एसडीएम सदर नवनीता राय, डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।



## पाक्सो एक्ट मामले में आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पाक्सो एक्ट मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। विधिक कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक दयाशंकर पाण्डेय, हेड कांस्टेबल उमेश चन्द्र थाना छिबरामऊ पुलिस ने थाना पर पंजीकृत मुकदमा पाक्सो एक्ट में नामित वांछित अभियुक्त प्रदीप सेंगर (22) पुत्र स्व. रघुराज सिंह निवासी ग्राम बसई थाना विधूना- औरैया को थाना छिबरामऊ क्षेत्र के तालग्राम रोड़ पर बिजली घर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग गैस सिलेंडर फटने से भारी नुकसान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के खानपुर कसावा गांव में मंगलवार देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण संतोष कुमारी के घर में भीषण आग लग गई। इस हादसे में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से घर में रखा गैस सिलेंडर फट गया, जिसके विस्फोट से मकान की दीवार ढह गई।विस्फोट की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आग की ऊंची लपटों और घने धुएं के बीच ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता के आगे उनके प्रयास नाकाम रहे। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बुधवार को राजस्व विभाग के अधिकारी शैलेंद्र यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने नुकसान का आकलन कर अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार को जल्द मुआवजा प्रदान किया जाएगा। संतोष कुमारी ने प्रशासन को पत्र सौंपकर आर्थिक सहायता की मांग की है। इस हादसे ने पीड़ित परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।



## हलीमा बीबी की संपत्ति राज्य सरकार के अधीन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला बिरतिया निवासी हलीमा बीबी से जुड़ी छिबरामऊ देहात की पांच गाटों की जमीन को शत्रु संपत्ति घोषित होने तक राज्य सरकार के अधीन कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। हलीमा बीबी के पाकिस्तान चले जाने के बाद उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं की नजर पड़ गई थी, जिन्होंने फर्जीवाड़े कर जमीनों को ऊंचे दामों पर बेचने और बैनामे तक कराने की कोशिश की। इस मामले को किसान नेता गोपाल दुबे टाडा ने उठाया, जिसके बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाई। गोपाल दुबे की शिकायत पर उपजिलाधिकारी ने हलीमा बीबी की संपत्तियों की जांच शुरू की। लंबी जांच और कवायद के बाद छिबरामऊ देहात की पांच गाटा संख्या की जमीन को लावारिस मानते हुए राज्य सरकार के नियंत्रण में ले लिया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि जब तक गृह मंत्रालय द्वारा इस संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित नहीं किया जाता, तब तक यह जमीन राज्य सरकार की देखरेख में रहेगी। इससे जमीन का दुरुपयोग, अवैध क्रय-विक्रय और हेराफेरी रोकी जा सकेगी।उपजिलाधिकारी ने यह भी बताया कि शत्रु संपत्ति घोषित होने के बाद जमीन को पूरी तरह हस्तगत कर लिया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है, क्योंकि इससे न केवल जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि अवैध कब्जों पर भी रोक लगेगी। इस कार्रवाई ने क्षेत्र में प्रशासनिक सजगता का उदाहरण पेश किया है।

## समर कैंपों में 33 स्कूलों के 22,159 छात्रों ने लिया हिस्सा

▸ खेल-कला से निखरा व्यक्तित्व

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

21 मई से 10 जून तक कन्नौज जनपद के 33 माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित समर कैंप का रंगारंग समापन हुआ। इस कैंप में 22,159 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और खेल, कला, विज्ञान व सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को निखारा।

जिला समन्वयक समग्र शिक्षा के अनुसार, समर कैंप का मुख्य लक्ष्य छात्रों में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास, टीम वर्क और समग्र विकास को बढ़ावा देना था। कैंप में योग, व्यायाम, खेल-कूद, रंगोली, मिट्टी कला, ड्राइंग, साइबर सुरक्षा,



किचन गार्डनिंग, टोमैटो सूप और बेसन ढोकला बनाने जैसी विविध गतिविधियां शामिल थीं। जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में 19 राजकीय, 8 अशासकीय सहायता प्राप्त और 6 वित्त विहीन स्कूलों ने कैंप का आयोजन किया।

जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय समिति ने आयोजन की निगरानी की, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी और राजकीय इंटर कॉलेज, उमदी के प्रधानाचार्य शामिल थे। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला समन्वयक ने कैंपों का निरीक्षण कर छात्रों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह की सराहना की। यह आयोजन ग्रीष्मावकाश को रचनात्मक और शिक्षाप्रद बनाने में सफल रहा।

## खबरें एक नजर में

### गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** काशीराम कॉलोनी निवासी महिला ने पड़ोस के ही कुछ लोगों पर बेवजह गाली गलौज करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। नगर की काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 25 निवासी रुखसाना पत्नी राम जाने नागर ने बताया कि मंगलवार की रात लगभग 10 बजे वह अपने क्वार्टर के बाहर हवा में बैठी थी। इसी दौरान पड़ोस के ही निवासी दबंग किस्म के कुछ लोग गाली गलौज कर रहे थे। उसने इसका विरोध किया तो उक्त दबंगों ने उसके साथ बेवजह मारपीट करते हुए उसका मोबाइल फोन फोड़ दिया।

### महिला को गाली-गलौज करने पर पुलिस से की शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम कल्यानपुर निवासी सुनीता यादव पत्नी रनवीर सिंह यादव ने बताया कि बुधवार की सुबह वह गोबर फेंकने के लिए खेत की तरफ जा रही थी। तभी कुछ दबंग किस्म के लोगों ने उसे बेवजह गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। वह ग्राम प्रधान के घर शिकायत करके लौट रही थी तभी उक्त दबंगों ने उसे गाली गलौज कर बच्चों का भविष्य खराब कर देने की धमकी देकर खदेड़ दिया। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### आम के पेड़ से गिरकर युवक हुआ घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जनपद मैनपुरी थाना बेवर के ग्राम जसमई निवासी 40 वर्षीय अजय चौहान पुत्र वीरेंद्र सिंह अपने खेत में लगे आम के पेड़ पर आम तोड़ने के लिए चढ़े थे। तभी किसी प्रकार पेड़ की डाल टूट गई और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

### एसडीएम से की लौना गांव में खेल मैदान बनाने की मांग

**जालौन (उरई)।** गांव में खेल का मैदान न होने से खेल प्रतिभाएं दम तोड़ रहीं हैं। खेल के मैदान की मांग को लेकर खिलाड़ियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम लौना में खेल का मैदान का निर्माण कराने की मांग की है। विकास खंड के ग्राम लौना में युवाओं के लिए खेल के मैदान को विकसित किया गया था। खेल के लिए बने मैदान में युवा अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निखारने का काम करते थे। खेल के मैदान में पानी की टंकी व स्कूल के भवन का निर्माण करा दिया गया है। खेल के मैदान टंकी व स्कूल का निर्माण होने के बाद युवाओं को खेल गतिविधियों को करने में दिक्कत हो रही है। गांव के युवाओं उपेन्द्र, विकास, आकाश, अंकित सिंह, रिहाना मंसूरी बसीम चिराग, शीलू, संजय आदि ने उपजिलाधिकारी विनय मोर्य को ज्ञापन देकर कहा है कि हमारे गांव में अनेक युवा, छात्र-छात्राएं विभिन्न खेलों जैसे कबड्डी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल आदि में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। गांव के कई खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक भी पहुंच चुके हैं। किंतु दुर्भाग्यवश हमारे गांव में खेल अभ्यास के लिए कोई मैदान नहीं है।

# प्रजनन शील मछलियों का शिकार करने पर रोक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला मजिस्ट्रेट आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उप्र मत्स्य अधिनियम 1948 की धारा 3 के अन्तर्गत शासनादेशानुसार व राजस्व अनुभाग-2 के शासनादेश के द्वारा प्रविधानो को तत्काल प्रभाव से तालाबों/ नदियों में लागू करने के निर्देश दिये हैं। यह आदेश उन सभी तालाबों, नदियों की समस्त जल धाराओं पर प्रभावी होंगे।

जो कन्नौज जनपद की सीमा में हैं। और जिला मजिस्ट्रेट, कन्नौज द्वारा यथाविधि व्यक्तिगत अथवा धार्मिक नहीं घोषित किये गये हों। साथ ही यह भी निर्देश दिये हैं कि जनपद में स्थित गंगा नदी, काली नदी, ईशन नदी, पाण्डू नदी, अरिन्द नदी में 01 जून 2025 से 31 अगस्त 2025 तक मत्स्य आखेट/ शिकारमाही प्रतिबन्धित रखा जाये। कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि रक्षा एवं व्यापारिक कार्य में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नहीं मारेगा और न ही मारने का प्रयास करेगा। कोई भी व्यक्ति दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 30.09.2025 तक मत्स्य जीरा तथा अंगुलिका (2 से 10 इंच) तक न तो पकड़ेगा और न ही बेचेगा तथा दिनांक 01.07.2025 से 31.08.2025 तक प्रजननशील मछलियों का शिकार नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति उक्त निर्देशित क्षेत्र के प्राकृतिक बहाव को रोकने हेतु कोई अवरोध नहीं लगायेगा और न ही ऐसा करके मत्स्य जीरा, अंगुलिका और मछली नहीं पकड़ेगा अथवा न ही नष्ट करेगा और न ही पकड़ने अथवा नष्ट करने का प्रयास करेगा। इन आदेशों के उल्लंघन में लगाये गये अवरोधक सामाग्रियों, पकड़े गये मत्स्य जीरा एवं मछली सहित जब्त कर ली जायेगी। उपरोक्त आदेशों का उल्लंघन उप्र मत्स्य अधिनियम 1948 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

### करंट लगने के बाद गिरने से युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम डालूपुर सुल्तानपुर निवासी एक युवक को पंखा चलाते समय अचानक करंट लग गया, जिसके बाद वह जमीन पर गिर पड़ा। इस दौरान उसके सर में गंभीर चोट आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम डालूपुर सुल्तानपुर निवासी राघवेंद्र उर्फ भूरे अपने घर में अकेला रहता था और खेती का काम करके अपना भरण पोषण करता था। बुधवार की देर रात युवक अपने घर में फ़र्राटा पंखे का तार लगा रहा था। तभी उसको करंट लगा और वह जमीन पर गिर पड़ा, जिससे उसके सर में गंभीर चोट आ गई। घर में अकेला होने के कारण वह बेहोश अवस्था में पड़ा रहा। बुधवार की सुबह किसी प्रकार मामले की जानकारी मोहल्ले वालों को हुई।

### पास्को एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी ने बताया कि पाक्सो एक्ट में नामित वांछित जनपद औरैया थाना बिधूना के ग्राम बसई निवासी अभियुक्त प्रदीप सेंगर पुत्र रघुराज सिंह को उप निरीक्षक दयाशंकर पांडेय मय हमराह हेड कांस्टेबल उमेश चंद्र ने तालग्राम रोड स्थित बिजली घर के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क पर खड़े बाइक चालक को कार ने मारी टक्कर, घायल

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

बाइक से जाते समय सड़क किनारे बाइक खड़ी कर उसे चेक कर रहे व्यक्ति को कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुत्र की शिकायत पर पुलिस कार व उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी आशु द्विवेदी पुत्र महेश कुमार ने बताया कि उनके पिता सर्वेश कुमार उर्फ महेश कुमार पुत्र अशर्फी लाल किसी काम के चलते 9 जून सोमवार को सुबह साढ़े 10 बजे घर से गोहन जा रहे थे। जब वह बाइक से सहाव में भट्ठा के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक खराब हो गई। वह सड़क किनारे बाइक खड़ी करके उसे चेक करने लगे। इसी दौरान गोहन की ओर से आ रहे तेज रफ्तार शिफ्ट डिजायर कार के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

कार की टक्कर से सर्वेश कुमार उर्फ महेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को सीएससी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पहले उन्हें मेडीकल कालेज उरई फिर झांसी रेफर कर दिया गया। झांसी में इलाज के दौरान रात करीब साढ़े 9 बजे उनकी मृत्यु हो गई।

## बड़े मंगल पर 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं ज्ञाना पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर रामानंद वर्मा के आवास पर हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने हनुमान जी की महिमा का बखान करते हुए कहा कि हनुमान जी की सेवा और समर्पण से प्रभु श्रीराम सदा प्रसन्न रहते हैं। उन्होंने कहा कि राम जी की कृपा हनुमान जी की शरण के बिना अधूरी है और राम नाम का संकीर्तन भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है। प्रिया शाक्य ने आयोजक रामानंद वर्मा और उनके परिवार की



सराहना की, जो देश की पुरातन संस्कृति को जीवंत रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि राम नाम की महिमा अपार है, पर प्रभु राम की भक्ति के लिए हनुमान जी का स्मरण जरूरी है। इससे पहले भव्य सुंदरकांड पाठ हुआ आचार्य अरुण पांडेय ने भजन सुना कर सभी को भक्ति भाव में लीन कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, सभासद रमाकांत त्रिपाठी, हिमांशु वर्मा, शिवम वर्मा, रमनलता वर्मा, रूपाली वर्मा, दीपा वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और भक्ति भाव से हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## विद्यालय प्रबंधन से हटने के बाद गेस्ट हाउस का संचालन भी हाथ से निकला

**कालपी,उरई समृद्धि न्यूज।**

ठक्कर बापा प्रबंधन की मुसीबत कम नहीं हो रही है। विद्यालय के प्रबंधन से हटने के बाद अब गेस्ट हाउस का संचालन भी हाथ से निकल गया है। मंगलवार को एसडीएम ने उसमें भी तालाबंदी कर दी है।

विदित हो कि शासन ने अनियमताओं के आरोप में गत दो माह पूर्व ठक्कर बापा इण्टर कालेज के प्रबंधक रोहित विद्यार्थी को हटा दिया था और विद्यालय का संचालन एसडीएम सुशील कुमार सिंह को नियुक्ति कर दिया था और जांच कर कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे जिसके चलते कयास लगाए जा रहे थे कि विद्यालय परिसर में मौजूद प्रेम सरोवर वाटिका गेस्ट हाउस का संचालन भी रोहित विद्यार्थी से छीना जा सकता है और यह आशंका मंगलवार को सच साबित हुई और एसडीएम ने गेस्ट हाउस में तालाबन्दी कर पूर्व प्रबंधन से विगत दो माह में गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह की बुकिंग का धन विद्यालय की प्रबन्ध समिति में जमा करने के भी निर्देश दिए है। इस कार्यवाही के बाद प्रबंध समिति की जमीन के साथ ठक्कर वापा मार्केट के भी उनके हाथ से जाने की सम्भावना बन रही है। इस संबंध में विद्यालय के पूर्व प्रबंधन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गेस्ट हाउस लीज पर है।

### घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने की गाली गलौज

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह के दौरान हुई बहस को लेकर कुछ अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर की गाली-गलौज तथा मारपीट। पीड़िता ने पुलिस को दी सूचना। पुलिस मामले की जांच में जुटी। मोहल्ला जोशियाना निवासी गीता देवी पत्नी सुरेश चंद्र कुशवाहा ने पुलिस को सूचना देते हुये बताया कि उसके परिवार में मंगलवार की रात्रि में शादी थी वह शादी समारोह में शामिल होने गयी थी तभी 18-15 अज्ञात लोगों ने बारात के दौरान रास्ते में गाली-गलौज कर दी उक्त लोगों को इससे भी शांति नहीं मिली वह बारात के बाद जब वह घर आ गयी तब वह रात में ही घर में घुस आये और गाली-गलौज तथा मारपीट करने लगे इस मारपीट में मेरे घर की तीन महिलाये भी घायल हो गयी।घटना की सूचना पीआरबी डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक सभी आरोपी भागने में सफल रहे।इतना ही नहीं पीड़िता गीता देवी ने बताया कि उसके पुत्र राहुल को उक्त आरोपियों द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# यूपी पुलिस में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कुठौंद, जालौन समृद्धि न्यूज।**

कस्बा कुठौंद के गेस्ट हाउस में बुधवार को आरजेएस लाइब्रेरी के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आरजेएस लाइब्रेरी से चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जय प्रकाश शुक्ला वरिष्ठ पत्रकार एवं आशीष चतुर्वेदी क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा मौजूद रहे।

पत्रकार जयप्रकाश शुक्ला ने अभ्यर्थियों को जिम्मेदारी और ईमानदारी से मिले दायित्व का निर्वहन करने की बात कही। आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जगह-जगह होने चाहिए। इससे युवाओं का आत्मबल और मनोबल बढ़ता है। विशिष्ट अतिथि में ग्राम प्रधान



नव चयनित पुलिस कर्मी जिन्हें सम्मानित किया गया।

नरेंद्र महंत, नारायण तिवारी, सौरभ पांडे, आरएन गौतम शाखा प्रबंधक, साधु सिंह राजावत आदि लोग उपस्थित रहे। समारोह में चयनित नव पुलिस कर्मियों को फूल माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मान सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर आरजेएस लाइब्रेरी के प्रबंधक अनुज पांडेय ने सभी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। उपस्थित अतिथियों ने सफल विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। साथ ही कुछ नंबरों से असफल रहे विद्यार्थियों का हौसला भी बढ़ाया गया। इस आयोजन ने समाज में शिक्षा और अनुशासन के महत्व को और बल दिया और अतिथियों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। सम्मान समारोह ने विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया, जिससे वह अपने आगामी दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने के लिए प्रेरित हों।

इस अवसर पर स्वदेश द्विवेदी, अभिषेक चतुर्वेदी, नंदू मिश्रा, विवेक मिश्रा, नीतीश, लाइब्रेरी के सैकड़ों छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# कठिन परिस्थितियों में जीवन-यापन करने वाले बच्चों को मिलेगा सहारा: जिलाधिकारी

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा ऐसे बच्चों के लिए ''स्पॉन्सरशिप योजना'' संचालित की जा रही है, जो कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को शिक्षा और आवश्यक देखभाल हेतु प्रतिमाह 4000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह सहायता 18 वर्ष की आयु तक दी जाती है और इसके लिए पात्रता की जांच के बाद लाभ अनुमन्य किया जाता है। योजना का उद्देश्य बेसहारा, अनाथ, पीड़ित और उपेक्षित बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उनकी शिक्षा को बाधित होने से बचाना है।

### इन बच्चों को मिलेगा फायदा

अनाथ बच्चे या जिनके माता-पिता में से कोई नहीं रहा।जिनकी मां तलाकशुदा हो या परिवार से अलग रह रही हो। जिनके माता-पिता गंभीर या जानलेवा बीमारी से ग्रसित हों। निराश्रित, बेघर, विस्थापित या प्राकृतिक आपदा से प्रभावित बच्चे। कानून से संघर्षरत, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी या बाल विवाह से मुक्त कराए गए बच्चे। एचआईवी, एड्स पीड़ित बच्चे या जिनके माता-पिता कारागार में बंद हों। जिनके माता-पिता मानसिक, शारीरिक या आर्थिक रूप से देखभाल करने में असमर्थ हों। फुटपाथ पर जीवनयापन कर रहे, उत्पीड़न या शोषण के शिकार बच्चे।

### योजना का लाभ लेने के लिये आय सीमा निर्धारित

ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतम वार्षिक आय 72,000, शहरी क्षेत्रों में अधिकतम वार्षिक आय 96,000 (यदि माता-पिता दोनों अथवा वैध संरक्षक की मृत्यु हो चुकी हो, तो आय सीमा लागू नहीं) जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि यदि उनके आस-पास कोई बच्चा इस योजना के अंतर्गत पात्रता रखता हो।

### सूचना

मैं शिल्पी पुत्री बृजेश कुशवाह निवासी ग्राम व पोस्ट मिरगावां-जनपद कन्नौज मैने हाईस्कूल की परीक्षा सन् 2022 में उत्तीर्ण की थी जिसका रोल नं. 1221253971 है जो मार्कशीट वास्तव में कही खो गयी है काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रही है।

**शिल्पी पुत्री बृजेश कुशवाह**
**ग्राम व पोस्ट मिरगावां**
**जनपद-कन्नौज।**





# डंपर की टक्कर से टेंपो चालक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अमृतपुर/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मृतक का फाइल फोटो



लोहिया अस्पताल में रोते बिलखते मृतक के परिजन

फर्रुखाबाद-बदायूँ मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही पर किसी प्रकार की रोक नहीं है। यह वाहन चालक गैर जिम्मेदाराना तरीके से तेज रफ्तार वाहनों को चलाते हैं। जिससे यह अनियंत्रित हो जाते हैं और छोटे वाहन सड़क पर चलने वालों को कुचल देते हैं। जिसके चलते आए दिन इस सड़क पर जानलेवा हादसे होते रहते हैं।

राजेपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर कुतलूपुर के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने कटहल से भरे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक 20 वर्षीय विपिन शर्मा की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव गलारपुर का रहने वाला था। वह अपने दो साथियों हरिओम और विकास (21) के साथ कटहल लादकर राजेपुर से वापस लौट रहा था, तभी कुतलूपुर के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सीएचसी राजेपुर लाया गया, लेकिन वहां चिकित्सक नदारद मिला।

फार्मासिस्ट ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया में इलाज के दौरान बुधवार सुबह करीब 8:45 बजे विपिन की मौत हो गई।

विपिन अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी काजल और मां राजरानी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही सीएचसी राजेपुर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। राजेपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दियागया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।यह हादसा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल भी खोल गया।

जहां गंभीर रूप से घायल मरीजों को बिना डॉक्टर के फार्मासिस्ट के सहारे छोड़ा गया, जबकि राजेपुर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के ठहरने के लिए आवास भी बनाए गए हैं और शासन की तरफ से निर्देश भी दिया गया है कि वह वहीं रुकें एवं इमरजेंसी सेवा बनाए रखें, लेकिन इन डॉक्टरों की मनमानी के चलते अधिकतर रात्रि सेवाएं ठप रहती हैं और क्षेत्रीय मरीजों को बिना इलाज के ही फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल की तरफ भागना पड़ता है।

# महिला का फांसी के फंदे पर झूलता मिला शव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। ससुरालीजनों ने आनन-फानन में शव को उतारकर उसका दाह संस्कार कर दिया और घर से फरार हो गये। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने जमकर हंगामा किया तथा पुलिस को ससुरालीजनों के विरुद्ध तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव चौखड़िया निवासी कामिनी उम्र 20 वर्षीय पत्नी अभिषेक कुमार का शव घर के कमरे में साड़ी से लटकता देख कामिनी की सास सुदामा देवी व ससुर तालेवर ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर सिनौली घाट पर दाह संस्कार कर दिया। बेटी कामिनी की मौत की सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता रघुवीर निवासी अमृतपुर ने अपनी बेटी की ससुराल पहुँचकर देखा तो परिजन घर से गायब हो गये थे। उन्होंने तत्काल डायल 112 पुलिस को फोन द्वारा सूचना दी। डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर कुआँखेड़ा पुलिस को सूचना देकर बुलाया/। पुलिस ने जाँच पड़ताल की, लेकिन ससुराल में कोई नहीं मिला। पिता रघुवीर निवासी जटपुरा थान अमृतपुर ने जमकर हंगामा काटा और थाने पहुंचकर बेटी के ससुरालीजनों की शीघ्र गिरफ्तारी कराये जाने की मांग की।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज पर पीड़ित आत्माराम पुत्र सियाराम निवासी ग्राम कहरई नकटौरा थाना पाली जनपद हरदोई ने पुलिस को दिनांक 28.05.2025 को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

जिसमें कहा था कि पीड़ित की पुत्री को उसका पति आदित्य पुत्र ब्रह्मानन्द निवासी ज्योना कोतवाली कायमगंज अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर परेशान करता था।

कई बार पुत्री ने इसकी शिकायत की थी। दिनांक 28.05.2025 को पति आदित्य ने पुत्री की हत्या कर उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मु0अ0सं0 119/2025 धारा-85/80(2) बी.एन.एस. व 3/4 डी.पी.एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक जगदीश वर्मा, कांस्टेबिल राजेश शर्मा, कांस्टेबिल सिद्धू सिंह ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त अदित्य पुत्र ब्रहम्मानन्द निवासी ज्योना कोतवाली कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया।

## तीन कर्मचारियों की वैतनिक प्रशिक्षु से कनिष्ठ सहायक पद पर हुई पदोन्नति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा फर्रुखाबाद के अध्यक्ष ऋषि यादव ने बताया कि जिला जज नीरज कुमार द्वारा जनपद न्यायालय में कार्यरत मो0 परवेज, शिवम गुप्ता, सहारा पटेल को वैतनिक प्रशिक्षु से कनिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई।

इस पर समस्त न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गयीं। इस अवसर पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ की तरफसे जिला जज एवं चयन समिति से संबंधित समस्त न्यायिक अधिकारीगण का आभार प्रकट किया।

# गैर इरादातन हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आठ वर्ष का कारावास

- सभी अभियुक्तों को तीस-तीस हजार रुपए के अर्थदंड से भी किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एस.सी./एस.टी. न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने पवन शुक्ला पुत्र सुनील, मोनू उर्फ नवीन कटियार, कलेक्टर पुत्र किशोर निवासीगण महरूपुर सहजू फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आठ वर्ष के कारावास व तीस-तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। जानकारी के अनुसार बीते 11 वर्षो पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम महरुपुर सहजू निवासी रंजीत पुत्र दिवारी लाल जाटव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 6 अगस्त 2014 को समय करीब 9 बजे रात को अपने पिता को खोजते हुए महरुपुर पुलिया के पास पहुंचा, तो देखा कि पुलिया के नीचे गड्ढे में मेरे पिता दिवारी लाल को पवन, मोनू उर्फ नवीन, कलेक्टर तीनों लोग गला दबाकर नाक, मुंह पर लात-घूसों से मारपीट कर रहे थे।

जैसे कि हम लोगों को देखा तो धमकी देने लगे कि आगे मत आना वरना तुम्हारे गोली मार देंगे। हमारे ललकारने पर वह लोग भाग गए। मेरे पिता की गंभीर हालत थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। उपचार के समय घायल की मृत्यु हो गई थी। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने पवन शुक्ला, मोनू उर्फ नवीन कटियार, कलेक्टर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आठ वर्ष का कारावास व तीस -तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# पांच पुलिसकर्मियों की हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे कांस्टेबिल की मौत

## बीते दिन लोहिया में करया गया था भर्ती, वर्ष 1986 में दिया था घटना को अंजाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस

विभागीय पुलिसकर्मियों की हत्या में उम्र कैद की सजा काट रहे कांस्टेबिल की तबियत बिगड़ने पर उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार राजेंद्र उम्र 71 वर्ष पुत्र रघुवीर निवासी गुजारीपुर, थाना कुदरकोट जिला औरैया केंद्रीय कारागार में 302 आई.पी.सी. के मामले में सजा काट रहा था। मंगलवार को उसकी तबियत अचानक बिगड़ गयी। जिस पर केंद्रीय कारागार के कांस्टेबिल नरेंद्र व साकिब ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन लोहिया अस्पताल पहुंच गये। चचेरे भाई ने बताया कि मृतक पुलिस कांस्टेबिल के पद पर तैनात था। वर्ष 1986 में उसने अपने ही विभाग के पांच पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी। जिस पर उसको पहले 15 वर्ष की सजा हुई थी। फिर उसकी सजा को फांसी में बदल दिया गया था, लेकिन हाईकोर्ट इलाहाबाद में अपील करने पर उसकी फांसी की सजा को उम्र कैद में बदल दिया गया था। बीते दिन उसकी तबियत खराब होने पर उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का एक बेटा चंद्रजीत व एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि मृतक की पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी केंद्रीय कारागार के जेल इंचार्ज किरण नागर ने दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

## बाइक की टक्कर से दंपति घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक की टक्कर से पत्नी पत्नी व उनकी पुत्री घायल हो गये। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव गौटिया कला निवासी जफ्फार खां बुधवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे बाइक से अपनी पत्नी मरियम व 15 वर्षीय पुत्री रानी को लेकर थाना जसमई के गांव हथियापुर अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। जफ्फार खां जैसे ही नवाबगंज बाजार के शिव मंदिर के पास पहुंचे वैसे ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे जफ्फार खां, पत्नी मरियम व पुत्री रानी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे पायलट अवधेश कुमार व ईएमटी रजनीश ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उनका उपचार कर घर भेज दिया।

# कुत्ते को बचाने में बाइक सवार गिरा, पत्नी और साली घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



घटनास्थल पर मौजूद घायल महिलायें व युवक

थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की पत्नी और साली गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। जिससे संतुलन बिगड़ने पर बाइक फिसल गई और तीनों सड़क पर गिर पड़े।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाश पुत्र रनवीर सिंह निवासी बहरिया थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर अपनी पत्नी रामदेवी और साली पूनम के साथ रिश्तेदारी में हरपालपुर जनपद हरदोई से ग्राम जटपुरा थाना अमृतपुर जा रहे थे। जैसे ही वह अमृतपुर बदायुँ-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित फैमिली ढाबा के पास पहुंचे, तभी सड़क पर अचानक एक कुत्ता आ गया। बाइक को बचाते समय आकाश का संतुलन बिगड़ गया और तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रामदेवी और पूनम को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद ढाबे पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी और प्राथमिक उपचार के लिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा गया।

# इमरजेंसी डियूटी से चिकित्सक गायब, मरीजों में अफरा-तफरी का माहौल

- सीएमएस की सूचना पर सीएमओ ने नौलक्खा में तैनात डॉक्टर को भेजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



इमरजेंसी से गायब चिकित्सक

डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में उस समय अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, जब इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक अचानक गायब हो गये। सीएमएस ने इसकी सूचना सीएमओ को दी। जिस पर सीएमओ ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौलक्खा में तैनात चिकित्सक को तुरंत इमरजेंसी में भेजा, तब कही जाकर मरीजों का उपचार शुरु हो सका।

जानकारी के अनुसार बुधवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में डॉ. अतुल की डियूटी लगायी गयी थी, लेकिन वह अचानक बगैर बताये कहीं चले गये। जिससे यहां आने वाले मरीजों में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, क्योंकि इमरजेंसी में तत्काल उपचार वाला ही केस आता है। घटना की जानकारी आनन-फानन में सीएमएस अशोक कुमार प्रियदर्शी को दी गयी। जिस पर सीएमओ ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अवनींद्र कुमार को जानकारी दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौलक्खा में तैनात चिकित्सक नुरुल हुदा को इमरजेंसी में भेजा। तब जाकर मरीजों का उपचार शुरु हो सका, जबकि डॉ0 नुरुल हुदा की डियूटी शनिवार को इमरजेंसी में रहती है। बताते चलें कि लोहिया अस्पताल में व्याप्त खामियों से आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज परेशान रहते हैं, क्योंकि जब मरीज समय पर पहुंचते हैं, तो डाक्टर नहीं मिलते हैं। डाक्टर लेटलतीफ आते हैं।

## पर्चा बनवाने के लिए जटिल प्रक्रिया से गुजर रहे लोग



मरीजों की पर्चा बनवाने के लिए काउंटर पर उमड़ी भीड़

फर्रुखाबाद। लोहिया अस्पताल के पर्चा काउंटर पर मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बुधवार को भी भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों का कहना है कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में परिवर्तन के चलते लोगों को पर्चा बनवाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। पहले आधार कार्ड दिखाने पर रजिस्ट्रेशन होता है, तब मोबाइल पर ओटीपी आता है। उसके बाद रसीद काटकर दी जाती है। उसके बाद पर्चा बनता है। तब कहीं मरीज दिखा पाता है। लोगों का कहना है कि एक पर्चा बनवाने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, वह भी भीषण गर्मी में। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि भीषण गर्मी में बीमारियां फैल रही हैं। जिससे मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।

# ट्यूमर की गाँठ का चिकित्सक ने सफलतापूर्वक किया आपरेशन

- कई वर्षों से पीड़ित थी महिला, अब पूरी तरह से स्वस्थ्य
- बीते दिन उसने फतेहगढ़ चौराहा स्थित दास नर्सिंग होम में पति के साथ जाकर डॉक्टर को दिखवाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



आपरेशन के बाद निकाली गयी ट्यूमर की गांठ को दिखाते चिकित्सक

बीते कई वर्षों से ट्यूमर की बीमारी से ग्रसित चल रही महिला को उस समय राहत मिली, जब डाक्टर ने सफल आपरेशन कर ट्यूमर को निकाल दिया। जिससे महिला को एक नई जिंदगी मिल गयी।

जानकारी के अनुसार जय देवी उम्र 44 वर्ष पत्नी जयवीर निवासी कायमगंज को ट्यूमर की बीमारी थी। जिससे वह काफी परेशान रहती थी और असहनीय पीड़ा के दौर से गुजर रही थी। बीते दिन उसने फतेहगढ़ चौराहा स्थित दास नर्सिंग होम में पति के साथ जाकर डाक्टर को दिखाया। जिस पर सर्जन डाक्टर अमरनाथ ने उसको शल्य चिकित्सा से ट्यूमर निकालने की बात कही।

जिस पर परिजन तैयार हो गये और डाक्टर ने महिला का आपरेशान किया। कई घंटे चले आपरेशन के बाद चिकित्सक ने ट्यूमर की गांठ को सफलतापूर्वक निकाल दिया। जिसका वजन करीब 10 से 12 किलो बताया गया। आपरेशन के बाद महिला पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

# लोहिया महिला अस्पताल में अव्यवस्थायें देख राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष भड़कीं

- सीएमएस को जमकर लगायी फटकार, शीघ्र व्यवस्थायें सुधारने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



लोहिया महिला अस्पताल का निरीक्षण करती महिला आयोग की अध्यक्ष

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य सुनीता सैनी लोहिया महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल में अव्यवस्थायें देख वह भड़क गयीं और सीएमएस को फटकार लगाते हुए व्यवस्थायें सुधारने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार बुधवार को महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य सुनीता सैनी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्रा के साथ लोहिया महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। महिला अस्पताल में एक डॉक्टर व चार नर्सें की मिलीं। साथ ही बिजली व पानी की भी समस्या मिली। जिस पर महिला आयोग की अध्यक्ष भड़क गयीं और सीएमएस को जमकर फटकार लगायी। साथ ही कहा कि सरकार जनता को बेहतर सुविधायें दे रही है, लेकिन उनका लाभ जनता तक नहीं पहुंच रहा है।

जो भी शासन की मंशा के अनुरुप कार्य नहीं करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सीएमएस को अस्पताल की व्यवस्थायें सुधारने के कड़े निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने जिला कारागार फतेहगढ़ का भी निरीक्षण किया और बंदियों से मुलाकात कर बातचीत की।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिलाओं की सुनी शिकायतें

- बीएसए को लगायी कड़ी फटकार
- नाराजगी व्यक्त कर सीओ को एफआईआर दर्ज करने के दिये निर्देश
- लोहिया अस्पताल व जिला कारागार का किया निरीक्षण
- रास्ते में घायल पड़े बुजुर्ग को भिजवाया अस्पताल


बैठक लेती राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष व अन्य


घायल बुजुर्ग को देखती अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास भवन सभागार फतेहगढ़ में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान एवं सदस्य सुनीता सैनी के द्वारा समीक्षा बैठक कर अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं की समीक्षा के साथ ही जानकारी प्राप्त की तथा 15 पीड़िताओ की जनसुनवाई की। जिसमें घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, पॉक्सो, जमीनी विवाद से संबन्धित प्रकरणों की जन सुनवाई कर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। एक प्रकरण में नाराजगी व्यक्त करते हुए सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने को कहा। मामला वर्ष 10 दिसम्बर 2023 कोतवाली फतेहगढ़ से संबंधित है। नौकरी लगवाने के नाम पर एक बैंक कर्मी ने पीड़िता से जबरदस्ती बुरा काम कर वीडियो बना लिया और उसे धमकी दी कि तेरा वीडियो वायरल कर देगें। पीड़िता कई बार थाने व चौकी गयी तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय पैसा लेकर मामला रफा दफा करने का दबाव बनाया। पीड़िता राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के सामने रोने लगी। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरन्त कार्यवाही के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शिकायत पेटिका लगवाये। महिलाओं हेतु वेडिंग मशीन भी उचित स्थानों पर अवश्य लगवाये।

महिला अभ्यार्थी हेतु 14 दुकानों का लक्ष्य प्रोबेशन विभाग को मिला है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों व उनके द्वारा दिये जा रहे भोजन का औचक निरीक्षण किया। प्रथम शिकायत फर्रुखाबाद की एक महिला की थी। उसके दो बच्चे है, पति ने एक अन्य नाबालिक लड़की से शादी कर ली और उसे छोड़ दिया है। इस पर डॉ. बबिता सिंह चौहान ने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। वहीं एक वृद्ध महिला ने शिकायत की उसके बेटा-बहू भोजन नहीं देते है और प्रताड़ित करते है। वहीं एक बालिका ने शिकायत की उसके नाना ने उसके साथ छेड़छाड़ की। एक अन्य युवती ने शिकायत की कि उसके ताऊ ने उसका शारीरिक शोषण किया। एक अन्य महिला ने भी शारीरिक शोषण की शिकायत की। फतेहगढ़ निवासी एक महिला ने ठगी व अपहरण की शिकायत की।

अमृतपुर निवासी एक महिला ने दहेज संबंधित शिकायत की। कायमगंज निवासी महिला ने छेड़छाड़ संबंधी शिकायत की। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों एवं विद्यालयों की स्थिति में सुधार न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर कहा कि स्वयं निरीक्षण कर समस्त सुविधा पूर्ण कराएं। समाज कल्याण अधिकारी रेनू से कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में फर्जी आवेदन करने वालों पर कार्यवाही करें। इसके पश्चात अध्यक्ष और सदस्य ने जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र के साथ डॉ0 राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय महिला का निरीक्षण किया। जिला कारागार फतेहगढ़ का निरीक्षण कर महिला बंदियों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने फर्रुखाबाद जाते समय मार्ग में किसी दुर्घटना में घायल हुए बुजुर्ग को तुरंत अपने पुलिस स्कार्ट वाहन से नजदीकी चिकित्सालय भेजकर त्वरित उपचार सुनिश्चित कराया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सदर, सीओ सिटी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आदि उपस्थित रहे। एसडीओ प्रभारी हरिश्चन्द्र संतोष जनक जबाव नहीं दे सकें, जिस पर उन्हें फटकार लगाते हुए दो दिवस के अंदर अपनी रिपोर्ट देने को कहा। बैठक में संबंधित थानाध्यक्ष व संबंधित नगर पालिका ईओ व कई विभाग के अधिकारी उनुपस्थित रहे।

## भाकियू श्रमिक जन शक्ति ने चलाया सदस्यता अभियान


महिला जिलाध्यक्ष को सम्मानित करते सर्वेश यादव

- महिला जिलाध्यक्ष बनी संगीता गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ती की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता के आवास पर बैठक सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कमलेश यादव के आवाह्न पर सदस्यता अभियान चलाकर करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को श्रमिक जनशक्ती की सदस्यता दिलाई गई। सर्वेश सिंह यादव राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य ने होने वाले 24 जून को संयुक्त मोर्चा के आवाह्न पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन कार्यक्रम की रणनीति बनाई गई। सर्वेश यादव ने संगीता गुप्ता की मेहनत और कार्यक्रमों से प्रसन्न होकर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पद से जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी है और जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सन्तोषी यादव को कानपुर मंडल सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कुन्ती देवी शर्मा ब्लाक अध्यक्ष महिला मोर्चा कमालगंज बनी। सभी पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता सर्वेश सिंह यादव ने की। संचालन आदेश कुमार ने किया। इस मौके पर सन्तोषी यादव, रेनू कश्यप, मीना देवी वर्मा, हरीशचंद्र शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुरानी सब्जी मंडी में फतेहगढ़ में खाटू श्याम बाबा का संकीर्तन 16 जून को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रथम संकीर्तन में भजन गायक अलीगढ़ के रॉकी नगर व विकास शर्मा, कपिल बाबरा एवं श्रेया श्रीवास्तव अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। 16 जून दिन सोमवार रात्रि 8 बजे से प्रभु की इच्छा तक पुरानी सब्जी मंडी सर्राफा बाजार कचहरी रोड फतेहगढ़ में संकीर्तन सम्पन्न होने जा रहा है। भजन गायक रॉकी नगर अलीगढ़, विकास शर्मा उत्तराखंड, कपिल बाबरा शाहजहांपुर से, श्रेया श्रीवास्तव मैनपुरी से, शुभी सिंह फर्रुखाबाद अपनी मधुर गायकी से गीत व भजन प्रस्तुत करेंगे।


खाटू श्याम बाबा

व्यवस्था पुनीत श्याम, सागर कश्यप, नितिन कुमार, रजत कश्यप, रिंकू गुप्ता, सचिन कुमार, गोलू प्रजापति, राहुल राठौर, मनजीत बाथम देखेंगे।

## संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक सम्पन्न


बैठक के दौरान मौजूद कांग्रेसी

- कमालगंज ब्लाक अध्यक्ष बने मास्टर फिरोज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संगठन सृजन अभियान के तहत भोजपुर विधानसभा के ब्लॉक कमालगंज के ग्राम ईसापुर में न्याय पंचायत की बैठक जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जिला संयोजक एवं प्रदेश महा सचिव प्रकाश प्रधान एवं प्रदेश सचिव अर्चना राठौर की मौजूदगी में कमालगंज का ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर फिरोज़ को बनाया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, संजू अग्निहोत्री, मनोज कुमार, अमीरुद्दीन, नफीस अहमद, फिरोज उर्फ गुड्डू, मो0 तारिक, इलियास खान, तालिब शमशाद हुसैन, वासिद इब्राहीम,उवैस, फैजुर्रहमान, बदरे आलम, असलम, नन्द राम आदि लोग मौजूद रहे।

# खराब प्रदर्शन पर डीएम का चढ़ा पारा, विद्युत विभाग के सभी अधिशासी अभियंता को नोटिस

- मनरेगा में खराब प्रदर्शन पर शमशाबाद बीडीओ को भी नोटिस


बैठक लेते डीएम व मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की मई माह की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। जिसमे जनपद की रैंकिंग 29 आई है।

बैठक में 16 विभागों की 28 योजनाओं की समीक्षा की गई। जिनकी रैंक 20 से 74 के बीच है। समीक्षा में उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की रैंक 74 व श्रेणी डीआइ ओ.डी.ओ.पी. टूल किट योजना में डी श्रेणी व ओ.डी.ओ.पी. वित्त पोषण योजना में 53 रैंक आई। श्रम विभाग की कन्या विवाह सहायता योजना की रैंक 73 व श्रेणी डी आई। खराब प्रदर्शन पर सभी अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को नोटिस देने के निर्देश। पर्यटन विभाग की रैंकिंग 54 व श्रेणी बी आई, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की भवन निर्माण में रैंक 50 आई। नियोजन विभाग की फैमली आई.डी. में 58 रैंक व सी श्रेणी आई। ग्राम्य विकास विभाग की डे एन आर एल एम की रैंक 69 व श्रेणी डी आई व मनरेगा की 47 रैंक आई मनरेगा में खराब कार्य के लिये खंड विकास अधिकारी शमसाबाद को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। जलजीवन मिशन में 55 रैंक व श्रेणी सी आई। चिकित्सा विभाग की बायो मेडिकल उपकरण रखरखाव कार्यक्रम में 45 रैंक आई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, डी.एफ.ओ., अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सपा सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न पर सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरन के निर्देशानुसार 12 जून गुरुवार को 10 बजे भोलेपुर न्यू कालोनी में सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न होगी।

## आक्यूपेशनल थेरेपी के स्पेशलिस्ट न होने के कारण बुजुर्ग लगा रहे लोहिया के चक्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आक्यूपेशनल थेरेपी के लिए मरीज लोहिया अस्पताल के चक्कर लगा रहे है। जनपद में पिछले कई वर्षों से आक्यूपेशनल थेरेपी का पद रिक्त है। इस चिकित्सा पद्धति से बुजुर्गों को दैनिक क्रियायें एवं कार्य क्षमता वापस लाने में मदद मिलती है। रोगी का मूल्यांकन करने के बाद आक्यूपेश्पनल थेरेपिस्ट व्यायाम सिखाता है।

कई बार बुजुर्गों के अलावा दैनिक गतिविधियों में अन्य लोगों को लाभ दिलाया जा सकता है। लोहिया अस्पताल में बुजुर्गों को आक्यूपेशनल थेरेपिस्ट उपलब्ध कराने की कई बार मांग की गई है। यह पद रिक्त होने के कारण बुजुर्ग कानपुर, लखनऊ, आगरा, दिल्ली तक जाकर अपना इलाज करा रहे है । मानसिक एवं शारीरिक रुप से पीड़ित मरीजों के लिए यह समाजिक अन्याय है। हर महीने लगभग 100 से 200 मरीज मानसिक या न्यूरोलॉजिकल समस्या से पीड़ित होकर अस्पताल आते है। उन्हें आधे घंटे से ज्यादा थेरेपी की जरुरत है। लोहिया अस्पताल में यह पद 2017 से रिक्त चल रहा है। जिस कारण बुजुर्ग रोगी दैनिक जीवन में स्वतंत्रता वापस पाने के लिए इस इलाज से वंचित है।

**2017 से रिक्त चल रहा है पद**

बाहर के शहरों में इलाज के रुख करना पड़ता है। जबकि चिकित्साधीक्षक डॉ. अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि जनपद में आक्यूपेशनल थेरेपिस्ट की तैनाती के लिए पत्राचार किया जा चुका है। जो आक्यूपेशनल थेरेपी के स्पेशलिस्ट होते है उन्हीं को तैनात किया जाता है। रोगियों को दैनिक जीवन में गतिविधि जैसे चलना, नहाना, खाना आदि के लिए सक्षम बनाने के लिए आक्यूपेशनल थेरेपी की जरुरत होती है। बुजुर्ग व दिव्यांगों को थेरेपी विशेष रुप से कारगर मानी गयी है।

## डीएन कालेज में इग्नू की परीक्षा 12 जून से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं 12 जून से प्रारम्भ हो रही हैं। परीक्षा के 10 केन्द्र बनाये गये हैं। जिन पर 32 जिलों के परीक्षार्थी परीक्षा देगें। क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के द्वारा बेवसाइड को डाउनलोड भी किया जा सकता है। प्रवेश पत्र पर उनका परीक्षा कार्यक्रम दिया गया है। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षाथी प्रवेश पत्र तथा परिचय-पत्र साथ में लायें। परीक्षार्थी अपने साथ पेनड्राइव व अन्य अनुचित सामग्री न लाये।


डॉ. विनोद तिवारी

डॉ. विनोद कुमार तिवारी समन्वयक इग्नू अध्ययन केन्द्र-2729 डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ ने इग्नू की प्रवेश, काउन्सलिंग पद्धति तथा अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध कार्यक्रमों के बारे में बताया। इग्नू में जुलाई के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारम्भ हो चुके हैं। इग्नू की बीए/बीकॉम/बीएससी कार्यक्रमों में प्रवेश होने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश फार्म इग्नू की वेबसाईट पर ऑन लाइन माध्यम से भरना है। इग्नू में योग जलवायु परिवर्तन पर्यटन फारसी भाषा, जापानी भाषा, जर्मन भाषा, स्पेनिश भाषा एवं संस्कृति कोरियाई भाषा एवं संस्कृति फैसन डिजाइन, आदिवासी अध्ययन, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, बीआर अम्बेडकर के जीवन एवं विस्तार में प्रमाण-पत्र एवं वस्तु एवं सेवा कर (जी0एस0टी0) में जागरूकता कार्यक्रम, ज्योतिष शास्त्र जैसे कार्यक्रम भी उपलब्ध है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत जब विद्यार्थी 02 डिग्री कोर्स एक साथ कर सकते हैं। इनमें से एक फेस-टू-फेस किसी महाविद्यालय के संस्थागत विद्यार्थी को रूप में मोड में तथा दूसरा इग्नू की दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अथवा दोनों कोर्स इग्नू के माध्यम से हो सकते है। इस प्रकार पूर्ण किये गये दोनों कोर्स वैद्य हैं। प्रवेश की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है।

### एसडीएम से की लौना गांव में खेल मैदान बनाने की मांग

जालौन (उरई)। गांव में खेल का मैदान न होने से खेल प्रतिभाएं दम तोड़ रहीं हैं। खेल के मैदान की मांग को लेकर खिलाड़ियों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ग्राम लौना में खेल का मैदान का निर्माण कराने की मांग की है। विकास खंड के ग्राम लौना में युवाओं के लिए खेल के मैदान को विकसित किया गया था। खेल के लिए बने मैदान में युवा अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निखारने का काम करते थे। खेल के मैदान में पानी की टंकी व स्कूल के भवन का निर्माण करा दिया गया है। खेल के मैदान टंकी व स्कूल का निर्माण होने के बाद युवाओं को खेल गतिविधियों को करने में दिक्कत हो रही है।

## महिला अधिवक्ता के साथ मारपीट में मुकदमा दर्ज

- डॉक्टरी कराने के लिए कई दिन से लगा रही चक्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट के दौरान घायल हुई गर्भवती महिला अधिवक्ता डाक्टरी परीक्षण कराने के लिए कई दिन से अस्पताल के चक्कर लगा रही है। पीड़िता ने हमारे संवाददाता को बताया कि उसे लिंजीगंज सिविल अस्पताल से लोहिया और लोहिया अस्पताल से लिंजीगंज दौड़ाया जा रहा है, लेकिन तीन दिन बीत गये है उसका डाक्टरी परीक्षण नहीं हुआ है। काफी प्रयास के बाद बुधवार को फिर लोहिया अस्पताल की बात कहकर टकरा दिया। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

पीड़िता के पति वेदकांनत पुत्र मलिखान निवासी निवासी सींगनपुर थाना मऊदरवाजा ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि वह अपने मूल निवास जिला फतेहपुर शादी समारोह में शामिल होने 7 जून को गया था। घर पत्नी सीता व पुत्र वीर अकेले थे। प्रार्थी की पत्नी सरकारी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल है। 07 जून को कचहरी में अपनी रिमाण्ड ड्यूटी पूरी कर समय लगभग शाम के 5:30 बजे घर पहुँची तो गांव की किरन पत्नी रविन्द्र सिंह पुत्र शिववरन सिंह ने मेरी पत्नी को मां-बहन की गन्दी गन्दी गालियां दीं व जान से मारने की धमकी दी और कहा कि बहुत बड़ी वकील बनती है। आज तेरी सारी वकालत निकाल देंगे। जब उन्हें रोकना चाहां तो सभी एक राय होकर हमलावर हो गये और पत्नी को घर के अन्दर घुसकर मारपीट करने लगे। रविन्द्र के हाथ में डंडा था। जब मेरी पत्नी जमीन पर गिर गयी तो वहीं सामने खड़े सुरेन्द्र पुत्र शिववरन ने पीछे करके दोनों हाथ मजबूती से पकड़ लिये ताकि वह अपने को बचा न सकें और किरन व रविन्द्र दोनों लोग पीटते रहे।

इस दौरान मेरी पत्नी के कपड़े फाड़ कर अर्धनग्न अवस्था में कर दिया। उसके कान से सुई धागा सोने के व गले में पड़ा सोने का ओम लोकेट तोड़ कर छीन लिया। शोरगुल सुनकर अन्य लोग आ गये जिन्होंने बचाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पीड़िता ने बताया कि अभी तक हमारी डाक्टरी परीक्षण नहीं करायी गई।

## शिक्षकों की समस्या को लेकर मुख्य सचिव बेसिक से मिले प्रदेश अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, लखनऊ समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को पत्र के माध्यम से अवगत कराया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने बताया कि शिक्षकों के अंतर जनपदीय स्थानांतरण में 15 जनपद विकल्प के निर्देश को निरस्त कर सभी जनपदों का विकल्प दिए जाने का अनुरोध किया गया है। जिसमें फर्रुखाबाद के शिक्षकों का अन्तरजनपदीय स्थानांतरण का


मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा से मुलाकात करते सुशील पाण्डेय

विकल्प दिया जाये। उन्होंने बताया कि अत्याधिक गर्मी पड़ने की वजह से विद्यालय संचालन तिथि की बढ़ाए जाने की मांग की गई है। वहीं सुशील पाण्डेय ने सचिव बेसिक शिक्षा परिषद से मुलाकात कर इन्हीं समस्याओं से अवगत कराया गया।

जनपद में भी शिक्षकों के स्थानांतरण की समस्या बनी हुई है। जिसे शीघ्र पूरा किया जाये।

## एनसीसी शिविर में रोजगार व हेल्थ के प्रति किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कैडेट्स को हेल्थ हाइजीन तथा एनसीसी में रोजगार के अवसर करियर काउंसलिंग की जानकारियां दी गई।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर तथा कैंप कमांडेंट कर्नल एएस मलिक के दिशा निर्देशन में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 33 के तीसरे दिन कैंप में सभी एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग की प्रैक्टिस कराई गई। आरआरसी तथा सिखलाई संग्रहालय में भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण से संबंधित कैंप कमांडेंट द्वारा एक प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया जाएगा। गेस्ट लेक्चर के लिए हेल्थ तथा हाइजीन एवं करियर काउंसलिंग के लिए कैंप ट्रेनिंग अफसर तथा मीडिया मैनेजर लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा डॉ0 नवनीत गुप्ता तथा जिला सेवायोजन अधिकारी अमित तिवारी को आमंत्रित किया गया। डॉ. नवनीत गुप्ता चिकित्सा अधिकारी सिविल चिकित्सालय ने सभी एनसीसी कैडेट्स को हेल्थ एवं हाइजीन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हीट वेव्स व लू से बचने के लिए पूरी बाजू वाले सूती कपड़े पहने चाहिए। शरीर को ढककर रखें एवं थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहे। निर्जलीकरण को रोकने के लिए नमक चीनी का घोल या ओआरएस लेते रहे।


कैडेट्सों को जानकारी देते सेवायोजन अधिकारी

इससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहेगा एवं आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट संतुलित रहेंगे। गरिष्ठ खाद्य पदार्थ एवं पूड़ी पराठा खाने से बचें। खुला खाना एवम स्ट्रीट फास्ट फूड से हाथों में संक्रमण हो सकता है, फलस्वरुप डायरिया की डिसेंट्री हो सकती है। हाथों के फ्रेंडली बैक्टीरिया के लिए दही एवं मट्ठा लाभदायक होता है। जहां लेटते हैं, वहां पर साफ -सफाई रखें तथा नियमित स्नान करते रहना चाहिए। जिला सेवायोजन अधिकारी अमित तिवारी द्वारा एनसीसी में रोजगार के अवसर के बारे में सभी एनसीसी कैडेट्स को बताया गया कि एनसीसी सी सर्टिफिकेट होल्डर के लिए एनसीसी में बहुत फायदे हैं। सी सर्टिफिकेट होल्डर की फोर्स में अधिकारी पद हेतु स्पेशल एंट्री के जरिये एसाल में दो बार भर्ती की जाती है। जिसमें आईएमए देहरादून में आर्मी विंग की 13 से 15 अधिकारी रैंक की पद सुरक्षित रहते हैं, जबकि नेवल विंग में 5 से 8 पद अधिकारियों के लिए रिजर्व रहते हैं।

ओटीए चेन्नई में नॉन टेक्निकल में 50 शीटें अधिकारियों के लिए आर्मी विंग में रिजर्व हैं। एएफए हैदराबाद में अधिकारियों के लिए 10 प्रतिशत शीटें रिजर्व रहती हैं। जबकि अग्नि वीर में सी सर्टिफिकेट होल्डर का रिटन टेस्ट जी डी में माफ होता है। इस अवसर पर मेजर संदीप माधव, लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट सिल्की मिश्रा, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, थर्ड अफसर संतोष शुक्ला, थर्ड अफसर नरेंद्र कुमार, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुद्रा योजना से महिलाओं को मिला 14.72 लाख करोड़ का ऋण : राज्यमंत्री

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़।**

▸ केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर राज्यमंत्री ने गिनायी उपलब्धियां, कहा- भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ ने पत्रकार वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां गिनायी।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय किया है। मोदी सरकार ने जनकल्याण और आम नागरिकों के जीवन को आसान करने के साथ ही देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित किया, अर्थव्यवस्था मजबूत किया और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचाया।

कहा कि भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर यह साबित कर दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाया भी करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निर्णायक नीति, सुरक्षा बलों की सशक्त कार्रवाई और विकास की डबल रणनीति के कारण अब नक्सल प्रभावित जिला घटकर गिनती के रह गए हैं। नक्सल घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आ गई है। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। देश का वस्तु और सेवा निर्यात 825 अरब डॉलर तक पहुंचा है। मध्यम वर्ग के जीवन को आसान बनाना और अवसरों को भरपूर करना भाजपा सरकार का प्रथम दिन से लक्ष्य रहा है।

इस प्रतिबद्धता का परिणाम नई कर व्यवस्था के तहत 12.75 लाख तक की आय पर टैक्स छूट है। मोदी सरकार में 99 गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं, देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है। रेलवे बजट को 9 गुना बढ़ाया गया, 136 वंदे भारत ट्रेनें चल रही है। 103 अमृत भारत स्टेशन पुनर्निर्मित किए गए हैं। मोदी सरकार का संकल्प हवाई सफर को देश के आम नागरिक के लिए किफायती बनाना है।

उड़ान योजना के तहत न सिर्फ हवाई अड्डों की संख्या 160 तक दोगुनी हुई, बल्कि आम आदमी के लिए हवाई सफर संभव हुआ है। देश के अन्नदाता ही भारत की ताकत हैं। 2025-26 में कृषि बजट को रिकॉर्ड 5 गुना बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ दिए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक 1.75 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है। तीन तलाक खत्म किया गया। मातृत्व अवकाश 26 सप्ताह किया गया। 10 करोड़ से अधिक महिलाएं 90 लाख स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं और 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया। मुद्रा योजना के तहत 35.38 करोड़ महिलाओं को 14.72 लाख करोड़ का ऋण दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के तहत 3.98 करोड़ गर्भवती और स्तनपान करवाने वाली माताओं के लिए 18,593 करोड़ रुपए वितरित किए गए। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, जिला प्रभारी अनिल सिंह, घोरावल विधायक अनिल कुमार मौर्या, अध्यक्ष नगर पालिका राबर्ट्सगंज रुबी प्रसाद, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, ब्रिजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## खेल मैदान की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



खेल मैदान की मांग को लकर प्रदर्शन करते खिलाड़ी

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़।**

डाला नगर पंचायत क्षेत्र में खेल मैदान की व्यवस्था कराने की मांग को लेकर बुधवार को खिलाड़ियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

खिलाड़ियों ने बताया कि नगर पंचायत डाला क्षेत्र में खेल मैदान की व्यवस्था न होने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह व शाम टहलने निकलने वाले बुजुर्गों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मांग की कि नपं डाला क्षेत्र में खेल मैदान की व्यवस्था करायी जाएं। इस मौके पर विनय, अनमोल, विकास, सकील, रोहित, अशफाक, सूरज, प्रेम कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नगर पंचायत बृजमनगंज में नहीं चला विकास का रथ

▸ भारत माता चौक वार्ड में टूटी सड़कें, नगर पंचायत बृजमनगंज के विकास का खोल रहीं पोल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत बृजमनगंज के भारत माता चौक वार्ड में नहीं चला विकास का डंडा जिससे नगर पंचायत की टूटी नालियां व सड़कें विकास का पोल खोल रही है वार्ड में अधिकांश सड़कें खड़ंजे और इंटरलॉकिंग थी, वह टूटकर गड्ढों में बदल गई है। बारिश के मौसम में आवागमन दूभर हो जाता है। बिजली व्यवस्था भी दयनीय है। पोल न होने के कारण कई घरों में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। बांस-बल्लियों के सहारे बिजली की केबल लटकी हुई हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। पेयजल की स्थिति भी चिंताजनक है। इंडिया मार्का हैंडपंप या तो खराब हैं या दूषित पानी दे रहे हैं। स्वच्छता का भी अभाव है। वार्ड में शौचालय नहीं हैं और गंदगी का अंबार लगा रहता है। नालियां कचरे से भरी हुई हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ भी लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। पात्र होने के बावजूद कई लोग वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हैं। स्थानीय निवासी जाहिद अली के अनुसार, नगर निकाय बनने के बाद उम्मीदें थीं, लेकिन स्थिति और खराब हो गई है। अधिशासी अधिकारी सुरभि मिश्रा ने आश्वासन दिया है कि वे स्थल का निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान करेंगी।

### रात में साढ़े आठ बजे के बाद आवागमन बना चुनौती

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** सदर बस स्टेशन में रात 8-30 बजे के बाद सभी सरकारी और निजी बस सेवाएं बंद हो जाती हैं। यात्रियों को बस स्टेशन, रैन बसेरा या होटलों में रात बिताना उनकी हो गई मजबूरी। निगम और अनुबंधित बसों की संख्या पिछले दो वर्षों में 42 से बढ़कर 65 हो गई है। महराजगंज मुख्यालय में रेलवे सुविधा नहीं है। यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए 30 किलोमीटर दूर फरेंदा जाना पड़ता है। शाम 6 बजे के बाद फरेंदा के लिए कोई बस उपलब्ध नहीं है। गोरखपुर, सिसवा बाजार और अन्य कस्बों की दूरी 30 से 60 किलोमीटर है। आपात स्थिति में गोरखपुर जाने वाले यात्री परेशान होते हैं। सरकारी विभागों के कर्मचारियों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विकास भवन, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य विभागों के कर्मचारियों को देर शाम ड्यूटी खत्म होने पर रुकना पड़ता है। व्यापारी नेता पशुपतिनाथ गुप्ता ने कहा कि महराजगंज को जिला बने 35 साल हो गए हैं। रात 8 बजे के बाद गोरखपुर, सिसवा, फरेंदा या ढूठीबारी के लिए कोई बस सेवा नहीं है। जिला मुख्यालय पर रेलवे की सुविधा भी नहीं है। कर्मचारी शिवाकांत पांडे ने बस सेवाओं का समय रात 9:00 बजे तक बढ़ाने का सुझाव दिया है। एआरएम सर्वजीत वर्मा ने यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रात 9:00 बजे तक बस सेवा बढ़ाने की योजना बनाने का आश्वासन दिया है।

### दिव्यांग चिन्हांकन शिविर में 82 दिव्यांग चिन्हित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद के विकास खण्ड संग्रामपुर परिसर में आयोजित दिव्यांग चिन्हांकन शिविर में 82 दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन किया गया। जिसमें ट्राईसाइकिल के 29, बैसाखी के 16, मानसिक मंदित किट हेतु 3, व्हील चेयर के 5, स्मार्ट केन के 3, कान की मशीन के 5, पेंशन के 7, यूडीआईडी कार्ड के 14 दिव्यांगजनों को चिन्हित किया गया। उक्त चिन्हांकन शिविर में खंड विकास अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, चिकित्सक, एडीओ समाज कल्याण सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कर्मचारी एवं विकास खण्ड के कर्मचारी मौजूद रहे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि विकास खण्ड के विभिन्न गांव से आए दिव्यांगजनो आयोजित ने शिविर में अपना चिन्हांकन कराने के साथ ही अन्य योजनाओं का लाभ लिया।

### दबिश में पकड़ी गई 26ली. अवैध कच्ची शराब

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम - धनापुर, अमेठी , मऊ अतवारा व खानापुर चपरा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र-गौरीगंज में थाना- गौरीगंज के अंतर्गत ग्राम- धनापुर से कुल 26लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 300कि.ग्रा लहन मौके पर नस्ट किया गया। इस कार्यवाही में 2अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। उक्त कार्यवाही में प्रभारी आबकारी निरीक्षक सतीश चंद्र दीक्षित व आबकारी स्टॉफ में सर्वेश वर्मा, पुष्पेंद्र कुमार व प्रीति पाल महिला आबकारी सिपाही सम्मलित रहे।

### सर्प दंस से महिला हुई अचेत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा उपचार

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया पहड़ी निवासी अधेड़ महिला को मंगलवार शाम 6 बजे के करीब पुआल निकलते समय दाहिने हाथ की उंगली में पुआल में पहले से छुप कर बैठे सर्प ने डस लिया। महिला का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर चल रहा है। थाना क्षेत्र के हलिया पहड़ी निवासी 55 वर्षीय सोहागी पत्नी नान्हक शाम 6 के करीब पशुओं के लिए घर के सामने रखें पुआल को निकालने लगी। उसी दौरान पहले से पुआल में छुप कर बैठे सर्प ने अधेड़ महिला के दाहिने हाथ की उंगली में डस लिया। महिला ने इसकी जानकारी परिजनों को दिया परिजनों ने महिला को आनंन फानंन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए। जहां पर मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा महिला का उपचार करते हुए महिला को एतिआत के तौर पर भर्ती कर लिया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि महिला की स्थिति सामान्य है।

### पारिवारिक कलह से झुब्ध व्यक्ति ने की आत्महत्या

**कछवां (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** बाड़ापुर गांव निवासी 60 वर्षीय ध्रुव सिंह पुत्र स्वर्गीय बिपिन बिहारी सिंह सुबह आठ बजे कुंए में कूद कर आत्महत्या कर ली। मंगलवार से ही ध्रुव सिंह सेउ नके पत्नी और लड़कों में आपस में कई बार कहासुनी हुई। आसपास के लोगों ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन बुधवार को भी किसी बात को लेकर परिवार में झगड़ा हुआ। इससे क्षुब्ध लगभग आठ बजे ध्रुव सिंह घर से लगभग 200 मीटर सिवान के कुंए में जाकर कूद गए। आसपास घास छिल रही महिलाओं ने ध्रुव सिंह को कुएं में छलांग लगाते देख शोर मचाया। महिलाओं की आवाज पर घर और गांव के लोग दौड़कर पहुंचे और रस्सी के सहारे किसी तरह से बाहर निकाला गया। परिजन कछवा क्रिश्चियन अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया, लेकिन वाराणसी जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र के लिखित प्रार्थना पत्र के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### रंजिश में लगाई मड़हे में आग, मड़हा जल हुआ राख

**जिगना (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के गैपुरा चौकी अंतर्गत बलापुर गाँव में बुधवार की सुबह रंजिशन लगाई गई आग में बस्ती के मध्य भेड़-बकरी बांधने वाले छह मड़हे जलकर राख में तब्दील हो गए। यह संयोग ही था कि करीब सौ की संख्या में भेड़-बकरी सीवान में चरने चली गई थी अन्यथा भारी नुकसान उठाना पड़ता। समरसिबल पंप चलाकर ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। गाँव निवासी झल्लू पाल ने घर से कुछ ही दूरी पर बस्ती के बीच में मड़हा लगाकर भेड़-बकरी पाल रखा है। सुबह आठ बजे वह भेड़-बकरी के साथ सीवान की ओर चला गया था। फिर भी दो मड़हे में दो बकरी के बच्चे जल मरे। आग लगी की घटना में दो साइकिल, पांच कुंतल अनाज जल गया। आग बुझाने के चक्कर में भैय्या लाल पाल की 20 वर्षीया बेटी झुलस गई। साथ ही अमरूद व केला के पेड़ जल गए। मड़हा मालिक ने बताया कि एक पड़ोसी ने रंजिशन आग लगा दिया। उसे कुछ लोगों ने देखा भी है। चौकी प्रभारी आनंद शंकर सिंह ने बताया कि आग फैलती तो कई घर लपटों में घिर सकते थे। आग बुझा दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मड़हा मालिक को मलाल इस बात का है कि तपिश के इस मौसम में

## भाजपा सरकार की अमृत योजना फेल, अमृत सरोवर भी सूखे



▸ सपा ने प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को चेताया

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृत सरोवर भरने, अमृत पेयजल योजना का पाईप ठीक करने, हर घर नल को क्रियान्वित करने व सूखे तालाबों को जलमग्न करने आदि मांगों को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सूखें तालाबों, सूखे हैण्डपम्प, सूखे नलों के पास खड़े होकर बाल्टी व सुराही के साथ बसुही, खजुरी, हलिया, छानबे आदि जगह जगह प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार को चेताने का काम किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा भाजपा सरकार की हर योजना फेल है। अमृत सरोवर तालाब सूख गये है। हैण्डपम्प में पानी नही आ रहा है। नलों की भी यही हाल है। अधिकांश हैण्डपम्पों की मरम्मत की आवश्यकता है। जिले का प्रशासन इस पर ध्यान नही दिया तो आमजनता के अलावा पशु पक्षी भी बेहाल हो गये है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि सरकार की महात्वाकांक्षी योजना अमृत योजना फेल है। जगह जगह पाईप लाईन टूटी पड़ी है। सरकार को दिन में भी नींद आ रही है। कहा कि जल्द से जल्द तालाबों को भरा जाये। जगह जगह हुये प्रदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष सोकिम अहमद, मुकुन्द यादव, आफ्ताब आलम, सेवालाल, महाजन मुसहर, सुब्बालाल, लालता, अवधराज, श्यामकली, राजकुमारी, श्यामलाल, धीरज, दिलीप शर्मा, संग्राम बिन्द, रामा देवी, जानकी देवी, संतोष शर्मा, जुम्मन खान, राकेश यादव, कासिम अली, अमरेश पटेल, बबलू आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

## भूमि विवाद में चटकी लाठियां दंपति समेत चार घायल



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** चोपन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पईका में मंगलवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी। मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तीन लोगों की गिरफ्तारी किया है। जानकारी के अनुसार पईका गांव में भूमि विवाद को लेकर श्याम लाल धोबी पुत्र स्व रामप्रसाद धोबी, विजय उम्र 29 वर्ष पुत्र श्याम लाल समेत परिवार की महिलाओं पर हमलावरों ने लाठी-डंडा से हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि पिटाई के दौरान हमलावरों की सभी को जान से मारकर फेंक देने की भी धमकी दी है। मारपीट की इस घटना में विजय कुमार का सर फटने के साथ ही उसके शरीर पर गंभीर चोटें आयीं है। श्याम लाल व सरिता देवी का हाथ फैक्चर हुआ है। सोनाली पत्नी विजय कुमार को भी गंभीर चोटें आयीं है। सभी घायलों को पुलिस ने उपचार के लिए चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। उधर मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर लिया है। एक आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान देवीराम पुत्र स्व रामानुज, प्रदीप मिश्रा पुत्र स्व रामानुज व हरिशंकर पुत्र चौरासी राम निवासीगण पईका के रूप में की गयी है।

## व्यापारियों का हित सपा सरकार में सुरक्षित

▸ मिर्जापुर में व्यापारियों का संकल्प - 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनाएंगे, बैठक में दिखाई एकजुटता




**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी व्यापार सभा की बैठक में व्यापारी हित को लेकर संकल्प लिया गया। पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में आयोजित बैठक में कहा गया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम को शिथिल करना, चुंगी, तहबाजारी, इंस्पेक्टर राज को समाप्त करना, व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की शुरुआत सपा सरकार में की गई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गणेश केशरी ने कहा कि व्यापारियों के सहयोग से 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर व्यापार एवं व्यापारी हित में फिर बड़े निर्णय लिए जायेंगे। कहा कि सरकारी विभागों द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न एवं दोहन के खिलाफ व्यापारियों के हित के लिए जरूरत पड़ी तो वह सड़क पर उतरेंगे। प्रदेश सचिव विकाश केशरी ने कहा व्यापारियों के सहयोग से 2027 में सपा सरकार आने पर व्यापारी आयोग का गठन, जटिल जीएसटी का सरलीकरण, व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना की राशि 10 लाख से 20 लाख रुपए, ऑनलाइन मार्केटिंग से बर्बाद हो रहे रेहड़ी, पटरी, फुटकर, छोटे, मझौले दुकानदारों की बेहतरी के लिए प्रभावी उपाय किए जाएंगे। व्यापारियों का हित सिर्फ सपा सरकार में ही सुरक्षित है। बैठक में रूपेश कसेरा, रोहित त्रिपाठी, सियाराम जैसल, विजय यादव, अरशद अली, शिव कुमार यादव, उपेन्द्र सिंह, मनोज चौहान, धनन्जय यादव, सिद्धान्त, प्यारे लाल, रविन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

### सपा सरकार की योजनाओं की आमजन को दें जानकारी



**सोनभद्र।** सपा जिला कार्यालय पर बुधवार को आयोजित समाजवादी मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक को बतौर मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी से जुड़े सभी नौजवान साथी गांव-गांव जाकर एक-एक मतदाताओं से मिलकर सपा सरकार में चलायी गयी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। इस दौरान मतदाताओं की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण भी कराया जाएं। कहा कि भाजपा सरकार में नौजवानों का शोषण चरम पर है। नौजवानों का यदि किसी पार्टी में सम्मान है तो वह समाजवादी पार्टी है। क्योंकि जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव थे तो उन्होंने नौजवानों को आगे बढ़ने का काम किया था। यूथ के जिलाध्यक्ष सत्यम पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार में ब्राह्मणों का अपमान सबसे ज्यादा हो रहा है। इस मौके पर अनिल प्रधान, त्रिपुरारी गोड़, गुलाम यासीन, सरदार पारब्रह्म सिंह, सुशील राय आदि मौजूद रहे।

## हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से बकरी व महिला की हुई दर्दनाक मौत, एक महिला घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के औरा गांव में मंगलवार की रात्रि में हाईटेंशन का तार टूटकर गिरने से बकरी चपेट में आने से बकरी की चिल्लाने पर मौके पर पहुँची महिला चपेट में आ गई। जिससे महिला और बकरी की दर्दनाक मौत हो गई महिला के शोर मचाने पर पहुंची महिला की सास करंट की चपेट में आकर घायल हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजन ने महिला को करंट से बचाते हुए उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला के सास को उपचार के लिए भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। मृत महिला के परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने रिपोर्ट तैयार किया है। थाना क्षेत्र के औरा गांव निवासी विश्वनाथ कोल के परिवार के लोग आंगन में परिजनों के साथ सो रहे थे की रात्रि में अचानक हाईटेंशन का तार टूटकर बकरी के ऊपर गिरने से बकरी करंट की चपेट में आ गई। बकरी के चिल्लाने पर मौके पर बकरी को बचाने के लिए पहुंची अखिलेश कोल की 40 वर्षीय पत्नी संजू करंट की चपेट में आ गई जिससे संजू और बकरी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। संजू की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंची संजू की सास 55 वर्षीय कमलवती करंट की चपेट में आ गई। कमालवती की चीखने पर मौके पर पहुँचे परिजनों ने करंट से बचाते हुए संजू और कमलावती को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने संजू को मृत घोषित कर दिया जबकि कमलावती को उपचार के लिए भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। हालत सामान्य है। महिला के परिजनों की सूचना पर पहुँचे चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय हेड कांस्टेबल योगेंद्र यादव व महिला कांस्टेबल ममता नायक ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पर पहुँचे लेखपाल राघू वीरेंद्र ने रिपोर्ट बनाकर भेज़ दिया है यथा सम्भव मदद दिलाया जा सके। महिला के परिजनों में कोहराम मच गया है मृत महिला को दो पुत्री व एक पुत्र है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से बकरी व महिला की दर्दनाक मौत हो गई है महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डीएम ने फरेंदा तहसील का किया औचक निरीक्षण



▸ की जनसुनवाई व्यवस्था की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**फरेंदा महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिला अधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने आज बुधवार को फरेंदा तहसील का आकस्मिक निरीक्षण किया। सूत्रों की माने तो यह निरीक्षण एक गंभीर घटना के बाद किया गया है ।बीते दिन तहसील परिसर में एक व्यक्ति ने न्याय न मिलने के कारण अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया था। डीएम ने जनसुनवाई रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने जनसुनवाई की व्यवस्था और शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसुनवाई के प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए साथ ही साथ तहसील के विभिन्न कार्यालयों का गहनता से जांच पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी फरेंदा प्रतिक्षा त्रिपाठी, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, सीओ दी पशिखा वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## नौ दिवसीय राम कथा के उपलक्ष में निकाली गई कलश यात्रा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को नगर पालिका जायस के अति प्राचीन हनुमान मंदिर के 50 वर्ष पूरे होने पर हनुमान मंदिर कमेटी की तरफ से नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया है। जिसके उपलक्ष्य में सुबह 9:00 बजे प्रथम दिवस पर हनुमान मंदिर से हनुमान दल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा में हजारों महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया, रोज शाम 7:00 बजे से हनुमान दल नगर पालिका जायस नसीराबाद रोड में राम कथा की होगी। जिसमे ब्लॉक बहादुरपुर विधानसभा प्रधान प्रदीप कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, नगर पालिका जायस की चेयरमैन मनीषा चौहान भी कलश यात्रा में शामिल हुए। इस शानदार आयोजन के लिए आयोजक दल में संजय कुमार मित्तल जी, राजकुमार निर्मल जी, राम कुमार कौशल उर्फ पप्पू लोहा, विजय अग्रवाल, मनीष केडिया, केदारनाथ सोनी सहित समस्त कमेटी के लोग शामिल रहे।

## सोनौली हाईवे चौड़ीकरण में अवैध खनन का खुलासा

पीएनसी कंपनी ने 11 फीट गहराई से निकाली 4391 घनमीटर मिट्टी, एसडीएम की जांच में हुई पुष्टि

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण में बड़ा घोटाला सामने आया है। नौतनवा के सूर्यपुरा टोला सेमरा में पीएनसी कंपनी द्वारा किए गए अवैध खनन की पुष्टि एसडीएम की जांच में हुई है। एसडीएम नवीन प्रसाद के अनुसार, तहसीलदार कर्ण सिंह की जांच में पाया गया कि पीएनसी कंपनी ने दो स्थानों पर अवैध खनन किया है। कंपनी ने नदी की भूमि से 11 फीट की गहराई तक खुदाई कर 4391 घनमीटर मिट्टी निकाली। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ने जिलाधिकारी से एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है। यह कार्रवाई क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा शासन को भेजे गए शिकायती पत्र के बाद की गई। जांच रिपोर्ट से पीएनसी कंपनी की मुश्किलें बढ़ने की संभावना है। अब सभी की नजरें शासन की ओर से की जाने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 143वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**वाल्मीकिनगर-कुशीनगर, समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 143 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत राज जिमरी नौतनवां के मुखिया खूबलाल बड़घडिया, विशिष्ट अतिथि निर्माता एचेल थारू, सम्मानित अतिथि सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी, फाइटर जयदेव कुमार, सशस्त्र सीमा बल के त्रिदेव प्रसाद, गायक शिवचंद्र शर्मा, स्वास्थ्यकर्मी कुमारी संगीता, गायक बालकृष्ण प्रसाद, कीर्तनकार चंदू खतइत, अभिनेता सोनू चौधरी एवं कामेश्वर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि खूबलाल ने कहा कि अब यह महा आरती इस स्थल की पहचान बनती जा रही है। अब तक इस मंच द्वारा हजारों पौधों का वितरण किया जा चुका है। विशिष्ट अतिथि एचेल थारू ने कहा कि नारायणी नदी का इतिहास अति प्राचीन है। फाइटर जयदेव कुमार ने कहा कि लड़के लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए मैं जूडो कराटे की ट्रेनिंग देता हूं, मेरे ऐसे लोगों के लिए महा आरती एक बड़ा प्लेटफार्म साबित हो रहा है। यूट्यूबर सोनू चौधरी ने कहा कि संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जन जागरूकता फैलाई जा रही है। पंडित रामेश्वर तिवारी ने कहा कि सत्यनारायण भगवान की कथा से सांसारिक दुखों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इनके अतिरिक्त सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी, गोविंदा, प्रियंका, सौरभ ने अपने मत व्यक्त किए। इस दौरान संस्था द्वारा बेंगलुरु, औरंगाबाद, वाल्मीकि नगर आदि शहरों में दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर हिरिमती देवी, लेखक हरिद्वार प्रसाद, शिव शिष्या प्रियंका सौरभ, ममता देवी, राम कुमारी देवी, मधु देवी, राजन कुमार, मुरारी कुमार, मनोरमा देवी, लक्ष्मीना देवी, रूणती देवी ,सुनैना देवी, आभा देवी, सुनीता देवी, बेलासी देवी, बबीता देवी, पूनम देवी, मुकेश कुमार एवं धमाका फिल्म के निर्माता अरविंद अकेला की भूमिका सराहनीय रही। पंडित रामेश्वर तिवारी ने कथा पूजा हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की।

Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A.,B.Com.,M.Com.,M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org